## एक नजर

### महानिदेशक प्रशिक्षण बनीं डॉ.सुषमा सिंह

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग में महानिदेशक प्रशिक्षण डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल को स्थायी रूप से महानिदेशक परिवार कल्याण बना दिया गया है, अभी तक परिवार कल्याण विभाग अतिरिक्त कार्यभार के रूप में संभाल रहे थे। उक्त निर्देश स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार द्वारा जारी कर दिया गया है। साथ ही दूसरे आदेश में उनके स्थान पर निदेशक सीएचसी डॉ.सुषमा सिंह को महानिदेशक प्रशिक्षण नियुक्त किया गया है। डॉ.नरेन्द्र अग्रवाल इसी माह सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

### संपत्ति विभाग लेगा चार माह के बकाया किराए पर ब्याज

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य संपत्ति विभाग ने अपने अधीन भवनों में रह रहे लोगों को आगाह किया है कि लगातार चार माह तक किराया न वालों से बकाए धन में ब्याज भी जोड़ा जाएगा। राज्य संपत्ति अधिकारी पवन कुमार गंगवार ने जारी शासनादेश में सभी अमर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव व विभागाध्यक्षों को नए प्रावधान के बारे में विस्तार से जानकारी दी है। कहा है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। बकाए किराए पर लगने वाला ब्याज भारतीय स्टेट बैंक की प्रचलित ब्याज दर के अनुसार होगा।

### मलेरिया : पिछले वर्ष का रिकार्ड टूटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में मलेरिया का प्रभाव लगातार जारी है। लगातार बढ़ रही है रोगियों की संख्या ने पिछले साल के रिकार्ड को काफी पीछे छोड़ दिया है, अब तक साढ़े 12 हजार मलेरिया रोगी मिल चुके हैं, जबकि पिछले साल इस समय तक रोगियों की संख्या 11 हजार थी। हालांकि डेंगू मामले में पिछले साल जैसी भयावह स्थिति नहीं है, अभी तक करीब जांच हजार रोगी मिल चुके हैं, रोजाना 225 से 230 मरीजों के मिलना जारी है। पिछले साल अबतक डेंगू रोगियों की संख्या साढ़े 14 हजार पार हो चुकी थी।

### स्वामीनारायण मंदिर छपिया का होगा सौन्दर्यीकरण

**अमृत विचार, लखनऊ :** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि गोण्डा स्थित स्वामीनारायण मंदिर छपिया को पर्यटन विभाग द्वारा 22.19 करोड़ रूपये से सौन्दर्यीकरण व विकास किया जाएगा। इसके लिए पहली किस्त आठ करोड़ रूपये की जारी कर दी गयी है। पर्यटनमंत्री ने बताया कि स्वीकृत बजट में बस शेल्टर का विकास, मुख्य गेट व अन्य कई गेट का विकास, फसाड लाइटिंग के अलावा अन्य पर्यटक सुविधाएं विकसित की जाएंगी।

# ज्ञान, विज्ञान और तकनीक भारत के डीएनए में : मुख्यमंत्री

## एमपीआईटी प्रथम बैच के विद्यार्थियों से योगी ने किया संवाद, कहा- संघर्षों से राह बनाएं युवा तो सफलता कदम चूमेगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ज्ञान, विज्ञान और तकनीक भारत के डीएनए में है। अपार संभावनाओं से परिपूर्ण युवाओं की तरफ पूरी दुनिया नई उम्मीद से देख रही है। निश्चित ही आने वाला समय भारत है। युवा संघर्षों से अपनी राह बनाएं, सफलता कदम चूमेगी।

वे गुरुवार को गोरखपुर में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की तरफ से संचालित महाराणा प्रताप इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमपीआईटी) के प्रथम बैच के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के साथ संवाद कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में ज्ञान, विज्ञान और श्रम की त्रिवेणी अनवरत प्रवाहित है। परंपरा, परिश्रम और प्रगति हमारी प्रवृत्ति का हिस्सा है। यही प्रवृत्ति हमें दुनिया में सबसे विशिष्ट बनाती है।

उन्होंने कहा कि ऐसी तकनीकी पर ध्यान देना चाहिए जो जीवन को सरल और सहज बनाए, समस्याओं का समाधान करे। ऐसी तकनीकी पर फोकस करने की आवश्यकता है जो प्रकृति के साथ समन्वय बनाकर विकास को नई ऊंचाई पर ले जाए।



गोरखनाथ मंदिर में महानिशा की पूजा और हवन करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### मुख्यमंत्री ने दी बधाई, शुरू की महानिशा पूजा

गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु गोरखनाथ की तपस्थली गोरक्षपीठ में शारदीय नवरात्र में अनवरत तीन दिन अनुष्ठान की शुरूआत अष्टमी की शाम गोरक्षपीठ के पारंपरिक निशा पूजा और हवन से की। इसके पहले महाअष्टमी एवं महानवमी के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इसके पहले गुरुवार पूर्वाह्न देवीपाटन शक्तिपीठ से गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद अपने गुरुदेव ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधिस्थल पर जाकर शीश नवाया। देर शाम वह महानिशा पूजा में सम्मिलित हुए। शुक्रवार पूर्वाह्न नवमी तिथि के मान में कन्या पूजन तथा शनिवार को दशमी तिथि पर श्रीनाथ जी के विशिष्ट पूजन और गोरक्षपीठ से निकलने वाले परंपरागत विजयादशमी शोभायात्रा तक सीएम योगी गोरक्षभूमि पर शक्ति की भक्ति में रत रहेंगे।

# रायबरेली समेत चार जिलों के सीएमओ बदले

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** रायबरेली समेत राज्य के चार जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) बदल गए हैं।

गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग के सचिव रंजन कुमार द्वारा जारी आदेश में राजधानी स्थित डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में बतौर रेडियोलॉजिस्ट कार्यरत डॉ.नवीन चंद्रा को रायबरेली का सीएमओ बनाया गया है। यहां के सीएमओ रहे डॉ. वीरेन्द्र सिंह को उनकी जगह सिविल अस्पताल में बतौर वरिष्ठ परामर्शदाता नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा संयुक्त निदेशक ग्रेड केमानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ.सुनील पाण्डेय को गाजीपुर का सीएमओ बनाया गया है और गाजीपुर के निर्वतमान सीएमओ डॉ. देश दीपक पाल को बाराबंकी के जिला चिकित्सालय का वरिष्ठ परामर्शदाता बनाया गया है। कन्नौज में डॉ.स्वदेश गुप्ता, महाराजगंज में डॉ.श्रीकांत शुक्ल को सीएमओ नियुक्त किया गया है। इस प्रकार प्रदेश में संयुक्त निदेशक ग्रेड के आठ अधिकारियों का स्थानान्तरण किया गया है।

**▸▸ राजधानी के सिविल अस्पताल के रेडियोलॉजिस्ट डॉ.नवीन चंद्रा रायबरेली के सीएमओ बने**

# उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा स्मार्ट प्रीपेड मीटर का कोई खर्च

## तीन किलोवाट के कनेक्शन पर ही मिलेगी थ्री-फेज कनेक्शन की सुविधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य विद्युत नियामक आयोग ने स्पष्ट किया है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर का खर्च उपभोक्ताओं पर नहीं डाला जाएगा। इसके साथ ही, ऊर्जा निगमों के कर्मियों पर शत-शत मीटर लगाने का निर्देश दिया गया है।

आयोग ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि थ्री फेस कनेक्शन के लिए अब उपभोक्ताओं को पांच किलोवाट का कनेक्शन नहीं लेना पड़ेगा, बल्कि तीन किलोवाट के कनेक्शन पर ही यह सुविधा दी जाएगी। इस वर्ष बिजली दरों का निर्धारण 10.67 प्रतिशत लाइन हानियों के आधार पर किया गया है। नई दरों के प्रस्ताव में बिजली कंपनियों ने लगभग 11,203 करोड़ का 'गैप' दिखाया था, जिसे आयोग ने खारिज कर दिया है। बिजली कंपनियों की ओर से दाखिल वार्षिक राजस्व आवश्यकता प्रस्ताव में लगभग एक लाख 1784 करोड़ दिखाया गया था, इसमें भारी कटौती की गई है। कंपनियों पर इस साल भी उपभोक्ताओं का 1944 करोड़ रुपये 'सरप्लस' निकला है।

### मौजूदा कनेक्शन से चार्ज हो सकेंगे इलेक्ट्रिक वाहन

आयोग के फैसले के तहत अब किसी भी श्रेणी के उपभोक्ता अपने मौजूदा कनेक्शन से ही इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्ज कर सकेंगे। आयोग ने सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों की ईवी टैरिफ दरें राज्य सड़क परिवहन ईवी चार्जिंग स्टेशनों पर भी लागू करने की अनुमति दे दी है। पर मल्टी-स्टोरी इमारतों और कॉलोनियों में सिंगल पॉइंट कनेक्शन धारकों के जरिये ओवरचार्जिंग पर सख्ती कर दी गई है। शिकायतों को ध्यान में रखते हुए आयोग ने बिलिंग जानकारी के खुलासे के लिए नए प्रक्रियात्मक प्रावधान बनाए हैं। निर्देशों का पालन न करने पर सिंगल पॉइंट फ्रेंचाइजी पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### उपभोक्ताओं को बिल वितरण ईमेल व व्हाट्सएप पर

आयोग ने बिजली कंपनियों की ओर से उपभोक्ताओं को बिल वितरण ई-मेल, व्हाट्सअप व अन्य डिजिटल माध्यम से भेज सकेंगे। आयोग के निर्देश के तहत उपभोक्ताओं को पूरी बिलिंग जानकारी देने व बिल को अधिकृत प्रतिनिधि से हस्ताक्षरित किया गया होना चाहिए।

### ज्यादा भार मिलने पर अगले वर्ष बढ़ाया जाएगा लोड

बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर ज्यादा बिजली भार पाए जाने पर अगले वित्तीय वर्ष विभाग की ओर से भार बढ़ाया जाएगा। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने नई बिजली दरों में यह प्रावधान किया है। नए प्रावधान के तहत बिजली की अधिकतम मांग में वृद्धि के मामले में जहां रिकार्ड की गई अधिकतम मांग एक वित्तीय वर्ष के दौरान कम से कम तीन बार स्वीकृत भार सीमा से अधिक हो गई हो, उनमें से सबसे कम मांग पर उपभोक्ता को आधार बताते हुए अगले वित्तीय वर्ष से बिजली भार बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। आयोग के फैसले के तहत सिंगल प्वाइंट कनेक्शन पर स्थानीय निवासियों के बिजली उपभोग करने व निवासियों के जरिये बिलिंग का खुलासा न करने पर दंडित किया जाएगा।

### हरित ऊर्जा दर में की गई कमी

**लखनऊ :** नियामक आयोग ने हरित ऊर्जा (ग्रीन टैरिफ) को घटाते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 के 0.44 रुपए प्रति यूनिट से घटाकर 0.36 रुपए प्रति यूनिट कर दिया है। इससे हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा।यह उपभोक्ताओं के लिए सस्ती साबित होगी। आईटी व आईटीईएस उद्योगों के लिए औद्योगिक श्रेणी के प्रयोग के संबंध में राज्य सरकार को नीतिगत निर्णय लेने का प्रावधान किया गया है। यानी आईटी क्षेत्र को उद्योग का दर्जा मिल जाने से इन्हें औद्योगिक दर पर बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।

**ट्रांसमिशन की दरों में 12 प्रतिशत की कमी :** आयोग ने पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन की दरों में 12 प्रतिशत की कमी करते हुए इन्हें 26 पैसे से घटाकर 23 पैसे कर दिया गया है। ग्रिड का संचालन करने वाली बिजली कंपनी यूपीएसएलडीसी का पहली बार 536 प्रति मेगावाट प्रति माह का वार्षिक राजस्व आवश्यता प्रस्ताव अनुमोदित किया गया है। आयोग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए पांचों वितरण निगमों में 1,47,901.52 मिलियन यूनिट की बिजली खरीद व 1,01,783.45 करोड़ की समेकित वार्षिक राजस्व आवश्यकता के दावे के समकक्ष आयोग ने 1,47,904.69 मिलियन यूनिट व 96,225.02 करोड़ अनुमोदित किए हैं। आयोग ने 13.09 प्रतिशत लाइन हानि को अनुमोदन किया है।

### बिजली दरें न बढ़ने पर ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने प्रदेश में बिजली दरें न बढ़ाये जाने पर प्रदेश के उपभोक्ताओं को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि राज्य में लगातार पांचवें वर्ष सभी श्रेणी के उपभोक्ताओं के लिए देय बिजली की टैरिफ दरें अपरिवर्तित रहेंगी। इतना ही नहीं अन्य अनेक लाभ अनेक प्रकार के उपभोक्ताओं को दिये जाएंगे। क्षेत्रीय रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) पर मेट्रो रेल सेवाओं के समान दरें लागू होंगी।

# टीन शेड लगा कर विचारधारा को नहीं रोक सकती सरकार : अखिलेश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** सपा प्रमुख अखिलेश यादव गुरुवार की देर रात गोमतीनगर स्थित जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर (जेपीएनआईसी) पहुंचे और मीडिया से बातचीत कर सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि टीन शेड लगाकर सरकार विचारधारा को रोक नहीं सकती ।

समाजवादी विचारधारा के प्रतीक लोकनायक जय प्रकाश नारायण की 11 अक्टूबर (शुक्रवार) को जयंती है। पिछले साल सपा प्रमुख आठ फुट गेट को फांदकर माल्यार्पण करने पहुंचे थे। इस बार भी माल्यार्पण करने का कार्यक्रम निर्धारित किया गया, पर जेपीएनआईसी को टीन शेड से घेरे जाने की खबर पाकर देर रात सपा प्रमुख पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वहां पहुंच गए। उन्होंने मजूदरों से बातचीत कर दीवार पर समाजवादी पार्टी लिखने का कहा। बाद में मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि ये टीन शेड लगाकर सरकार कुछ तो छिपाना चाह रही है। कहीं ऐसा तो नहीं कि बेचने की तैयारी है। उन्होंने सवाल किया कि सरकार इसे किसे देना चाहती है। इसके पहले सपा प्रमुख ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर जेपीएनआईसी के मेन गेट पर लगाई जा रही टीन शेड का वीडियो शेयर करते हुए कहा कि किसी को नमन करने या श्रद्धांजलि देने से रोकना सभ्य लोगों की निशानी नहीं है।



गोमतीनगर स्थित जयप्रकाश नारायण इंटरनेशनल सेंटर पहुंचे अखिलेश यादव मीडिया से बात करते हुए।

**▸▸ देर रात जेपीएनआईसी पहुंचे सपा प्रमुख**

## पारिवारिक लाभ योजना : पोर्टल बनने के बाद घट गई आवेदनों की संख्या

**अमृत विचार, लखनऊ :** समाज कल्याण विभाग की पारिवारिक लाभ योजना का पोर्टल बनने और आधार कार्ड की अनिवार्यता होने के बाद आवेदनों की संख्या घट गई है।

पोर्टल बनने से हर महीने 12000 से 12,500 आवेदन आते थे। ऑफलाइन आवेदनों में गड़बड़ी मिलने पर पोर्टल बनाया गया। अब ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जा रहे हैं। साथ ही आधार कार्ड भी अनिवार्य कर दिया गया है। लाभार्थी को अब मुखिया की मृत्यु के बाद 45 दिनों के अंदर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन का निस्तारण भी 45 दिनों के भीतर किया जा रहा है। पोर्टल बनने के बाद प्रतिमाह 4500 से 5000 आवेदन आ रहे हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि अगस्त और सितंबर माह में आवेदनों की संख्या गत वर्ष की तुलना में काफी कम है।

## मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण व प्रोत्साहन योजना को 15 अरब का ऋण

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री औद्योगिक क्षेत्र विस्तारीकरण व प्रोत्साहन योजना के तहत शासन ने 1500 करोड़ रुपये ब्याजमुक्त ऋण की स्वीकृति दी है। इस वित्तीय वर्ष में 5000 करोड़ के सापेक्ष अभी 1000 करोड़ रुपये मिलना शेष है।

शासन से जारी आदेश में कहा गया है कि अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त की अध्यक्षता वाली समिति ने 1500 करोड़ रुपये ब्याजमुक्त ऋण यूपीसीडा के माध्यम से उप्र एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को स्वीकृत किए जाने का निर्णय लिया गया है। इसे मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीसीडा की ओर तय शर्तों एवं प्रतिबंधों के तहत निर्गत की जाएगी।

## केंद्र से कर हस्तांतरण में उप्र. को सर्वाधिक 31962 करोड़ मिले

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्र सरकार ने गुरुवार को राज्यों को 1,78,173 करोड़ रुपये का कर हस्तांतरण (टैक्स डिवाल्यूशन) दिया है। इसमें सर्वाधिक राशि 31,962 करोड़ उत्तर प्रदेश को जारी की गई है। इसे लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि यह धनराशि त्योहारों से पहले राज्यों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में सहायक होगी। योगी ने अपने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा कि यह अग्रिम धनराशि त्योहारों के मौसम की तैयारियों को काफी बढ़ावा और राज्य भर में विकास व कल्याण की पहल को गति देगी। हम सभी मिलकर समृद्ध उत्तर प्रदेश का निर्माण कर रहे हैं।

### महिला कल्याण की योजनाओं का सतत पर्यवेक्षण जरूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने आयोग के पदाधिकारियों को जिलों में महिला सम्बन्धी योजनाओं का सतत पर्यवेक्षण व अनुश्रवण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारियों से मिशन शक्ति अभियान के पांचवें चरण का क्रियान्वयन सुचारू रूप से कराने का भी निर्देश दिया। अपने निर्देश में उन्होंने कहा कि आयोग की सम्बन्धित जिले की पदाधिकारी को भी आमंत्रित कर कार्यक्रम का संचालन कराया जाए, जिससे प्रदेश की महिलाओं-बालिकाओं को शासन की विभिन्न विभागों के माध्यम से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने बताया कि प्रदेश में महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन के लिए शारदीय नवरात्र के पर्व पर 'मिशन शक्ति' के विशेष अभियान शुरू करने के लिए मुख्य सचिव ने सभी विभागों को निर्देश दिए हैं, इसका अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए।



राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता

**कवायद** पहला आयोजन होने पर प्रस्तावित से कम राशि स्वीकृत

# कुंभ समिट को मिला 25.11 लाख का बजट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** महाकुंभ 2025 की तैयारी को लेकर सरकार माहौल बनाने में जुटी हुई है। शासन से प्रत्येक समिट का खर्च करीब 45 लाख रुपये प्रस्तावित है। हालांकि सरकार ने लखनऊ में संपन्न हुए पहले समिट के लिए शासन ने 25.11 लाख रुपये का बजट स्वीकृत कर दिया है।

इस राशि से कलाकारों का मानदेय, मार्ग व्यय, मंच निर्माण, लाइट एवं साउंड व्यवस्था, साज-सज्जाव प्रचार-प्रसार के लिए भुगतान किया जाएगा। प्रस्तावित 44.96 लाख से शेष धनराशि वित्त नियंत्रक के परीक्षणोपरांत कलाकारों के आवास एवं भोजन, स्थानीय यातायात, कुंभ अभिनंदन रथ, गायत्री परिवार के प्रतिभागियों के लिए जलपान, अंगवस्त्र, मोमेंटो, वीडियोग्राफी, लाइफ स्ट्रीमिंग, बहुरूपिया क्राफ्ट, बैक स्टेज, अभिलेखीकरण के लिए बाद में दी जाएगी।

### आज से झांसी में समिट, 14 दिसंबर को प्रयागराज में समापन

11-12 अक्टूबर को झांसी, 14-15 अक्टूबर को वाराणसी, 17-18 अक्टूबर को चित्रकूट में कुंभ समिट के बाद कानपुर, अयोध्या, मेरठ, अलीगढ़, आगरा, गोरखपुर, आजमगढ़, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, मीरजापुर, देवीपाटन, बस्ती मंडल में भी समिट का आयोजन किया जाएगा। इसके अंतर्गत रोड-शो, बाल-युवा कुंभ, शक्ति कुंभ, कला-संस्कृति कुंभ, कवि कुंभ, तथा भक्ति कुंभ जैसे कार्यक्रम होने हैं। इसके लिए संस्कृति विभाग ने 12,600 लोक कलाकारों का पंजीकरण किया है।

**▸▸ 18 मंडल मुख्यालयों पर होना है आयोजन, प्रत्येक में खर्च होंगे करीब 45 लाख रुपये**




डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।




मलिहाबाद से विधायिका श्रीमती जयदेवी कौशल हवन-पूजन कर साईं बाबा की अनुकम्पा की पात्र बनती हुईं।

नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10, 9839163047 / 9956384848

## नवम सिद्धिदात्री



मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री हैं। ये सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। नवरात्र पूजन के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है। इस दिन शास्त्रीय विधि-विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। सृष्टि में कुछ भी उसके लिए अगम्य नहीं रह जाता है। देवी सिद्धिदात्री की पूजा से केतु का असर कम होता है।

बीज मंत्र- ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नम:।

**अमृत विचार** एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।

इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com
व्हाट्सएप
8112979390

## मौसम

हवाएं चलेंगी व बादल छाए रहने की संभावना है।

33.0° अधिकतम तापमान | 23.9° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज



- इकाना स्टेडियम में यूपी और पश्चिम बंगाल के बीच रणजी ट्रॉफी का मैच –9:30 बजे।
- मोहनलालगंज ब्लॉक के ग्राम कुढा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला व शिविर– 10:00 बजे।
- गोमती नगर स्थित पद्मश्री मो. शाहिद हॉकी स्टेडियम में ऑल इंडिया केडी सिंह बाबू हॉकी प्रतियोगिता के सेमीफाइनल– 2:00 बजे।
- सुशांत गोल्फ सिटी स्थित होटल सेंट्रम में सीनेप्स इंटरनेशनल आर्ट गैलरी और सेंट्रम के संयुक्त तत्वावधान में सोनिक सेरेनिटी कला प्रदर्शनी का उद्घाटन– 5:00 बजे।

# डेडलाइन पूरी होने के बाद भी नहीं भर पाए सड़कों के गड्ढे

**34** प्रतिशत सड़कों के गड्ढे अभी भरने हैं नगर निगम को | **373** में 350 किमी. सड़कें गड्ढामुक्त होने का दावा कर रहा लोनिवि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सरकार की डेडलाइन पूरी होने के बाद भी सड़कों के सभी गड्ढे अभी तक नहीं भर पाए हैं। शहर की खस्ताहाल सड़कों को 10 अक्टूबर से पहले सही कराने को लेकर मुख्यमंत्री ने विभागों को निर्देश दिए थे।

गुरुवार को समय सीमा समाप्त हो जाने के बाद भी नगर निगम लगभग 34 प्रतिशत सड़कों के पैचवर्क और गड्ढे भरने का काम नहीं करा पाया है। गोमती नगर का वीआईपी इलाका हो या राजेन्द्र नगर, कुंडरी रकाबगंज हो या फिर नादान महल रोड, व गोमतीनगर के विभूति खंड थाने के सामने की सड़कों पर अभी भी गड्ढे हैं। शास्त्रीनगर की ओर जाने वाले मार्ग पर तो पूरी सड़क की बजड़ी उखड़ चुकी है। कई जगह तो सड़कों का नामोनिशान तक मिट चुका है।

पुराने लखनऊ के क्षेत्रों में सबसे ज्यादा मंदिरों वाले इलाकों की सड़कें खस्ताहाल हैं। जिम्मेदारों की लापरवाही से नवरात्र और दशहरा के त्योहार पर भी जनता को गड्ढायुक्त मार्गों से राहत नहीं मिली।

अभी इन्हीं सड़कों के बीच आना-जाना पड़े रहा है। नगर निगम अधिकारियों का दावा है कि 310 में से लगभग 205 किलोमीटर की सड़कें गड्ढामुक्त की जा चुकी हैं। जल्द ही अन्य भी दुरुस्त कर दी जाएंगी।

वहीं, लोनिवि के दोनों खंडों के 373 में से 350 किमी. के मार्ग को गड्ढामुक्त किए जाने का विभागीय दावा है। इसके उलट हकीकत तस्वीरों में बयां हो रही है।



सुखवीर सिंघल मार्ग पर गड्ढा युक्त सड़क से निकलती कार। अमृत विचार



विभूति खण्ड के ओमेक्स हाइट टावर के समीप सड़क पर बड़ा गड्ढा। अमृत विचार

### नवीनीकरण में भी पिछड़ गया नगर निगम

नगर निगम ने कुल 664 किलोमीटर खराब सड़कें चिह्नित की थीं। इनमें 310 किलोमीटर सड़कों के गड्ढे भरे जाने थे। वहीं, 354 किलोमीटर सड़कों का नवीनीकरण कराया जाना था। नगर निगम सड़कों के नवीनीकरण में भी पिछड़ गया है। गुरुवार शाम तक लगभग 25 प्रतिशत सड़कों का ही नवीनीकरण करा पाया है। 5वें वित्त की धनराशि से सड़कें बनाने के लिए नगर निगम अब टेंडर करा रहा है।



चंदन हास्पिटल जाने वाली गड्ढायुक्त रोड से निकलता बाइक सवार। अमृत विचार



राजेन्द्र नगर में मलबे से भरा गया गड्ढा।

बारिश के कारण गड्ढे भरने और पैचवर्क के काम में देरी हुई है। लगभग 66 प्रतिशत सड़कों के गड्ढे भरे जा चुके हैं। जल्द ही शेष सड़कों के गड्ढे भर दिए जाएंगे। नवीनीकरण का कार्य भी कराया जा रहा है। सड़कें बनाने के टेंडर कराये जा रहे हैं।

–**महेश वर्मा**, मुख्य अभियंता, लखनऊ नगर निगम

### लोनिवि ने कहा, मात्र 23 किमी. बाकी

सरकार ने आगामी दिनों में शारदीय नवरात्र, दशहरा, दीपावली त्योहारों के दृष्टिगत प्रदेश की सड़कों को गड्ढामुक्त बनाने के लिए जारी विशेष अभियान 10 अक्टूबर तक पूरा करने के निर्देश दिए थे। लखनऊ के पॉश इलाके विभूतिखंड, गोमतीनगर, फैजाबाद रोड, शहीद पथ सर्विस लेन, राजेन्द्र नगर, नादान महल रोड, आलमबाग व पुराने लखनऊ में सड़कों पर अभी भी बड़े–बड़े गड्ढे साफ दिखाई पड़ रहे हैं। लोक निर्माण विभाग के दावे तस्वीरें देख खरे नहीं उतर रहे हैं।

### लोनिवि के जिम्मेदार बोले

लखनऊ प्रांतीय खंड के अधिशाषी अभियंता सत्येन्द्र नाथ ने बताया कि पूरे लखनऊ में 173 किमी. सड़कें गड्ढेयुक्त थीं, जिसमें से 170 किमी को गड्ढामुक्त कर दिया गया। प्रांतीय खंड की ओर से तेजी से कार्य किया जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर से निर्माण खंड सीडी –2 के अधिशाषी अभियंता अनूप मिश्र ने बताया कि 200 में से 180 किमी. सड़कों को गड्ढामुक्त कर दिया गया है। यानी कुल 373 किमी. मार्ग में से 23 किमी. मार्ग ही गड्ढामुक्त होने से शेष रह गया है।



विभूति खण्ड थाने के पास उखड़ी सड़क। अमृत विचार

## सड़क से लेकर सेतु निर्माण तक के प्रस्ताव देंगे विधायक

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिले में सड़क से लेकर सेतु निर्माण तक में अब विधायकों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। विधायक विधानसभा क्षेत्रवार सड़क, पुल आदि के निर्माण का प्रस्ताव देंगे और सर्वे के बाद उसको स्वीकृति के लिए शासन को भेजा जाएगा। विधायकों की ओर से दिए जाने वाले प्रस्ताव को 14 अक्टूबर को जिले के प्रभारी मंत्री के समक्ष रखा जाएगा। जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार की अध्यक्षता में लोक निर्माण विभाग में 17 विभिन्न योजनाओं के संबंध में बैठक हुई। इसमें नवीन सड़क निर्माण, मरम्मत, चौड़ीकरण, पुल निर्माण को अंतिम रूप देने के लिए विधायकों के साथ विचार विमर्श किया गया। विधायकों से शीघ्र प्रस्ताव देने के लिए कहा गया। मार्गों के चौड़ीकरण, पॉलिटेक्निक चौराहे से अयोध्या रोड पर किसान पथ तक एलीवेटेड रोड निर्माण और सेतुओं के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। बताया गया कि सेतु निगम ने पुराने पुल के पास नया पुल बनाने का प्रस्ताव शासन को भेज रखा है। जिलाधिकारी ने कहा कि लोक निर्माण विभाग से एक–एक अधिकारी विधायकों के साथ समन्वय बनाकर प्रस्ताव देंगे। बैठक में योगेश शुक्ला, जय देवी, नीरज बोरा, ओम प्रकाश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# खाली भूखंड और सड़क पर कूड़ा तो कटेगा चालान

कार्यालय संवाददात, लखनऊ

**अमृत विचार :** खाली भूखंड या घर के सामने कूड़ा डाला तो नगर निगम चालान काटेगा। नगर निगम दीपावली तक विशेष सफाई अभियान चलाएगा।

शहर में जगह-जगह गंदगी से नगर निगम की किरकिरी हो रही है।

**▶▶ 500 से 2,000 रुपये तक वसूल करेगा नगर निगम**

सुबह सफाई के बाद लोग सड़क या खाली प्लॉट में कूड़ा डाल देते हैं। इस पर निगरानी करने के लिए नगर निगम कंट्रोल रूम की मदद लेगा। जो लोग सार्वजनिक स्थलों या सड़क पर कूड़ा डालेंगे उन पर 500 से 2,000 रुपये तक जुर्माना वसूला जाएगा।

# दशहरा पर बढ़ गई रोडवेज की बसों में भीड़

कार्यालय संवाददात,लखनऊ

**अमृत विचार :** महानवमी और दशहरा की छुट्टी के चलते गुरुवार शाम को आलमबाग,कैसरबाग,अवध बस स्टेशनों से जाने वाली रोडवेज की बसों में जमकर मारामारी रही । ट्रेनें फुल होने से रोडवेज बसों में भारी भीड़ दिखी। दशहरा पर घर जाने के लिए अत्यधिक संख्या में यात्री रोडवेज बसों से रवाना हुए । देर शाम तक बस अड्डों पर यात्री की भीड़ रही जो रात तक अपने गंतव्यों को रवाना हुये। रोडवेज ने शत प्रतिशत बसों का संचालन कर रहा है। आलमबाग,कैसरबाग,अवध बस स्टेशनों से अधिक से अधिक बसें चलाई गईं, जिससे यात्रियों को आवागमन में परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े।

लखनऊ रोडवेज के आरएम आर के त्रिपाठी ने बताया कि दशहरा पर अतिरिक्त बसें सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि यह सेवाएं विशेष रूप से उन क्षेत्रों में उपलब्ध कराएं जिन क्षेत्रों में यात्रियों के आवागमन की संभावना अधिक रहती है। उन्होंने कहा कि दशहरा पर्व के पहले और उसकी समाप्ति के तुरंत बाद यात्रियों का आवागमन काफी बढ़ जाता है। ऐसे में यात्रियों को अधिक से अधिक परिवहन सुविधा प्रदान करने के लिए 10 से 15 अक्तूबर तक की अवधि में अधिक से अधिक बसों के संचालन करने के निर्देश दिए गए हैं। आनंद बिहार दिल्ली से विभिन्न स्थानों जैसे टनकपुर, रुपैडिहा एवं सोनौली के यात्रियों की अत्यधिक भीड़ रहती है,इसको लेकर भी विशेष बसों का इंतजाम किया गया है।

**▶▶ आलमबाग, अवध बस स्टेशन से चलाई जा रही हैं अतिरिक्त बसें**

## तीन दिन बंद रहेगा आरटीओ कार्यालय

**अमृत विचार, लखनऊ:** महानवमी, दशहरा, रविवार पड़ने के चलते संभागीय परिवहन कार्यालय ट्रांसपोर्टनगर और उपसंभागीय परिवहन कार्यालय में आज से तीन दिन तक अवकाश रहेगा। अब आरटीओ संबंधित सभी कार्य सोमवार से होंगे। एआरटीओ प्रशासन पी के सिंह ने बताया कि नवरात्र पर शुक्रवार को सार्वजनिक अवकाश के कारण आरटीओ कार्यालय बंद रहेगा।

**अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस** | कला, खेल, शिक्षा और तकनीकी शिक्षा में चमक रहीं राजधानी की बेटियां

# बेटियों की ऊंची उड़ान, छू रहीं सफलता का आसमान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हम किसी से कम नहीं, यह लखनऊ की बेटियां हैं जो देश-विदेश में कामयाबी के झंडे गाड़ रही हैं। खेलकूद हो या रंगमंच, गीत-संगीत हो या पुलिस और आर्मी जैसे कठिन क्षेत्र हर जगह बेटियां अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं।

आइए मिलते हैं राजधानी लखनऊ की कुछ ऐसी ही प्रतिभावान बेटियों से।



### ईशा-मीशा रतन

रतन सिस्टर्स यानि ईशा रतन और मीशा रतन। कथक नृत्य की दुनिया में रतन सिस्टर्स का नाम तेजी से उभरा है। कथक के गढ़ लखनऊ में ईशा–मीशा पर शुरू से ही इस नृत्य का ऐसा रंग चढ़ा कि वह गहरा ही होता गया। पं. अर्जुन मिश्र का मार्गदर्शन मिला तो कथक परवान चढ़ गया। प्रख्यात नृत्यांगना सुरभि सिंह ने खूब मेहनत से दोनों बहनों को सिखाया। कथक में पारंगत रतन सिस्टर्स अब नयी पौध तैयार करने में लगी हैं। दोनों ने देशभर में लखनऊ का नाम रोशन किया है। अगस्त में बेंगलुरु में हुई कथक नृत्य की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में ईशा–मीशा ने पहला स्थान हासिल कर पूरे देश का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित किया। रतन सिस्टर्स मुम्बई, दिल्ली, गुवाहाटी, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड आदि में होने वाले सभी बड़े समारोहों में अपनी नृत्य कला का शानदार प्रदर्शन कर चुकी हैं। ईशा–मीशा रतन जुड़वां बहनें हैं। दोनों एक साथ कथक नृत्य करती हैं, इसलिए लोगों के आकर्षण का केंद्र जल्दी बन जाती हैं।

### सासा कटियार



लखनऊ की यह बेटी साफ्ट बॉल टेनिस की प्लेयर है। 19 वें राष्ट्रीय खेल विजयवाड़ा में इसने स्वर्ण जीतकर देश–विदेश में लखनऊ और उत्तर प्रदेश का नाम रौशन कर दिया। इतना ही नहीं, आगामी एक से 7 नवंबर को इसी साल चीन में होने जा रहे चौथे विश्व जूनियर साफ्ट टेनिस में भी सासा भारत का प्रतिनिधत्व करने जा रही हैं।अब तक देश–विदेश में दर्जनों पुरस्कार प्राप्त कर चुकी सासा अपने अगले मैच के लिए इन दिनों दिनरात एक किए हुए है।

### आराध्या शुक्ला



आराध्या ने देशभर में प्रदेश का नाम रौशन किया है। लखनऊ की यह बेटी आईआईटी कानपुर में आयोजित उदघोष कार्यक्रम की फाइनल और अंतिम राउंड की एकमात्र विजेता है जो उत्तर प्रदेश से है। आईआईटी कानपुर ने आराध्या की असाधारण प्रतिभा का लोहा मानते हुए उसे प्रशस्ती पत्र और पुरस्कार से नवाजा है। आईआईटी ने यह भी कहा कि हमे आपकी प्रतिभा पर गर्व है और आपने देशभर के प्रतियोगियों में टॉप रैंक हासिल किया है।

### वैष्णवी मिश्रा



वैष्णवी ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की बीटेक बायोटेक्नोलॉजी की विलक्षण प्रतिभा वाली छात्रा हैं। यह आगे चलकर वैज्ञानिक बनना चाहती हैं। इसदिशा में दिनरात प्रयास कर रही है। अपने शोध का उपयोग मानवता की सेवा में करने का सपना देखती है। विज्ञान की असाधारण यह छात्रा पढ़ाई लिखाई के अलावा एनसीसी में भी खूब रुचि लेती है। वह कहती है कि मेरे आदर्श डॉ एपीजे अब्दुल कलाम है, उन्हीं के सपनों को साकार करुंगी।



### भाविनी बहुगुणा

लखनऊ विश्वविद्यालय की बीकॉम की छात्रा भाविनी बहुगुणा असाधारण प्रतिभाशाली है। इसने वर्ष 2021 में एनसीसी ज्वाईन किया। वर्ष 2023 में गणतंत्र दिवस परेड के लिए चुनी गई और सर्वश्रेष्ठ आरडीसी 2023 के लिए स्वर्ण पदक जीता। इतना ही नहीं, रुस के सेंट पीटसबर्ग में आयोजित यूथ एक्सजेंच प्रोग्राम के लिए चयनित की गई। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति से स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाली इस बेटी का सपना है कि वह आगे चलकर सेना में भर्ती होगी और देश की निगहबानी करेगी।

### कास्वी केसरवानी

कक्षा तीन में पढ़ने वाली यह बिटिया नृत्य और कला में पारंगत है। अपनी नृत्य कला में ही आगे जाना चाहती है। वरदान इंटरनेशनल की यह छात्रा लखनऊ में कथक नृत्य सीख रही है। किड्स इंडिया टैलेंट अवार्ड में इसने बाल श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ शास्त्रीय नृत्य का अवार्ड जीता तो स्कूल से लेकर घर और मुहल्ले तक लोग खुशी से झूम उठे। कास्वी की प्रधानाचार्य रिचा खन्ना कहती है कि बेहद विलक्षण प्रतिभा है और हम सबको यकीन है कि वह प्रदेश और देश का नाम रौशन करेगी।







यूपीसीडा
मेगा
ई-नीलामी
भूखंड पाने का सुनहरा अवसर
औद्योगिक तथा व्यावसायिक भूखंड

| | |
|---|---|
| 11.10.2024 10:00 AM | समस्त प्रपत्र डाउनलोड करने व पंजीकरण की आरंभ तिथि |
| 17.10.2024 06:00 PM | कैटलॉग फीस, प्रोसेसिंग फीस व ई.एम.डी. भुगतान करने की अंतिम तिथि |
| 18.10.2024 06:00 PM | समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि |
| 25.10.2024 10:00 AM to 01:00 PM | ऑनलाइन ई-नीलामी प्रारंभ |

नोट : पंजीकरण और अन्य विवरणों के लिए कृपया नीलामी पोर्टल– https://eauction.etender.sbi/SBI पर जायें।

व्यावसायिक भूखंड जनपद

बरेली (वेयर हाउस) | जालौन (होटल) | बाराबंकी (ग्रुप हाउसिंग)
प्रयागराज (होटल, मल्टीप्लेक्स व हॉस्पिटल) | मुरादाबाद (पेट्रोल पम्प)
ट्रान्स गंगा सिटी उन्नाव (क्लब, कम्यूनिटी सेन्टर, सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, हॉस्पिटल, मल्टी पर्पज हॉल (बारात घर/बैन्क्वेट हॉल), वर्किंग वूमेन हॉस्टल, ऑफिस/बीपीओ, पेट्रोल/सीएनजी फिलिंग स्टेशन, सेक्टर शॉपिंग)

औद्योगिक भूखंड जनपद


अमेठी, अमरोहा, बाँदा, हमीरपुर, मैनपुरी, उन्नाव

पंजीकरण एवं ई-नीलामी प्रक्रिया के संबंध में जानकारी के लिए –
हेल्पलाइन नंबर : 022-22811110 पर (सोमवार से शुक्रवार प्रातः 10:00 बजे से सायं 7:00 बजे तक प्रथम व तृतीय शनिवार सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक) संपर्क करें

UPSIDA उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (UPSIDA)
यूपीसीडा कॉम्प्लेक्स A1/4 लखनपुर, कानपुर-208024 : ईमेल: eauction@upsida.co.in

## एक नजर

### हादसे में घायल पत्र वितरक का निधन


शोमनाथ

अमृत विचार, लखनऊ: सड़क हादसे में घायल वृंदावन आवास विकास कॉलोनी सेक्टर-10 निवासी समाचार पत्र वितरक शोमनाथ का गुरुवार को निधन हो गया। एक माह पहले समाचार पत्र वितरण के दौरान डेंटल चौराहा रायबरेली रोड पर अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। हादसे में हाथ व पैर में फ्रैक्चर हो गया था और दिमागी चोट के कारण कोमा में चले गए थे। पीजीआई ट्रामा सेंटर में शोमनाथ का उपचार चल रहा था। परिवार में पत्नी, एक बेटा व दो बेटियां हैं। अंतिम संस्कार तेलीबाग शमशान घाट में किया गया, जहां वितरक समाज पहुंचा।

### जिला विद्यालयीय एथलेटिक्स 14 से

अमृत विचार, लखनऊ: राजकीय हुसैनाबाद विद्यालय की देखरेख में जनपदीय विद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता चौक स्टेडियम में 14, 15 और 16 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए इच्छुक विद्यालयों के छात्र-छात्राएं आवश्यक प्रपत्रों को पूर कर प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं।

### 250 लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

अमृत विचार, लखनऊ: सदस्यता अभियान के द्वितीय चरण में भाजपा के पदाधिकारी लगातार लोगों को पार्टी से जोड़ रहे हैं। गुरुवार को शिविर लगाकर भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने 250 लोगों को सदस्यता दिलाई। भाजपा नेता नीरज सिंह ने महानगर क्षेत्र में घर-घर जाकर लोगों को भाजपा की सदस्यता दिलाई। महापौर सुषमा खर्कवाल ने सरोजनीनगर में सदस्यता अभियान चलाया।

# सीटें 2.28 लाख, आवेदन 2.95 लाख

## डीएलएड में मेरिट के आधार पर डायट और 2900 निजी विद्यालयों में दिया जाएगा प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: डिप्लोमा इन एलिमेंट्री एजुकेशन (डीएलएड) में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 9 अक्टूबर को खत्म हो चुकी है। 2.95 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है, जबकि सीटें 2.28 लाख ही हैं।

अभ्यर्थी 10 अक्टूबर तक शुल्क जमा करके 12 अक्टूबर तक उसका प्रिंट ले सकते हैं। मेरिट के आधार पर अभ्यर्थियों को डायट और 2900 निजी विद्यालयों में प्रवेश दिया जाएगा। पीएनपी के सचिव अनिल भूषण चतुर्वेदी ने बताया कि डायट में प्रतिवर्ष प्रशिक्षण शुल्क 10,200 रुपये और निजी विद्यालयों में प्रशिक्षण शुल्क 41,000 रुपये है। 16 अक्टूबर को मेरिट जारी होगी और 17 से 30 अक्टूबर तक काउंसलिंग और विद्यालय का आवंटन होगा। 10 दिसंबर तक प्रवेश प्रक्रिया पूरी करके 12 दिसंबर से प्रशिक्षण शुरू कर दिया जाएगा।

### मामला कोर्ट में गया था

उल्लेखनीय है कि डीएलएड की अर्हता को लेकर मामला न्यायालय में चला गया था। डीएलएड की अर्हता इंटरमीडिएट हुआ करती थी लेकिन राज्य सरकार ने इसे स्नातक कर दिया था। राज्य सरकार के आदेश को हाईकोर्ट ने निरस्त करते हुए इसे इंटरमीडिएट ही बनाए रखने का आदेश दिया। सरकार के आदेश में दिव्यांग श्रेणी के लिए अर्हता इंटरमीडिएट ही रखी गई थी। जिसे कोर्ट ने भेदभाव मानते हुए सरकार के निर्देश को निरस्त कर दिया था।

### एकेटीयू में रिक्त सीटों के लिए स्पेशल राउंड काउंसलिंग

अमृत विचार, लखनऊ: डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सरकारी एवं सरकारी स्ववित्त पोषित संस्थानों में खाली सीटों पर स्पेशल राउंड की काउंसलिंग फिजिकल मोड में होगी। इसमें जेईई के तहत बीटेक एवं बीटेक बायोटेक्नोलॉजी और एग्रीकल्चर के लिए पंजीकरण 11 से 16 अक्टूबर तक होगी। फिजिकल रिपोर्टिंग 18 अक्टूबर को करनी है। सीट आवंटन भी इसी दिन होगा। सीयूईटी पीजी के तहत एमबीए, एमसीए और एमसीए लेटरल के लिए पंजीकरण भी 11 से 16 अक्टूबर तक होगी। जबकि फिजिकल रिपोर्टिंग एवं सीट आवंटन 22 अक्टूबर को होगा। इसके अलावा बीटेक बायोटेक्नोलॉजी, बीडेस, बीएचएमसीटी, बीफॉर्मेसी लेटरल, बीटेक लेटरल वाया सीयूईटी यूजी के लिए पंजीकरण 11 से 16 अक्टूबर एवं फिजिकल रिपोर्टिंग एवं सीट आवंटन 22 अक्टूबर को होगा। रिक्त सीटों का विवरण यूपीटीएसी की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

### लखनऊ विश्वविद्यालय में पीएचडी में प्रवेश शुरू

अमृत विचार, लखनऊ: 2024-25 सत्र के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के पीएचडी में प्रवेश आरंभ हो चुका है। लखनऊ यूनिवर्सिटी रजिस्ट्रेशन नंबर (लर्न) व ऑनलाइन प्रवेश फार्म उपलब्ध है। रेगुलर और पार्टटाईम पीएचडी में प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर पीएचडी कॉलम में आवेदन कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 5 नवंबर है।

## चार माह से लंबित पेंशन अगले सप्ताह खाते में आएगी

अमृत विचार, लखनऊ: कोविड से पीड़ित परिवारों की महिलाओं चार माह से पेंशन न मिलने से काफी परेशान हैं। महिलाओं ने जिलाधिकारी को आपबीती सुनाई और प्रपत्र दिखाए। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि अगले सप्ताह तक खाते में पेंशन की धनराशि आ जाएगी। गुरुवार को इंदिरा नगर निवासी मंगला देवी, राजाजीपुरम निवासी आरती देवी, कुर्मांचल नगर निवासी कमला सांगा, विकास नगर निवासी नीतू श्रीवास्तव, पारा निवासी अनीता अवस्थी, विजया द्विवेदी, काजल भरवारा आदि ने जिलाधिकारी से मुलाकात की। मानक नगर निवासी पूजा पाठक ने बताया कि उनके बच्चों को काफी लंबे समय से आर्थिक सहायता नहीं मिली है।


बच्चों को सम्मानित करते राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा। अमृत विचार

# रूफ टॉप गार्डनिंग के लिए दिया जाए प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सीएमएस में मेरा आंगन, मेरी हरियाली संगोष्ठी में शामिल हुए डॉ.दिनेश शर्मा

अमृत विचार: प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राज्यसभा सदस्य डा. दिनेश शर्मा ने मेरा आंगन, मेरी हरियाली विषय पर आयोजित संगोष्ठी में छात्रों को पर्यावरण को लेकर जागरूक किया। गोमती नगर स्थित सीएमएस स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में डॉ शर्मा ने कहा कि किचन वेस्ट से खाद बनाना व रूफ टॉप गार्डनिंग के लिए प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए। रसोई के बेकार खाद्य पदार्थ को जहरीली गैस में परिवर्तित नहीं करेंगे। खाद स्वयं बनाएंगे और अपनी छत या छज्जे पर पौधे लगाएंगे।

डॉ. शर्मा ने कहा कि उन्हें खुशी है कि लखनऊ नगर निगम कचरे से खाद बना रहा है। इसके विपरीत दिल्ली में कूड़े के पहाड़ से बनते जा रहे हैं, जिनका वहां के लोगों के स्वास्थ्य में विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।

उद्योगपति रतन टाटा को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि वह ऐसे उद्योगपति थे जो बच्चों को सबसे अधिक महत्व देते थे। पर्यावरणविद् सुधीर मिश्र जी, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त डॉ. एके राव, उद्यान अधीक्षक गंगाराम गौतम उपस्थित रहे।

# स्कॉलर प्लैनेट से स्मार्ट बनेंगे शिक्षक और विद्यार्थी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ जीसीएपी वर्ल्ड सॉफ्टेक के सहयोग से माध्यमिक स्कूलों के लिए लांच किया गया एप

अमृत विचार: माध्यमिक स्कूलों, शिक्षकों और विद्यार्थियों को स्मार्ट बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को स्कॉलर प्लैनेट एप लांच किया गया। गोमती नगर के बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने कहा कि इस एप से माध्यमिक शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। प्रत्येक सरकारी माध्यमिक विद्यालय में अटल टिंकरिंग लैब से विद्यार्थियों रोबोटिक्स और एआई की जानकारी दी जाएगी।

एप जीसीएपी वर्ल्ड सॉफ्टेक प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से जांच किया गया है। इसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जनरेटिव एआई, और डेटा विश्लेषण जैसी आधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया है। ऐप राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों से मेल खाता है। अब तक, लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली के 91 स्कूलों के 30,499 विद्यार्थी और 655 शिक्षक इस प्लेटफॉर्म से जुड़ चुके हैं। इन स्कूलों को 54 ऑनबोर्डिंग सत्रों और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से प्लेटफार्म का उपयोग करना सिखाया गया है। जिससे कि वे छात्रों की प्रगति को बेहतर ढंग से ट्रैक कर सकें और डिजिटल माध्यमों का कुशलतापूर्वक उपयोग कर सकें। कार्यक्रम में महानिदेशक कंचन वर्मा, जीसीएपी के सीईओ गौरी कुमार और रविंद्र सिंह उपस्थित रहे।

### बच्चों की तरह सीखेंगे रोबोट फिर मानेंगे आदेश

अमृत विचार, लखनऊ: डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में रोबोटिक्स तकनीकी पर आयोजित संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें रोबोटिक्स विशेषज्ञ और आईआईटी मंडी के निदेशक ने रोबोटिक्स के विभिन्न आयाम पर विस्तार से बताया। सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज व इनोवेशन हब की ओर से डेवलपमेंट ऑफ कॉगनिटिव रोबोटिक सिस्टम चैलेंज एंड फ्यूचर पर्सपेक्टिव्स विषय पर आयोजित संगोष्ठी प्रो लक्ष्मीधर बेहरा ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आ जाने से काफी परिवर्तन आने वाला है। रोबोट की दुनिया मनुष्यों की तरह कई कामों को अंजाम देगी। रोबोट इंसानों की तरह सुनने के अलावा उन्हीं की तरह काम भी कर रहे हैं। एडवांस रोबोटिक्स, उसके एप्लीकेशन, उद्योगों में रोबोटिक्स की उपयोगिता के अलावा कॉग्नेटिव लर्निंग, इमिटेशनल लर्निंग के बारे में भी जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जिस तरह से बच्चे बड़ों से सीखतें हैं उसी तरह से रोबोट भी सीखेंगे। उन्होंने रोबोटिक्स तकनीकी की चुनौतियों को भी इंगित किया। कुलपति प्रो जेपी पाण्डेय ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। संचालन एसोसिएशन डीन इनोवेशन डॉ अनुज कुमार शर्मा और धन्यवाद इनोवेशन हब के हेड महीप सिंह ने दिया।

# तथ्य छिपाकर दाखिल की याचिका, 50 हजार हर्जाना

विधि संवाददाता, लखनऊ



अमृत विचार: इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने जरूरी तथ्य को छिपाकर रिट याचिका दाखिल करके कोर्ट का बहुमूल्य समय खराब करने को गंभीरता से लेते हुए याचीगणों पर 50 हजार रुपये का हर्जाना लगाया है। कोर्ट ने कहा कि यह राशि 8 सप्ताह के अंदर जिला विधिक सहायता सेवा अधिकरण लखनऊ में जमा की जाये।

यह आदेश न्यायाधीश जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने केशव प्रसाद व अन्य की ओर से दाखिल रिट याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। सुनवाई के बाद कोर्ट ने पाया कि याचीगणों ने पहले भी समान प्रकरण में याचिकाएं दाखिल की थी, किंतु उनका जिक्र वर्तमान याचिका में नहीं किया गया। कोर्ट ने पाया कि याचीगणों ने वर्तमान याचिका में मांग की थी कि चकबंदी कमिश्नर को आदेश दिया जाए कि वह सुल्तानपुर के लंभुआ तहसील के गांव सरैया में चल रही चकबंदी के कागजातों को मंगाकर उनकी जांच करते हुए कार्यवाही करें। कोर्ट ने पाया कि पहले ही चकबंदी कमिश्नर ने यह कार्यवाही की थी और पाया था कि कुछ याचिकाकर्ताओं के खिलाफ सार्वजनिक उपयोगिता की जमीन पर कब्जा करने का प्रयास करने के कारण उन पर कार्यवाही भी की गयी थी।

## अरब सागर से बना निम्न दबाव का क्षेत्र, बदला मौसम

अमृत विचार, लखनऊ: अरब सागर से निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण मौसम अचानक बदल गया। दिनभर बादल छाए रहे और अधिकतम तापमान सामान्य से कम रहा। साथ ही न्यूनतम तापमान भी गिरा है। गुरुवार की सुबह धूप खिली थी। मगर दोपहर में बादलों ने आसमान में डेरा डाल दिया। बादल छाने के कारण हल्की धुंध रही। बुधवार को अधिकतम तापमान 34.5 और न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस था। न्यूनतम तापमान सामान्य से 3.1 डिग्री सेल्सियस अधिक था। गुरुवार को अधिकतम तापमान 33.0 और न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान सामान्य से .9 डिग्री सेल्सियस कम रहा, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से 2.5 डिग्री अधिक रहा। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. दानिश ने बताया कि अरब सागर में निम्न दबाव का क्षेत्र बनने के कारण नमी अधिक आ रही है। जिससे बादल छाए हुए हैं। अगले तीन दिन तक मौसम ऐसा ही रहने की संभावना है। उन्होंने बताया कि बारिश होने की संभावना नहीं है। पश्चिम दिशा से हवाएं चल रही हैं।

## समाधान दिवस अब अगले शुक्रवार को

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: जीआईएस समाधान दिवस का आयोजन शुक्रवार को नहीं बल्कि अगले शुक्रवार को होगा।

नगर निगम ने किसी कारण वश 11 अक्टूबर को होने वाले समाधान दिवस को रद कर दिया है। जीआईएस सर्वे में बढ़े हुए गृहकर के निस्तारण के लिए प्रत्येक शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय में त्रिलोकनाथ हॉल में जीआईएस समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। जिसमें भवन स्वामी बढ़े हुए गृहकर का निस्तारण करवाने के लिए आपत्तियां दर्ज कर सकते हैं।


## कार्यालय : खण्ड शिक्षा अधिकारी, विकास खण्ड-शुकुल बाजार जनपद-अमेठी

पत्रांक: विज्ञप्ति/245-52/2024-2025 दिनांक:- 10-10-2024

**पुनर्विज्ञप्ति/निविदा सूचना**

कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के पत्रांक : एस0एस0ए0/ निर्माण/925/ 2024-25 दिनॉक 16.08.2024 के क्रम में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड शुकुल बाजार के अंतर्गत परिषदीय प्राथमिक विद्यालय में अवस्थित निम्नलिखित जर्जर भवनों की नीलामी/ध्वस्तीकरण हेतु मूल्यांकन समिति द्वारा निर्धारित न्यूनतम मूल्य/सर्वोच्च बोली गयी धनराशि पर जर्जर भवनों की नीलामी की जानी है। जिनकी विद्यालयवार न्यूनतम धनराशि निम्नवत है:-

| क्र0सं0 | विद्यालय का नाम | न्यूनतम मूल्यांकन धनराशि (रू.) |
|---|---|---|
| 1 | स्वयबर शुक्ल | 31436.00 |
| 2 | दक्खिनगांव क्यार- I | 31692.00 |
| 3 | दक्खिनगांव क्यार- II | 32999.00 |
| 4 | पूरे शुक्लन | 56102.00 |
| 5 | रसूलपुर | 56169.00 |

नीलामी में प्रतिभाग के इच्छुक व्यक्ति विद्यालयों को नीलामी तिथि से पूर्व भौतिक रूप से स्थलीय निरीक्षण कर ले तथा विद्यालय की न्यूनतम मूल्यांकित धनराशि की 10 प्रतिशत धनराशि डी.डी. प्रतिभूति के रूप में सम्बन्धित विद्यालय की विद्यालय प्रबन्ध समिति के नाम से अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा कर आवेदन पत्र नियम शर्तो सहित प्राप्त कर सकते है। नीलामी हेतु आवेदन पत्र दिनांक 24.10.2024 को सांय 05:00 बजे तक स्वीकार किये जायेगें। नीलामी हेतु न्यूनतम 03 आवेदनकर्ता प्रति विद्यालय अनिवार्य है। नीलामी दिनांक 25.10.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पादित की जायेगी।

खण्ड शिक्षा अधिकारी,
वि0ख0-शुकुल बाजार, अमेठी।



## पूर्वोत्तर रेलवे

### ई-निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य के लिए "खुली" ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है जो उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, कालोनी, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमंत्रित की जाती है :-

**निविदा सूचना सं. एवं कार्य का विवरण : 19-2024-कालोनी, कार्य का नाम** - गोरखपुर-उप मुख्य विद्युत अभियंता/कालोनी क्षेत्राधिकार में विभिन्न सबस्टेशनों के जीर्ण, क्षतिग्रस्त, पुराने और अधिक पुराने एल.टी./एच.टी. पैनलों और संबद्ध उपकरणों को प्रतिस्थापित करके विद्युत आपूर्ति क्षमता में वृद्धि, **अनुमानित लागत :** ₹ 2,38,26,502.00, **बयाने की राशि :** ₹ 2,69,100.00, **ई-निविदा फार्म का मूल्य :** शून्य, **कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकृत पत्र जारी होने के तिथि से :** 09 माह।

• ऑनलाइन ई-निविदा जमा करने की तिथि 30.10.2024 समय 15:00 बजे तक। • इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा, ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/कालोनी/
मुजाधि/विद्युत-146 पू.उ.रे./गोरखपुर

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें



## पूर्वोत्तर रेलवे

### एसीवोल्ट कर्षण को चालू करना 25000 सड़क उपयोगकर्ताओ को चेतावनी

जन साधारण की सूचना के लिए अधिसूचित किया जाता है कि लखनऊ मण्डल, पूर्वोत्तर रेलवे के **इलेक्ट्रिक लोको ट्रिप शेड, गोरखपुर** पर 25000 केवी एसी वोल्ट विद्युत कर्षण आरम्भ करने के लिए सभी समपारो पर सड़क सतह से अधिकतम 4.78 मीटर उचाई की गेजे लगाई गई है ताकि बहुत अधिक उचाई वाली लोडेड सड़क वाहन को विद्युतमय कर्षण तार की खतरनाक सन्निकता या संपर्क मे आने से रोका जा सके।

जन साधारण को एतद् द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सड़क वाहनो के लदान के प्रयोजन मे लिए उक्त विनिर्दिष्ट ऊँचाई का पालन करें और यह देखें कि सड़क वाहन में ढोये जा रहे लोड से किसी भी स्थिति में ऊँचाई गेजों का अतिक्रमण न करें।

अत्यधिक ऊँचाई के लोड के खतरे निम्नानुसार है।

1. ऊँचाई गेज के लिए खतरा और उसके फलस्वरुप सड़क और रेलवे लाइन पर बाधा। 2. वाहन पर ले जाये जा रहे सामाग्रियों या उपकरण को खतरा। 3. चालको की खतरनाक सन्निकटता या सम्पर्क के कारण आग लगने का खतरा और जीवन की हानि का खतरा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर/
मुजाधि/विद्युत-148 निर्माण,गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



## उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान, लखनऊ

भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के नियंत्रणाधीन
721-722, 7वां तल, इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ।
वेबसाइट: www.upbhashasansthan.co.in, ई-मेल: upbhashasansthan@gmail.com

### टेन्डर सूचना

उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में करवाये जाने वाले प्रिन्टिंग कार्यों हेतु शहर के प्रतिष्ठित व रजिस्टर्ड प्रिन्टिंग का कार्य करने वाली फर्मों/संस्थाओं/कम्पनियों से टेण्डर आमंत्रित किया जा रहा है।

निविदा की शर्तें व प्रपत्र उ0प्र0 भाषा संस्थान की वेबसाइट www.upbhashasansthan.co.in पद पर उपलब्ध है। इच्छुक फर्म/कम्पनी निविदा फार्म व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में संस्थान में रु. 500.00 नकद जमा कर प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा **दिनांक 21.10.2024 के अपराह्न 01.00 बजे तक** तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव पृथक-पृथक मुहर बन्द लिफाफे में निदेशक, उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान, कक्ष संख्या 722, इन्दिरा भवन, अशोक मार्ग, लखनऊ-226001 में जमा कर सकते हैं। प्राप्त निविदायें अगले दिन **अपराह्न 12:30 बजे गठित समिति तथा उपस्थित निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी।** उस तिथि को निविदा न खुल पाने की स्थिति में निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी। अंतिम तिथि के बाद प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। निविदा बिना किसी कारण बताये अस्वीकार/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित है।

निदेशक


# टॉयर के शोरूम व गोदाम में लगी आग

## तीसरी मंजिल में व्यायाम कर रहे लोग धुआं देख बाहर भागे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

▸▸ अयोध्या हाइवे किनारे तीन मंजिला भवन में हुई घटना

▸▸ दमकल की 8 गाड़ियों ने 5 घंटे में पाया आग पर काबू

अमृत विचार: लखनऊ-अयोध्या हाइवे पर बीबीडी इलाके में गुरुवार सुबह तीन मंजिला व्यवसायिक भवन में आग लग गई। जिस वक्त घटना हुई, तीसरे मंजिल पर बनी जिम में लोग व्यायाम कर रहे थे। धुआं देख नीचे भागे और कंट्रोल रूम को सूचना दी। कुछ देर बाद पहुंची दमकल की 8 गाड़ियों ने पांच घंटे में आग पर काबू पाया। घटना में करोड़ों के नुकसान का अनुमान लगाया गया है।

लखनऊ-अयोध्या हाइवे किनारे विशाल सिंह का तीन मंजिला भवन है। तीनों तल किराए पर उठे हैं। पहले तल पर वंश अग्रवाल का बॉश्च सर्विस नाम से टायर का शोरूम और दूसरे पर गोदाम है। तीसरे तल पर विद्याभूषण सिंह का ओलंपिया नाम से जिम है। गुरुवार सुबह करीब 6 बजे जिम में लोग व्यायाम कर रहे थे। इस बीच नीचे की मंजिल से धुआं उठता दिखा। लोग जब नीचे पहुंचे तो दुकान से आग की लपटें निकल रही थीं। शोर मचाते हुए सभी बाहर भागे और कंट्रोल रूम को सूचना दी। आसपास के लोग आग बुझाने में जुट गए, लेकिन आग विकराल होकर तीनों तल तक पहुंच चुकी थी। कुछ देर में दमकल की 8 गाड़ियां पहुंच गईं। तीनों तलों के शीशे तोड़कर धुआं बाहर निकाला फिर आग पर काबू पाना शुरू किया। करीब 11 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। एफएसओ गोमतीनगर सुशील यादव के मुताबिक आग शॉर्ट सर्किट से लगी थी। मुख्य अग्निशमन अधिकारी मंगेश कुमार ने बताया कि बेसमेंट सुरक्षित है। हाइड्रोलिक मशीन और 8 दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

### बिल्डिंग में पतली सीढ़ियों के कारण हुई दिक्कत

तीन मंजिला भवन में आने-जाने के लिए एक संकरा रास्ता है। सीढ़ियां भी काफी पतली हैं। इससे दमकलकर्मियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। गनीमत रही कि जिम से लोग समय रहते बाहर निकल आए नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

### तीन दिन में तीसरा अग्निकांड

पिछले तीन दिनों में कामर्शियल भवनों में ये तीसरा अग्निकांड हुआ। 8 अक्टूबर को सुबह सीतापुर रोड स्थित सैरपुर इलाके में गोदरेज और पैनासोनिक के वेयर हाउस में आग लगी थी। इससे गोदाम में रखे एसी, फ्रिज और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जल गए थे। आग बुझाने में दमकल की 16 गाड़ियां और हाइड्रोलिक मशीन लगाई गई। 9 अक्टूबर को मड़ियांव इलाके में ग्रेट ईस्टर्न कंपनी के वेयर हाउस में आग लग गई। काबू पाने में 5 घंटे का समय लग गया। चार फायर स्टेशन की 14 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।


## कार्यालय नगर पंचायत कादीपुर, सुलतानपुर

पत्रांक: 184 / न0पं0का0सुल0 /नि0सू0 / 2024-25 दिनांक: 10.10.2024

**निविदा सूचना**

नगर पंचायत कादीपुर सुलतानपुर में 15वां वित्त आयोग मद से विभिन्न निर्माण कार्यो को कराये जाने हेतु प्रमुख सचिव महोदय के पत्र संख्या 3890 / नौ-5-19-14 (स) / 2019-20 दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के क्रम में सिविल ठेकेदारों से दिनांक 11.10.2024 से दिनांक 25.10.2024 को समय अपराहन 5: 00 बजे तक ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जो दिनांक 26.10.2024 को अपराहन 12: 00 बजे नगर पंचायत कादीपुर सुलतानपुर के सभाकक्ष में खोली जायेंगी। सम्बन्धित निविदा वेबसाइट etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है। 02 प्रतिशत जमानत राशि एफडीआर, टीडीआर, केवीपी अथवा एनएससी जो अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत कादीपुर, सुलतानपुर के पक्ष में अनुबन्धित होगी। निविदा शुल्क की धनराशि नगर पंचायत कादीपुर के एच0डी0एफ0सी0 बैंक कादीपुर के खाता सं0- 50100698751489 IFSC Code- HDFC0005729 में जमा कर बैंक स्लिप टेक्निकल बिड के साथ में संलग्न करना आवश्यक होगा। टेक्निकल बिड कार्यालय नगर पंचायत कादीपुर सुलतानपुर में रखी सील्ड निविदा पेटिका में दिनांक 25.10.2024 को 5:00 बजे तक डाली जानी आवश्यक होगी।

निविदा की समय सारणी बेवसाइट etender.up.nic.in पर

| | | |
|---|---|---|
| 01. | बेवसाइट पर ई-निविदा की तिथि / समय | 11.10.2024 को 12:00 बजे से |
| 02. | ई-निविदा डाउनलोड / अपलोड की प्रारम्भ तिथि / समय | 11.10.2024 को 12:00 बजे से। |
| 03. | ई-निविदा डाउनलोड / अपलोड की अन्तिम तिथि / समय | 25.10.2024 को 5:00 बजे तक। |
| 04. | ई-निविदा की तकनीकी बिड खोलने की तिथि / समय | 26.10.2024 को 03:00 बजे। |
| 05. | ई- निविदा की वित्तीय बिड खोलने की तिथि / समय | तकनीकी विड निरीक्षणोपरान्त |
| 06 | कार्य के निविदा स्कैन आर्नेस्टमनी एवं निविदा शुल्क की मूल 06. प्रति कार्यालय नगर पंचायत मे जमा करने की अन्तिम तिथि / समय | 25.10.2024 को 05: 00 बजे तक। |

निविदा की नियम व शर्तें किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में अथवा बेवसाइट पर देखी जा सकती है।

(अमित कुमार सिंह)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कादीपुर
सुलतानपुर

(आनन्द जायसवाल)
अध्यक्ष
नगर पंचायत कादीपुर
सुलतानपुर



## अमृत विचार क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रंजय कुमार वर्मा पुत्र बेचन प्रसाद वर्मा है। मैं साकिन- अजान, पोस्ट व थाना-लोटन, तहसील- नौगढ़, जनपद- सिद्धार्थनगर का मूल निवासी हूँ। मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम त्रुटिवश रंजन कुमार वर्मा हो गया है। जिसमें मेरा सही नाम रंजय कुमार वर्मा दर्ज किया जाए। **रंजय कुमार वर्मा**

### सूचना

सूचित हो कि मैंने अपना नाम PREM CHAND SINGH से बदलकर PREM CHANDRA SINGH रख लिया है। भविष्य में मुझे PREM CHANDRA SINGH **पुत्र रामभजन सिंह निवासी 633/237, कृष्णविहार कालोनी फैज़ाबाद रोड, लखनऊ** से जाना पहचाना जाये।

### सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम जुबेर अंसारी पुत्र पुत्तन अंसारी है। यह नाम आधार कार्ड में भी अंकित है। लेकिन कागज में सिर्फ जुबेर पुत्र पुत्र पुत्तन अंसारी है। जुबेर को अपना पासपोर्ट बनवाना है। जुबेर अंसारी पुत्र पुत्तन अंसारी के नाम से जाना और पहचाना जाए। **-जुबेर अंसारी पुत्र पुत्तन अंसारी, निवासी- कोट बाजार पयागपुर, बहराइच उत्तर प्रदेश**

### सूचना

सूचित हो कि मैं **आनन्द कुमार पुत्र स्व. भगवती प्रसाद दीक्षित, पूर्व नि0ग्राम व पो0- सिसेंडी जिला लखनऊ, वर्तमान पता- जे0 403 इन्द्रलोक कालोनी**, मैं अपने नाम के आगे दीक्षित जोड़ रहा हूँ। अब मुझे आनन्द कुमार दीक्षित पुत्र स्व0 भगवती प्रसाद दीक्षित के नाम से जाना व पहचाना जाय।

### सूचना

सूचित हो कि आधार कार्ड सं0, 578362985852 में त्रुटिवश मेरा नाम नवनीत मणि लिख गया है जो कि गलत है। पैनकार्ड, वोटर आईडी में मेरा नाम नीरज मिश्रा है जो कि सही नाम है। **नीरज मिश्रा पुत्र श्री राधिका प्रसाद मिश्रा निवासी ग्राम-पूरे धन्नी, पोस्ट पूरे बसालत पर0 तह0 व जिला-गोण्डा**

## एक नजर

### जैव चिकित्सा में नई खोज को बढ़ावा देने के लिए पहल

**अमृत विचार, लखनऊ :** केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान सीएसआईआर ने जैव चिकित्सा में नई खोजों को बढ़ावा देने के लिए बीएफआई के साथ मिलकर कार्य शुरू किया है। देश में जैव चिकित्सा क्षेत्र में कार्य करने वाला संस्थान सीएसआईआर, केंद्रीय औषधि अनुसंधान संस्थान (सीडीआरआई) ने ब्लॉकचेन फॉर इम्पैक्ट (बीएफआई) के साथ मिलकर नई खोजों और तकनीक पर कार्य कर रही है। जिससे स्वास्थ्य सेवा में पहले से बेहतर कार्य किया जा सके। उल्लेखनीय है कि सीएसआईआर–सीडीआरआई जैव चिकित्सा के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा देने, नई दवाओं की खोज और विकास को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करता है। इस साझेदारी में मलेरिया, डेंगू और मेटाबोलिक रोगों के क्षेत्रों में वैज्ञानिक कार्य किए जाएंगे।

### नशा और शिक्षा के मुद्दे पर ग्रामीणों से संवाद

**अमृत विचार, निगोहां :** नशे की लत में पड़कर कुछ लोग अपने परिवारों को तबाह कर रहे हैं और महिलाओं के साथ मारपीट की घटनाएं भी बढ़ रही हैं। इस गंभीर समस्या को लेकर एसीपी रजनीश वर्मा ने निगोहां के उत्तरावा, शिवपुरा, रमपुरा, भोलाखेड़ा में आयोजित चौपाल के दौरान ग्रामीणों से संवाद किया। एसीपी ने नशे के खिलाफ लड़ाई में महिलाओं को जागरूक करते हुए उन्हें डटकर खड़ा होने का हौसला दिया। एसीपी रजनीश वर्मा ने कहा कि नशे का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और नशे में हुड़दंग करने तथा कानून तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### प्राकृतिक खेती का दिया गया प्रशिक्षण

**अमृत विचार, काकोरी :** राज्य कृषि प्रबंधन संस्थान रहमान खेड़ा लखनऊ उत्तर प्रदेश में चल रहे 5 दिवसीय प्रशिक्षण फसल अवशेष प्रबंधन पर बरेली, प्रयागराज, बदायू, कौशांबी, शाहजहांपुर व फतेहपुर के किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। इस मौके पर उन्नाव के विकास खंड मियागंज के ग्राम सभा ताजपुर के रहने वाले प्रगतिशील किसान प्रगतिशील किसान मदनचन्द शर्मा चर्चा का विषय बने। उनके इस कदम की सराहना की गई।

# डेंगू के 63 और मलेरिया के 4 नए मरीज मिले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जिले में गुरुवार को डेंगू के 63 और मलेरिया के 4 नए रोगी मिले हैं। सभी को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। जनपद में जनवरी से अब तक डेंगू के कुल 970 और मलेरिया के 440 रोगी मिल चुके हैं।

सीएमओ डॉ.मनोज अग्रवाल ने बताया कि गुरुवार को डेंगू के नए मिले रोगी में से सीएचसी अलीगंज के अलीगंज-8, इन्दिरानगर-7, चिनहट-4, एनके रोड-4, चन्दरनगर-8, रेडक्रास-4, टूडियागंज-5, सिल्वर जुबली-9, ऐशबाग-4, गोसाईगंज-2, बीकेटी-4, माल-1 और सरोजनीनगर सीएचसी क्षेत्र के 3 मरीज हैं। इसके अतिरिक्त मलेरिया के मोहनलालगंज, ऐशबाग, अलीगंज और गोसाईगंज क्षेत्र के एक-एक मरीज है।

### 12 भवन स्वामियों को दिया गया नोटिस

टीम ने गुरुवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 1527 घरों एवं आस-पास मच्छरजनित स्थितियों की जांच की। इनमें से 12 घरों को नोटिस जारी की गई है। टीम ने लोगों को मच्छरजनित बीमारियों से बचाव को लेकर जागरूक भी किया।

# कायाकल्प अवार्ड में खुर्रम नगर पीएचसी शीर्ष पर

## एएएम का कायाकल्प अवार्ड स्कीम वर्ष 2023-24 में हुआ चयन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एनएचएम ने जारी की कायाकल्प अवार्ड की सूची

**अमृत विचार :** शहर के 10 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) व अर्बन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) को कायाकल्प अवार्ड स्कीम वर्ष 2023-24 में चुना गया है। शहर में खुर्रम नगर अर्बन पीएचसी ने कायाकल्प अवार्ड में शीर्ष स्थान हासिल किया है। वहीं, प्रथम रनरअप में छितवापुर (एचपी) और द्वितीय रनरअप में पीएचसी औरंगाबाद रही है।

सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि कायाकल्प अवार्ड स्कीम के तहत शहर व ग्रामीण इलाकों में संचालित एएएम, पीएचसी का मूल्यांकन स्वास्थ्य विभाग के आला अफसरों की टीम करती हैं। बाहर से डॉक्टरों की टीम आकर हर पीएचसी व एएएम का बारीकी से निरीक्षण कर वहां मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं, सफाई, स्टाफ के आचरण आदि को परखती है। उसी आधार पर कायाकल्प अवार्ड के लिए उस एएएम या पीएचसी का चयन किया जाता है, जिसमें अवार्ड मिलने पर केंद्र को धनराशि आवंटित कर प्रशस्ति पत्र दिया जाता है। शहर की 10 पीएचसी, एएएम का चयन हुआ है।

सीएमओ डॉ. मनोज ने बताया कि वर्ष 2023-24 के कायाकल्प अवार्ड में खुर्रम नगर यूपीएचसी ने लखनऊ जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर टॉप किया है। उसके बाद प्रथम रनरअप में छितवापुर (एचपी) और द्वितीय रनरअप में पीएचसी औरंगाबाद रही है। इसके अलावा क्रमशः रहीम नगर यूपीएचसी, जानकीपुरम, खदरा, छितवापुर यूपीडब्ल्यूसी, जुगौली, टैगोर मार्ग, सेवा सदन और उजरियांव शामिल है।

खुर्रम नगर यूपीएचसी के प्रभारी डॉ. धीरेंद्र सिंह ने बताया कि उनके यहां रोजाना ओपीडी में 100 से 150 मरीजों को देखा जाता है। उनकी जांच कर दवाएं दी जाती हैं। पूरे परिसर को पौधों आदि से सजाया गया है। सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाता है। डॉ. धीरेंद्र के साथ प्रथम रनरअप छितवापुर एचपी की प्रभारी डॉ. गीतांजली व दूसरी रनरअप औरंगाबाद यूपीएचसी की प्रभारी डॉ. मनोरमा ने चयनित किए जाने पर कायाकल्प टीम व सीएमओ का आभार जताया।

# दिल के डॉक्टर देख रहे बुखार के मरीज

## बलरामपुर अस्पताल में कॉर्डियक ओपीडी ठप, बिना इलाज लौट रहे दिल के रोगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सोमवार से कॉर्डियक ओपीडी में नहीं बैठ रहे डॉक्टर

**अमृत विचार :** बलरामपुर अस्पताल में इन दिनों कॉर्डियक ओपीडी ठप है। इसकी वजह है कि कॉर्डियक के दोनों डॉक्टरों की ड्यूटी बुखार के मरीजों को देखने के लिए लगाई गई है। इससे दिल के रोगियों को बिना इलाज के ही लौटना पड़ रहा है।

बलरामपुर अस्पताल में डॉ. प्रवीन शर्मा और डॉ. यूसुफ कॉर्डियक ओपीडी में लंबे समय से बैठकर दिल के मरीजों का इलाज कर रहे थे। दोनों डॉक्टर कॉर्डियक डिग्रीधारी है। सोमवार से दोनों ही डॉक्टर कॉर्डियक ओपीडी में नहीं बैठ रहे हैं। इस वजह से सोमवार से दिल के मरीजों को ओपीडी से वापस लौटना पड़ रहा है। एक डॉक्टर की ओपीडी में रोजाना करीब 100 से 150 दिल के मरीज देखते हैं। दोनों डॉक्टर आईसीयू में भी दिल के मरीजों के इलाज में अहम भूमिका निभाते हैं।

> इन दिनों ओपीडी में बुखार के मरीजों की संख्या बहुत अधिक हो रही है। इसी को देखते हुए दोनों डॉक्टरों को फिजिशियन के तौर पर बुखार के मरीज देखने को कहा गया है। दोनों डॉक्टर की ओपीडी के दिन तय करके कॉर्डियक ओपीडी का संचालन किया जाएगा।
>
> –डॉ. पवन कुमार अरुण
> निदेशक बलरामपुर अस्पताल

इन दिनों दोनों डॉक्टर फिजिशियन के रूप में काम कर रहे हैं। दोनों डॉक्टर बुखार के मरीजों का इलाज कर रहे हैं। कॉर्डियक ओपीडी में न रहने से दिल के मरीज दवा लेने के लिए भी परेशान हो रहे हैं। वह दूसरे डॉक्टरों को पर्चा दिखवाकर ओपीडी स्लिप बनवा रहे हैं। उसके बाद काउंटर से दवा लेकर ही लौटे जा रहे हैं।

# कैंसर संस्थान के संविदा कर्मियों को दो माह से नहीं मिला वेतन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अफसरों की हीलाहवाली से त्योहार फीका

**अमृत विचार :** चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान के 500 से ज्यादा संविदा कर्मचारियों को बीते दो माह से वेतन नहीं मिला है। इसकी वजह से कर्मचारी आर्थिक तंगी से जूझ रहे है। कर्मचारियों का आरोप है कि चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय स्तर पर भुगतान संबंधी फाइल अटकी है। अफसरों की हीलाहवाली से त्योहार फीका है।

कैंसर संस्थान में टेक्नीशियन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, नर्सिंग, सोशल वर्कर, वार्ड ब्वॉय, आया समेत दूसरे संवर्ग के कर्मचारी संविदा पर तैनात हैं। कर्मचारियों का कहना है कि बीते दो माह से वेतन नहीं मिला है। दशहरे में भी भुगतान नहीं हो पाया है। संस्थान के अधिकारियों से वेतन की गुजारिश की। उनके प्रयास के बावजूद भुगतना नहीं हो पा रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय स्तर पर वेतन भुगतान संबंधी फाइल अटकी है। जिस पर अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। वेतन न मिलने से बच्चों की फीस जमा करने में असुविधा हो रही है। वहीं बहुत से कर्मचारी किराए पर कमरा लेकर रह रहे हैं। साथ ही दूसरी बहुत सी जरूरतों को पूरा करने में भी अड़चन आ रही है। कर्मचारियों का कहना है कि जल्द ही भुगतान न हुआ तो आन्दोलन करने को मजबूर होंगे। इस संबंध में चिकित्सा शिक्षा विभाग की महानिदेशक किंजल सिंह से बात करने का प्रयास किया गया। लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

# जन्म के बाद बच्चों की आंखों की जांच जरूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



कार्यक्रम में बोलतीं नेत्र रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ. अपजीत कौर। अमृत विचार

- विश्व दृष्टि दिवस पर केजीएमयू में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

**अमृत विचार :** बहुत से बच्चों की जन्म से ही नजर कमजोर होती है। इसकी जानकारी माता पिता को देर से हो पाती है। बीमारी का देरी से पता चलने पर समस्या गंभीर हो जाती है। जन्म के बाद ही बच्चों की आंखों की जांच कराने से बीमारी का पता आसानी से लगाया जा सकता है। जिसका उपचार संभव है। यह जानकारी केजीएमयू नेत्र रोग विभाग की अध्यक्ष डॉ. अपजीत कौर ने कही।

वह गुरुवार को विश्व दृष्टि दिवस पर केजीएमयू में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। डॉ. अपजीत कौर ने कहा कि जीवन के सभी चरण शिशुकाल, किशोरावस्था, वयस्क और वृद्धावस्था में आंखों की देखभाल आवश्यक है। शारीरिक गतिविधि के सभी क्षेत्रों में आंखों की देखभाल को शामिल किया जाना चाहिए।

जन्म के समय तो आंखों की जांच बेहद जरूरी होती है। क्योंकि बहुत से बच्चों को पांच से छह साल की उम्र के बाद आंखों की बीमारी का पता चलता है। समय पर बीमारी की पहचान न होने से नजर काफी कमजोर हो चुकी होती है। ज्यादातर बच्चों में स्कूल में पढ़ाई के दौरान बीमारी की आशंका होती है। जांच में नजर कमजोर होने का पता चलता है। उन्होंने कहा कि आंखों से पानी आना, दर्द, स्राव, आंखें खोलने में असमर्थता समेत अन्य लक्षण नजर आने पर भी जांच करानी चाहिए।

### आंखों की बीमारी से बचने के लिए संतुलित आहार जरूरी

डॉ. अपजीत कौर ने कहा कि आंखों की बीमारी से बचने के लिए उचित संतुलित आहार लें। नियमित कृमि मुक्ति के माध्यम से पोषण का रखरखाव करें। आंखों में भेंगापन का पता लगाने के लिए जांच करानी चाहिए। नजर कमजोर होने पर निर्धारित चश्मा नियमित रूप से पहनना चाहिए। धुंधलापन, आंखों में खुजली, सिरदर्द के लक्षणों पर डॉक्टर की सलाह जरूर लें। निकट कार्य करने के लिए पर्याप्त रोशनी और स्क्रीन पर समय प्रबंधन महत्वपूर्ण है।

# मानसिक स्वास्थ्य पर संवाद की जरूरत

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय के मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ ने विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अधिकारियों के लिए एक संवाद-सत्र का आयोजन किया।

नेहा आनंद ने मानसिक स्वास्थ्य की चुनौतियों को लेकर व्याख्यान दिया। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य और मानसिक विकार के बीच में अंतर समझाते हुए बताया कि कैसे विद्यार्थी जीवन में डिप्रेशन, मूड स्विंग, अकेलापन आदि मानसिक विकार उनके स्वास्थ्य पर असर डालते हैं। इस बात पर भी जोर दिया कि मानसिक स्वास्थ्य को निषेध की तरह न लेते हुए उस पर संवाद करने की जरूरत है।

सत्र का संचालन मनोविज्ञान की प्रोफेसर डॉ. ईशा यादव ने किया। कार्यक्रम में कुलपति प्रोफेसर अमरपाल सिंह, प्रोफेसर मनीष सिंह, डॉ. संजय दिवाकर, डॉ. पी के गौतम, डॉ. मिताली तिवारी, डॉ. समरीन हुसैन, डॉ. मनीष बाजपेयी, डॉ. प्रिया अनुरागिनी समेत विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# एफपीओ बताएंगे योजनाएं और बनाएंगे व्हाट्सएप ग्रुप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीडीओ ने लाभार्थीपरक योजनाओं की बैठक में दिए निर्देश

**अमृत विचार :** किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के अध्यक्ष किसानों को योजनाओं की जानकारी दें। किस योजना का कैसे लाभ पाना है, यह बताएं और कहां, क्या दिक्कत आ रही उसका अधिकारियों के माध्यम से समाधान कराएं। साथ ही किसानों का एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर संबंधित अधिकारियों को भी जोड़ें।

ये निर्देश गुरुवार को इंदिरा नगर स्थित विकास भवन के लोहिया सभागार में मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन ने लाभार्थीपरक योजनाओं की बैठक में अधिकारियों व एफपीओ को दिए। सबसे पहले उन्होंने कृषि कार्यों पर जोर दिया। विभिन्न एफपीओ के अध्यक्ष से कहा कि वह कृषि, उद्यान, सिंचाई, पशुपालन, सम्मान निधि, उर्वरक, बीज आदि योजनाओं की समय-समय पर जानकारी करके किसानों को बताएं और उसका लाभ दिलाएं। जहां समस्या आ रही, वहां संबंधित अधिकारियों को अवगत कराकर समाधान कराएं। ज्यादातर किसानों में जानकारी का अभाव रहता है और उन तक नहीं पहुंच पाती है। इसके लिए एपीओ एक व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर किसानों के साथ संबंधित अधिकारियों को जोड़ें। जो समय-समय पर योजनाएं और सूचनाएं साझा करेंगे। किसी तरह की समस्या है तो वह ग्रुप में डालें, अधिकारी उसका समाधान करेंगे। बैठक में सीवीओ डॉ. सुरेश कुमार, अपर जिला कृषि अधिकारी हर्षित त्रिपाठी, डीपीआरओ हिमांशू शेखर ठाकुर आदि रहे।

# एनएचएम से तैनात प्रोग्राम मैनेजर की प्रॉपर्टी की होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- संविदा डॉक्टरों की नियुक्ति में की जा रही गड़बड़ी, विशेष वर्ग के डॉक्टर कराए जा रहे भर्ती
- सीएमओ कार्यालय में तैनात प्रोग्राम मैनेजर की ईडी से शिकायत के बाद जांच के आदेश

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) से सीएमओ कार्यालय में तैनात प्रोग्राम मैनेजर की शिकायत मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, विजिलेंस, ईडी से हुई है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि एनएचएम के जरिए संविदा पर डॉक्टरों की भर्ती में आरोपी विशेष वर्ग के अभ्यर्थियों को ही शामिल करता है। साथ ही उनसे कमाई करके कई साल से एक ही जगह पर तैनाती के दौरान आय से अधिक संपत्ति अर्जित की है। इस मामले में जांच के आदेश हो गए हैं।

हाईकोर्ट लखनऊ खंडपीठ के एडवोकेट विकास शुक्ला का आरोप है कि सीएमओ कार्यालय में एनएचएम के जरिए जिला प्रोग्राम मैनेजर के पद पर लंबे समय से आरोपी तैनात है। वह संविदा पर डॉक्टरों की नियुक्ति में बड़े पैमाने पर हेरफेर करवा रहा है। आरोपी एक विशेष वर्ग के डॉक्टरों का ही चयन करवाने में अहम भूमिका निभाता है। आरोपी खुद को उन



कमेटियों में भी शामिल करवाता है, जिसके लिए वह योग्य नहीं है। सीएमओ कार्यालय से निकलने वाले टेंडर, खरीद आदि में अहम भूमिका निभाकर अपने परिचितों को काम दिलवाता है। आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, ईडी, ईओडब्ल्यू से जांच की मांग की है। मुख्यमंत्री के विशेष कार्याधिकारी एनकेएस चौहान ने जिलाधिकारी लखनऊ को जांच के आदेश दिए हैं। साथ ही 15 दिन में जांच आख्या देने को कहा है।

# लखनऊ से छपरा के लिए स्पेशल ट्रेन की तरह चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर रेलवे ने वंदे भारत एक्सप्रेस को स्पेशल ट्रेन के रूप में चलाने की तैयारी की है। 25 अक्टूबर से 8 नवंबर तक लखनऊ से छपरा तक इसका संचालन किया जाएगा। इससे दिवाली के साथ ही छठ पर्व पर उमड़ने वाली



भीड़ को काप राहत मिलेगी। लखनऊ से सुल्तानपुर, वाराणसी, बलिया होते हुए यह ट्रेन छपरा पहुंचेगी।

तकरीबन सवा सात घंटे में यह ट्रेन लखनऊ से छपरा तक का सफर पूरा करेगी। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के सीनियर डीसीएम कुलदीप तिवारी के अनुसार, आठ एसी चेयरकार की इस ट्रेन को अक्टूबर में 25, 26, 27, 28, 30, 31 और नवंबर में 1, 2, 3, 4, 6, 7 व 8 को दोनों ओर से चलाया जाएगा। दोनों ओर से यह ट्रेन 13-13 फेरे के लिए संचालित की जायेगी। लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन से ट्रेन नंबर 02270 लखनऊ-छपरा वंदे भारत स्पेशल दोपहर 2:15 बजे रवाना होगी। शाम 4:05 बजे सुलतानपुर जंक्शन, 6:20 बजे वाराणसी जंक्शन, 7:33 बजे गाजीपुर सिटी, रात 8:23 बजे बलिया, 8:55 बजे सुरेमनपुर होते हुए रात 9:30 बजे छपरा जंक्शन पहुंचे जायेगी। वापसी में यह ट्रेन नंबर 02269 छपरा-लखनऊ वंदे भारत स्पेशल छपरा जंक्शन से रात 11 बजे रवाना होगी और रात सुबह 6:30 बजे चारबाग रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी।


क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?

SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें

VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

**प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?**
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

**प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?**
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

**प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?**
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

**प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?**
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

**प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?**
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

**प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा ?**
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

**प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?**
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

**प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?**
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

**प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?**
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

**प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?**
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान

- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी /उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पताः शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय–
सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पताः 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय–
सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर लापता



**अमृत विचार, लखनऊ** : गोसाईगंज थानाक्षेत्र से संदिग्ध परिस्थितियों में जल्लाबाद मजरा निजामपुर निवासी मजदूर सूरज लापता हो गया। परिजन ने बताया कि वह 8 अक्टूबर को घर से काम के लिए निकला था, उसके बाद लौट कर नहीं आया। खोजबीन करने पर जब उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली तो मां विजय कुमारी ने गोसाईगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार पिता-पुत्र घायल

**अमृत विचार, आलमबाग** : थाना क्षेत्र में कार की टक्कर से बाइक सवार पिता पुत्र गंभीर रूप से चोटिल हो गए। पुलिस ने घटना के दो सप्ताह बाद रिपोर्ट दर्ज की है। इंस्पेक्टर शिवशंकर महादेवन ने बताया कि सेक्टर-5, वृन्दावन योजना निवासी अधिवक्ता पंकज तिवारी 21 सितम्बर की रात बाइक से पिता त्रिलोक चंद के संग एक समारोह में शामिल होने जा रहे थे। बंगला बाजार चौराहे चौराहे के आगे कार ने बाइक में टक्कर मार दी थी।

### जागरण देखने गए युवक को पीटा

**अमृत विचार, काकोरी** : 8 अक्टूबर को नवरात्र का जागरण देखकर घर वापस जा रहे चौधरी खेड़ा गांव निवासी अभिनाश को रास्ते में पहले से घात लगाए बंटू, अभिषेक और अमित ने गाली–गलौज करते हुए डंडों से पीटा। शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### युवती ने की आत्महत्या

**अमृत विचार, काकोरी** : थाना क्षेत्र के बुधड़िया गांव निवासी मेहविश (18) पुत्री रहीम ने घर में रस्सी से पंखे में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। परिजन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अराजकतत्वों ने मंदिर में खंडित की दुर्गा मूर्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : कैंट के नीलमथा स्थित मरी माता मंदिर में दुर्गा प्रतिमा को अराजकतत्वों ने बुधवार देर रात को खंडित कर दिया। सुबह आसपास के लोगों को जानकारी हुई। स्थानीय लोग नाराज होकर हंगामा करने लगे।

शारदीय नवरात्र के अष्टमी के दिन कैंट थाना क्षेत्र के नीलमथा में मरी माता मंदिर में स्थापित दुर्गा प्रतिमा का अराजक तत्वों ने हाथ तोड़ दिया। गुरुवार सुबह मंदिर के पुजारी मंदिर की साफ-सफाई और पूजा करने पहुंचे तो प्रतिमा खंडित देखी। नवरात्र के अष्टमी तिथि के कारण सुबह से श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। अभी पुजारी कुछ समझ पाते स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने अराजकतत्वों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। जानकारी होते ही एसओ कैंट गुरप्रीत कौर अपनी टीम के साथ पहुंचीं। लोगों को शांत कराने का प्रयास किया। पुलिस के मुताबिक अराजकतत्वों ने ग्लेंडर मशीन से प्रतिमा के हाथ को खंडित कर दिया है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसीपी कैंट अभय प्रताप मल्ल ने बताया कि दूसरी प्रतिमा स्थापित करा दी गई है। स्थानीय पार्षद बृजमोहन शर्मा की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया गया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। पुलिस आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।



नीलमथा स्थित मरी माता मंदिर के बाहर एकत्रित लोग। अमृत विचार

▸▸ कैंट इलाके के नीलमथा मंदिर में हुई घटना, दूसरी मूर्ति स्थापित

### गिरफ्तारी के लिए चार दिन का समय

मंदिर प्रबंधक बच्चा रावत और स्थानीय लोगों ने प्रतिमा खंडित करने वालों को गिरफ्तार करने के लिए चार दिन का समय दिया है। प्रबंधक ने कहा कि एसीपी अभय प्रताप मल्ल की मौजूदगी में प्रतिमा की स्थापना की गई है। पार्षद बृजमोहन शर्मा ने कहा कि पुलिस ने चार दिन का समय मांगा है।

# छात्र की आत्महत्या के मामले में नहीं मिले षडयंत्र के साक्ष्य

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ।

**अमृत विचार** : हजरतगंज में 5अक्टूबर को कॉमर्स हाउस बिल्डिंग के आठवीं मंजिल से कूदकर 17 वर्षीय छात्र आदित्य दुबे ने आत्महत्या कर ली थी। इस मामले में पुलिस की जांच में षडयंत्र के साक्ष्य न हीं मिले। पुलिस को एक वीडियो मिला है, जिसमें वह अपनी दोस्त को कह रहा है कि प्लीज मेरा फोन रिसीव कर लो। दो दिन से फोन रिसीव नहीं कर रही हो। अगर फोन रिसीव नहीं किया तो मैं आत्महत्या करने जा रहा हूं।

▸▸ पुलिस को मिला वीडियो जिसमें दोस्त से फोन रिसीव करने की बात कही थी

यह वीडियो छात्र ने अपनी दोस्त को भी भेजा था। माना जा रहा है कि दोस्त के फोन न रिसीव करने पर छात्र ने जान दी है। तफ्तीश में लगी पुलिस टीम का मानना है कि वीडियो के आधार पर सारी स्थितियां साफ हैं कि छात्र की मौत में कोई दोषी नहीं है।

इसके अलावा पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी मिली है। जिसमें छात्र खुद बिल्डिंग की छत पर अकेले चढ़ रहा है। इसके बाद बैग और मोबाइल रखकर छत से वह कूद गया।

### अज्ञात के खिलाफ दर्ज कराई थी रिपोर्ट

आदित्य के पिता विनय दुबे ने आत्महत्या के लिए उकसाने अथवा बेटे के खिलाफ साजिश कर उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाते हुए अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि शुरूआती जांच में छात्र की आत्महत्या में कोई दोषी नहीं पाया गया। पुलिस को इस संबंध में भी कोई साक्ष्य नहीं मिले हैं। हालांकि जांच अभी जारी है।

# रोडवेज बस ने मजदूर को रौंदा, मौत

## फन मॉल के पास हुई घटना, हादसे के बाद चालक ने 80 की रफ्तार से भगाई बस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : गोमती नगर में फन मॉल के पास देर रात सड़क पर पैच वर्क कर रहे मजदूरों को रोडवेज बस ने कुचल दिया। दर्दनाक हादसे में मौके पर एक मजदूर 35 वर्षीय दीपू की मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। उधर, हादसे के बाद ड्राइवर ने बस की रफ्तार बढ़ा दी। 80 की स्पीड में बस लेकर भाग निकला और कैसरबाग बस अड्डे पर ले जाकर खड़ी कर दी। वहीं, विभूतिखंड स्थित शहीद पथ पर गुरुवार सुबह निजी बस ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो सवार एक युवक की मौत हो गई, जबकि ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया है।

फन मॉल के पास पीडब्लूडी सड़क पर गड्ढे भरने का काम करा रहा है। बीकेटी कुम्हरावां निवासी मजदूर दीपू (35) अपने साथियों के साथ काम कर रहा था। इस बीच बुधवार देर रात करीब 3:30 बजे लोहिया पार्क चौराहे की तरफ से बहराइच से लखनऊ आ रही रोडवेज बस ने मजदूरों को रौंद दिया। पकड़े जाने के डर से ड्राइवर ने बस की रफ्तार और बढ़ा दी। हादसे में दीपू और पीडब्ल्यूडी के तिवारीगंज निवासी पृथ्वी लाल गंभीर रूप से घायल हो गए। साथी मजदूर उन्हें आनन-फानन में अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने दीपू को मृत घोषित कर दिया। वहीं पृथ्वी लाल का इलाज चल रहा है।

▸▸ सड़क पर पैच वर्क कर रहे थे मजदूर, एक घायल अस्पताल में भर्ती

### 10 किमी कार से किया पीछा

फन मॉल के पास बस ड्राइवर को भागता देख पीछे से आ रहे कार सवार ने उसका पीछा किया। करीब 10 किमी तक बस के पीछे कार दौड़ाई। इस दौरान कार सवार ने बस का वीडियो भी बना लिया।

### निजी बस ने ऑटो को मारी टक्कर, एक की मौत

विभूतिखंड थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह 6:30 बजे एक ऑटो सर्विस लेन से शहीद पथ की तरफ जा रहा था। सिनेपोलिस मॉल के पास जैसे ही ऑटो शहीद पथ पर पहुंचा, तभी पीछे से आ रही बेकाबू निजी बस ने ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो में सवार गोंडा अहिरपुरवा निवासी सत्यप्रकाश (25) की मौत हो गई, जबकि ऑटो चालक घायल हो गया। पुलिस ने सत्यप्रकाश के परिजनों से संपर्क करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह ने बताया कि बस चालक को हिरासत में लिया गया है और दोनों वाहनों को जब्त कर लिया गया है।

# बिल्डर के गुर्गों ने टाइल्स कारीगर को किया मरणासन्न

संवाददाता, लखनऊ/पीजीआई

**अमृत विचार** : वृंदावन इलाके में एक बिल्डर ने पेमेंट मांगने पर टाइल्स कारीगर को ऑफिस में बंधक बना लिया। फिर बिल्डर ने बेटे और गुर्गों के साथ मिलकर पीट-पीटकर मरणासन्न कर दिया। पत्नी की शिकायत पर पीजीआई पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कल्ली पश्चिम इलाके में टाइल्स कारीगर बलराम यादव परिवार के साथ रहते हैं। पत्नी ज्योति ने बताया कि बलराम ने हाल ही में बिल्डर शिव शंकर अग्रवाल की बिल्डिंग नीलकंठ ड्रीम्स सेक्टर 14 वृन्दावन में टाइल्स लगाने का काम किया था। जिसका भुगतान बकाया था। आरोप है कि बीते 5 अक्टूबर को बलराम को बिल्डर ने पेमेंट की बात कहकर अपने ऑफिस बुलाया था। जैसे ही वे वहां पहुंचे तो बिल्डर के कहने पर उसके बेटे मयंक अग्रवाल, दुर्गेश पांडेय, जगमोहन यादव और तीन अज्ञात लोगों ने मिलकर बलराम को बंधक बना लिया। फिर लात घूंसे और धारदार हथियार से मार-पीटकर जान से मारने की भी कोशिश की। आरोप है कि आरोपियों ने बेहोशी की हालत में बलराम की चेन, पर्स और डायरी भी छीन ली। पीड़िता ने बताया कि पति की हालत गंभीर बनी हुई है।

▸▸ ऑफिस बुला बंधक बनाकर मारा, छीना सामान

▸▸ लहूलुहान कर सड़क पर फेंका पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज

## जाली दस्तावेज बना अधिवक्ता की जमीन बेची

**अमृत विचार, लखनऊ** : दुबग्गा थाने में अधिवक्ता मो. आरिफ ने जाली दस्तावेज से उनकी जमीन बेचने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

राजाजीपुरम सी-ब्लॉक निवासी अधिवक्ता मो. आरिफ ने बताया कि उन्होंने ग्राम बेगरिया में एक प्लॉट महादेव रावत, ननकही और उसके बेटे लल्लू रावत से खरीदा था। इसी दौरान लल्लू रावत ने फर्जीवाड़ा कर उनके प्लॉट का आधा-आधा हिस्सा रंजना देवी निवासी बेगरिया और प्रदीप निवासी शिवराजपुर को धोखाधड़ी कर जनवरी 2023 में बेच दिया। पीड़ित का आरोप है कि फर्जीवाड़ा उमेश रावत उर्फ मूसा और राम सिंह की मदद से किया गया था। दुबग्गा पुलिस ने लल्लू रावत, उमेश रावत उर्फ मूसा, उनकी पत्नी रंजना, प्रदीप, महादेव, गंगाराम और राम सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# युवती से की अश्लील हरकत एसीपी की फटकार पर रिपोर्ट दर्ज

▸▸ आरोपी के खिलाफ शिकायत लेकर कल्ली चौकी पहुंचीं मां-बेटी, पुलिस ने टरकाया

संवाददाता, लखनऊ/पीजीआई

**अमृत विचार** : थाना क्षेत्र में नशे में धुत पड़ोसी ने युवती के घर के सामने अश्लील हरकत करते हुए लघुशंका की। युवती ने विरोध जताया तो आरोपी ने उसे घसीटते हुए अश्लील हरकत की। पीड़िता मां के साथ कल्ली चौकी पहुंची तो पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर टरका दिया। गुरुवार को एसीपी कैंट अभय प्रताप मल की फटकार के बाद पुलिस ने आनन-फानन में रिपोर्ट दर्ज की।



पीड़ित महिला ने बताया कि पति बीमार रहता है। वह 25 वर्षीय बेटी के साथ जीवन यापन कर रही है। आरोप है कि पड़ोस में रहने वाला रोहित पांडेय उर्फ पोले आये दिन मां-बेटी को परेशान करता है। आरोप है कि बीते रविवार को जब महिला की बेटी किसी काम से घर से बाहर निकली तो रोहित उनके घर के सामने आकर अश्लील हरकत करते हुए लघुशंका करने लगा।

युवती ने विरोध जताया तो हाथ पकड़कर अपने घर की तरफ खींचते हुए अश्लीलत हरकत शुरू कर दी। चीख-पुकार सुनकर पड़ोस में रहने वाला शख्स मदद के लिए दौड़ा तो रोहित वहां से भाग निकला। बाद में रोहित, उसके दोस्त ने युवती और उसकी मां को धमकाया था।

### दो बहनों ने घर से अकेले निकलना किया बंद

**अमृत विचार, लखनऊ** : मड़ियांव इलाके में रहने वाली दो बहनों को इलाके के दो शोहदे करीब दो वर्ष से परेशान कर रहे हैं। रास्ते में रोकर छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करते हैं। लोकलाज के चलते दोनों बहनों ने घर से अकेले निकलना बंद कर दिया। हद तो तब हो गई जब शोहदों ने डोर बेल बजाकर नाम पुकारना शुरू कर दिया। बेटियों को परेशान देख मां ने मड़ियांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।पीड़ित ने बताया कि जब भी दोनों बेटियां घर से बाहर निकलती हैं तो इलाके में रहने वाले कमलाकर और सुमित अश्लील फब्तियां कसते हुए उन्हें परेशान करते हैं। उनके साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करते हैं। बदनामी के चलते दोनों बहनें चुप रही। पीड़ित पिता ने बताया कि दोनों शोहदे कुछ दिनों पहले उनके घर के बाहर पहुंचे। डोर बेल बजाई, फिर दोनों बेटियों का नाम जोर–जोर से चिल्लाने लगे। आरोपियों की करतूत सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई।

### युवती से छेड़छाड़, विरोध पर पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ** : हुसैनाबाद घंटाघर पार्क में घूमने आई युवती को अकेला देख सगे भाइयों ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपियों ने पीटा और गाली गलौज करते हुए भाग निकले। शिकायत पर परिजन ने भी पीड़िता को मारा और धमकाया। पीड़िता ने ठाकुरगंज थाने में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। कंघीटोला इलाके में 19 वर्षीय मानसी (काल्पनिक नाम) परिवार के साथ रहती हैं। 8 अक्टूबर की रात करीब 9 :30 बजे वह घंटाघर पार्क घूमने के लिए गई थी। वहीं पर परिचित फरमान और उसके भाई फैजान मिला। इस दौरान आरोपियों छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली–गलौज करते हुए पीटना शुरू कर दिया। पीड़िता शिकायत लेकर आरोपियों के घर पहुंची। इसपर परिजन ने मारपीट कर धमकाते हुए भगा दिया। पीड़िता ने अगले दिन ठाकुरगंज थाने में शिकायत की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छेड़छाड़ समेत गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### नशीला पदार्थ पिलाकर महिला से किया दुष्कर्म

**अमृत विचार, पीजीआई** : थाना क्षेत्र में परिचित ई–रिक्शा चालक ने चाय में नशीला पदार्थ मिलाकर महिला से दुष्कर्म किया। फिर अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करते हुए यौन शोषण करता रहा। नीलमथा की रहने वाली महिला ने बताया कि ई–रिक्शा चालक जितेन्द्र शर्मा उर्फ अर्जुन को वह काफी पहले से जानती थी। आरोप है कि कुछ समय पहले वह एक दिन महिला के घर आया था। चाय पीने के बहाने महिला की चाय में नशीला पदार्थ मिला दिया। । महिला की बेहोशी का फायदा उठाते हुए जितेन्द्र ने उसके साथ दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो भी बना लिया। आरोप है कि उसके बाद से आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल कर रहते हुए यौन शोषण कर रहा है। यही नहीं आरोपी ने शिकायत पर पीड़िता को बच्चों व पति की हत्या कराने की धमकी भी दी थी

## ऑटो से कीमती जेवर व नकदी रखा बैग चोरी

**अमृत विचार, आलमबाग** : मानकनगर स्थित आरडीएसओ ब्रिज पर बुधवार रात ऑटो से चारबाग रेलवे स्टेशन जा रहे परिवार का बैग चोरी हो गया। बैग में कीमती आभूषण और 30 हजार रुपये रखे थे। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करायी है। थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि डीआरएम पुलिया खुशी विहार में राजेश मीना परिवार के साथ रहते हैं। राजेश के राजस्थान में रहने वाले नाना की तबीयत खराब चल रही है। वे परिवार संग उन्हें देखने के लिए बुधवार रात करीब 10:00 बजे चारबाग रेलवे स्टेशन जाने के लिए ऑटो से निकले थे।मानक नगर ओवरब्रिज पर पहुंचते ही, उन्होंने देखा कि बैग गायब है। पीड़ित ने हंगामा करते हुए ऑटो रुकवा कंट्रोल नंबर पर सूचना दी।

# बच्चों के विवाद में आपस में भिड़े बड़े, 9 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : काकोरी के पहिया आजमपुर गांव में बुधवार रात बच्चों के खेल-खेल में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में प्रेमा गुप्ता, वाशु गुप्ता, दीपक, सोनी, मेराज, जुनैद, चांदनी, ऋषभ और सुजीत हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार रात को वाशु का बेटा और दूसरे पक्ष से हसीन का बेटा मोहल्ले में खेल रहे थे। इसी दौरान उनके बीच विवाद हो गया था। इस बीच दोनों पक्षों से लोग आ गए। गाली-गलौज के दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया था। मारपीट में दोनों ओर से करीब 12 लोग घायल हुए थे।

### डीजे पर डांस को लेकर मारपीट

**अमृत विचार, निगोहां** : थाना क्षेत्र के ककुहाखेड़ा गांव में बुधवार देर रात डीजे पर पसंदीदा गाने पर डांस करने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। ककुहाखेड़ा में चंद्रप्रकाश के बेटे रवि की बरीक्षा का कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान डीजे पर गांव के सतीश मौर्या और चंद्रप्रकाश के रिश्तेदार बुल्ली लोध व अन्य के बीच गानों को लेकर धक्का–मुक्की हो गई। गुस्से में आकर बुल्ली, कल्लू लोध समेत दो अन्य लोगों ने सतीश मौर्या सतीश को मारपीट कर घायल कर दिया।

# शराब के ठेके पर मिले नकली क्यूआर कोड

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार** : बिजनौर थाना क्षेत्र में बुधवार को छापा मारकर पकड़ी गई शराब की बिक्री के लिए नकली क्यूआरकोड का उपयोग का खुलासा हुआ है यही नहीं जांच में सामने आया है कि ब्राडेंड कंपनियों के हजारों नकली ढक्कन भी खाली बोतलों के लिए लाए गए थे।

मालूम हो कि जिला आबकारी अधिकारी लक्ष्मीशंकर बाजपेई ने बुधवार को आबकारी टीम के साथ बिजनौर के नटकुर स्थित एक अंग्रेजी शराब के ठेके पर छापा मारा था। इस दौरान उन्हें चंडीगढ़ में बिक्री की जाने वाली 1440 बोतल शराब की बोतले मिली थी, इस दौरान उन्हें क्यूआरकोड का बंडल भी मिला। जांच में पाया गया कि 1005 क्यूआरकोड नकली हैं।

इसके साथ ही भारी मात्रा में ब्राडेंड शराब की खाली बोतले और 6141 नकली ढक्कन भी मिला। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि दुकान की अनुज्ञापी प्रेमवती का पुत्र हिमांशु जायसवाल ही दुकान पर सेल्समैन का काम करता था। पूछताछ में उसने बताया कि हसनगंज थाना क्षेत्र के रानीगंज में रहने वाला विशाल जायसवाल उसका इस काम में साथ दे रहा था। आबकारी विभाग की टीम ने दुकान की प्रेमवती, हिमांशु व विशाल जायसवाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।



बिजनौर थाने में आबकारी टीम के साथ आरोपी। अमृत विचार

▸▸ दुकान से ब्रांडेड शराब के हजारों नकली ढक्कन भी हुए बरामद

## शराब कारोबारी से फोन पर मांगी रंगदारी

**अमृत विचार, लखनऊ** : गोमतीनगर इलाके में शराब कारोबारी से मोबाइल पर कॉल करके रंगदारी मांगी गई। पीड़ित की शिकायत पर गोमतीनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चिनहट स्थित गनेशपुर रहमानपुर में राकेश कुमार शर्मा रहते हैं। उनका शराब का कारोबार है। उन्होंने बताया कि बुधवार को अंबेडकर पार्क चौराहे के पास से गाड़ी से निकल रहे थे। इस दौरान उनके पास एक कॉल आई। कॉल के पीछे मौजूद शख्स ने कहा कि आकर मिलो। साथ ही रंगदारी मांगी गई। रुपए न मिलने पर व्यापार बंद कराने और जान से मारने की धमकी दी गई। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर सर्विलांस की मदद से जांच की जा रही है।

# 80 % गोदामों के पास आग से निपटने के संसाधन नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार** : राजधानी में कई इलाकों में 200 से अधिक गोदाम चल रहे हैं। इनका संचालन अलग-अलग कंपनियां कर रही हैं। अधिकांश गोदाम रिहायशी इलाके में ही हैं। 80 प्रतिशत के पास अग्निकांड से निपटने के संसाधन नहीं है। वहीं, सिर्फ 70 के पास ही अग्निशमन विभाग की अनापत्ति प्रमाण पत्र हैं। विभाग जिस गोदाम की मानक पूरे न होने की जानकारी हो रही है उनके खिलाफ नोटिस भेजकर कार्रवाई की जा रही है।

पिछले तीन दिनों में दो गोदाम और एक कामर्शियल बिल्डिंग में आग लगी है। इनमें सीतापुर रोड स्थित सैरपुर इलाके में गोदरेज और पैनासोनिक और मड़ियांव इलाके में ग्रेट ईस्टर्न कंपनी के गोदाम में भीषण आग लग गई थी। एक को वेयर हाउस मालिक को तो तीन महीने पहले नोटिस दिया था। वहीं, दूसरे गोदाम की आग लगने पर जानकारी हुई थी। अग्निशमन विभाग ने नोटिस भेजने की तैयारी कर रहा है। विभागीय अधिकारी के मुताबिक राजधानी में 200 से ज्यादा गोदाम संचालित हो रहे हैं। ज्यादातर मानक के विपरीत हैं। हादसा होने पर ही उनके खिलाफ कार्रवाई शुरु होती है।

इस मामले में मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) मंगेश कुमार ने बताया कि कई लोगों ने फायर एनओसी के लिए अप्लाई किया था। उनमें से महज 70 ही अग्निशमन के मानकों को पूरा कर रहे थे। उन्हें एनओसी देदी गई। अन्य को मानक पूरे करने के लिए सूची तैयार कर दी गई थी। बावजूद इसके अबतक कोई कार्रवाई नहीं हुई।



▸▸ राजधानी के 200 में सिर्फ 70 गोदाम के पास ही है फायर एनओसी

▸▸ सैरपुर और मड़ियांव इलाके में हुए अग्निकांड के बाद जागा अग्निशमन विभाग

▸▸ मानक न पूरे करने वालों को अग्निशमन विभाग नोटिस दे कर कर रहा कार्रवाई

### हर वक्त बना रहता खतरा

सीएफओ ने बताया कि सभी फायर स्टेशन प्रभारियों को अभियान चलाने के लिए निर्देश दिया जाएगा। ताकि किस इलाके में कितने गोदाम संचालित हो रहे हैं। उनके मालिकों को नोटिस भेजी जाएगी। जो भी दस्तावेज कम होंगे। उसके आधार पर संबंधित विभाग को भी रिपोर्ट भेजी जाएगी। कई गोदाम ऐसे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में काम करते हैं। हर वक्त उनकी जान को खतरा बना रहता है। कई स्थान ऐसे हैं, जिनमें आग लगने पर भागने तक का रास्ता नहीं है। समय रहते सबक नहीं लिया गया, तो बड़ी घटना भी घटित हो सकती है।

## इटौंजा टोल पर पकड़ी गई तस्करी की शराब

**अमृत विचार, लखनऊ** : आबकारी विभाग और कमिश्नरेट पुलिस के संयुक्त आपरेशन में इटौंजा टोल पर एक कंटेनर पकड़ा गया। कंटेनर में तस्करी का 10 हजार से अधिक शराब बरामद हुई हैं।

पुलिस के मुताबिक उत्तराखंड के उधमसिंहनगर में आबकारी विभाग के अधिकारी नाम पर आरोपियों ने फर्जी पास बना लिया। इसके बाद वह शराब की 10716 बोतल शराब अरुणाचल प्रदेश ले आए। मामले में आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए राकेश कुमार जिला अंबाला, हरियाणा और सहायक कंडक्टर संजीव कुमार जिला अंबाला हरियाणा को पकड़ा है। आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

## सार-संक्षेप

### निजी कंपनी की महिला कर्मी से ऐंठे 18.20 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ** : कारोबारी बन जालसाज ने एक साइट पर निवेश करने का झांसा देकर निजी कंपनी में कार्यरत महानगर निवासी ज्योति शुक्ला से 18.20 लाख रुपए ऐंठ लिए। जेसीपी क्राइम आकाश कुलहरी के निर्देश पर महानगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पीड़िता ने बताया कि कुछ समय पहले उनकी मुलाकात गौतमबुद्धनगर सेक्टर– 79 निवासी देवव्रत कपूर से हुई थी। देवव्रत ने ज्योति को ओलंप ट्रेड नाम की साइट में निवेश करने का झांसा दिया। समझाया कि निवेश पर समय–समय पर अच्छा रिटर्न मिलेगा। आरोपी की बातों में आकर ज्योति ने 18.20 लाख रुपए निवेश कर दिए। कुछ समय के बाद जब ज्योति ने अपने रुपए वापस मांगे तो वह टालमटोल करने लगा। शक होने पर ज्योति ने देवव्रत के दिए गए चेक को बैंक ले जाकर चेक कराया तो पता चला कि खाता पहले ही बंद हो चुका है। खाता बंद होने की बात कहकर पीड़िता ने रुपए वापस मांगे तो आरोपी ने गाली गलौज करते हुए धमकाया। पीड़िता ने जेसीपी क्राइम से मुलाकात कर शिकायत की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर महानगर पुलिस ने धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### कर्नल की बेटी और युवती का मोबाइल चोरी

**अमृत विचार, पीजीआई** : आशियाना स्थित चांसलर क्लब से कर्नल की बेटी और विशाल मेगा मार्ट से एक युवती के आईफोन चोरी हो गए। आशियाना निवासी कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय की बेटी सेमल चांसलर क्लब की सदस्य हैं और रोजाना स्विमिंग करने जाती हैं। बीते रविवार वह स्विमिंग करने गई थी तो आई फोन चेंजिंग रूम में बने लॉकर में रख दिया था।जहां से उनका मोबाइल गायब हो गया । वहीं, सेक्टर–एफ की रहने वाली रिशिका तिवारी 1 अक्टूबर को विशाल मेगा मार्ट शॉपिंग करने गयी थी। इस दौरान आई फोन बैग में रखा था, जो बाद में गायब हो गया। उन्होंने मॉल प्रशासन से शिकायत करने के बाद बुधवार को आशियाना थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**अमृत विचार, पीजीआई** : वृन्दावन सेक्टर 16 के पास गुरुवार को बेकाबू कार ने सामने से आ रहे बाइक सवार रवि श्रीवास्तव को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक बाइक समेत कार में फंस गया। अनियंत्रित कार खाई की तरफ चली गयी। हादसे के बाद कार सवार फरार हो गये। घायल बाइक सवार युवक को अपेक्स ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। इंस्पेक्टर बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि घायल रुचि खंड निवासी रवि श्रीवास्तव के परिजन को सूचना दे दी गयी है। फिलहाल बाइक और कार पुलिस के कब्जे में है।

### ओला बाइक से जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**अमृत विचार, लखनऊ** : मड़ियांव स्थित शंकरपुर पुल पर गुरुवार सुबह बेकाबू कार ने ओला बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में पीछे बैठे युवक की मौत हो गई।मूल रूप से बिहार निवासी धीरेंद्र कुमार रोशन (35) आईआईएम रोड स्थित पाम पैराडाइज में रहते थे। पत्नी सुषमा ने बताया कि सुबह करीब 5 बजे धीरेंद्र ओला बाइक पर राइड बुक कर चारबाग जा रहे थे। जैसे ही बाइक शंकरपुर पुल पर पहुंची, तभी पीछे से आई कार ने टक्कर मार दी। हादसे में धीरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक घायल हो गया। राहगीरों ने हादसे की सूचना कंट्रोल रूम पर दी। पुलिस ने जेब में मिले मोबाइल से मृतक के परिजन को सूचना दी। साथ ही घायल को अस्पताल में भर्ती कराया।

### होटल में रूम लेकर की थी रेकी, चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ** : वसुधा रियल एस्टेट फर्म में चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को विभूतिखंड पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी वारदात को अंजाम देने के लिए होटलों में किराए पर कमरा लेते हैं। फिर दिन में फेरी की आड़ में घूम–घूम कर रेकी कर वारदात को अंजाम देते हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 87,400 रुपए, 2 सोने की बिस्कुट और जेवर बरामद किए हैं। एडीसीपी पूर्वी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 20 अगस्त को वास्तुखंड स्थित वसुधा रियल एस्टेट में चोरी की वारदात हुई थी। फर्म संचालिका सांझ वर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने घटना के बाद सीसी कैमरों के फुटेज को खंगालना शुरू किया। फुटेज की मदद से दो आरोपियों को सिनेपालिस मॉल के निकट रेलवे यार्ड के पास से पकड़ा। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम पश्चिम दिल्ली तिलकनगर निवासी मिंटू विश्वास और संभल निवासी राम भरोसे कश्यप बताया। पूछताछ में पता चला कि रियल एस्टेट के दफ्तर से 3 .25 लाख रूपये और सोने के 3 बिस्कुट चोरी हुए थे।

### क्षत्रिय महासभा का स्थापना दिवस समारोह आयोजित

**अमृत विचार, सरोजनीनगर** : बाग नंबर – 3 स्थित अखिल क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय कार्यालय में गुरुवार को संगठन का स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर संगठन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कुंवर विनोद सिंह द्वारा संगोष्ठी आयोजित हुई। कार्यक्रम में देश व समाज के निर्माण में क्षत्रिय समाज अपनी कैसे भूमिका अदा करें, इस पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख राधा मोहन सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ . सोमेश सिंह, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कुंवर विनोद सिंह, राष्ट्रीय महामंत्री अमित सिंह, इलाहाबाद विश्वविद्यालय के पूर्व महामंत्री संजय सिंह, राष्ट्रीय एडिटर मनोज सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोज सिंह, प्रदेश महामंत्री राहुल सिंह प्रिंस, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अशोक सिंह, मीडिया प्रभारी बृजेश सिंह, रंजीत सिंह कल्लू, बलराम सिंह और शैलेंद्र प्रताप सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



समारोह के दौरान अखिल क्षत्रिय महासभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

## एक नजर

### यूपी टीम में लखनऊ के रोहित शामिल



अमृत विचार, लखनऊ : सीके नायडू ट्रॉफी अंडर-23 आयुवर्ग की चार दिवसीय प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश ने टीम घोषित कर दी है। 16 सदस्यीय टीम में लखनऊ के एक खिलाड़ी रोहित द्विवेदी को जगह मिली। एलडीए कोचिंग सेंटर में अभ्यास करने वाले युवा तेज गेंदबाज रोहित ने पिछले सत्र में भी अपनी गेंदबाजी से चयनकर्ताओं को प्रभावित किया था। उनके प्रदर्शन के आधार उनका चयन यूपी टीम में हो गया। यूपी टीम के कप्तान की जिम्मेदारी गाजियाबाद के विकेटकीपर बल्लेबाज आराध्य यादव को सौंपी गई है। अन्य खिलाड़ियों में रितुराज शर्मा, समीर रिजवी, आदर्श सिंह, काव्य तेवतिया, मानव संधू, यशोवर्धन सिंह, शोएब सिद्दीकी, प्रशांत वीर, विजय यादव, शुभम बंसल, कुनाल त्यागी, अजय कुमार और अब्दुल रहमान को शामिल हैं।

### लखनऊ की मीमांसा ने जीता रजत



अमृत विचार, लखनऊ: लखनऊ की मीमांसा त्रिपाठी ने नई दिल्ली के जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित हुई एथलेटिक्स प्रतियोगिता में धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। 35वीं नेशनल नार्थ जोन जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मीमांसा ने 100 मीटर दौड़ में रजत पदक हासिल किया। केकेसी कॉलेज में मौजूद 200 मीटर के मैदान पर मीमांसा प्रशिक्षक प्रभा शंकर के निर्देशन में अभ्यास करती हैं। पिछले दो वर्ष से वह वहां अभ्यास कर रही हैं।

# रायबरेली को हराकर लखनऊ बना चैंपियन

## लखनऊ के पारस साहू को घोषित किया गया टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



प्रतियोगिता में चैंपियन बनी लखनऊ की टीम के खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** अंडर 17 बालक वर्ग मंडलीय क्रिकेट प्रतियोगिता सेन्टिनियल इंटर कॉलेज और लाला रामस्वरूप शिक्षा संस्थान इंटर कॉलेज की देखेरख में चौक स्टेडियम में आयोजित की गई। फाइनल मैच में धमाकेदार प्रदर्शन के साथ मेजबान लखनऊ ने जीत दर्ज की और चैंपियन बना।

फाइनल में लखनऊ का मुकाबला रायबरेली से हुआ। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी की और 5 विकेट पर 92 रन बनाए। अनशेन्द्र ने 33 रन और मानवेंद्र ने 25 रन बनाए। रायबरेली की ओर से हेमांश ने 9 रन देकर 2 विकेट लिए। जवाब में रायबरेली की टीम 43 रनों पर ऑल आउट हो गई। रायबरेली की ओर से हेमांश ने 11 रन बनाए। लखनऊ की ओर से उत्कर्ष अग्रहारी ने 3 विकेट, धीरज, पारस और मानवेंद्र ने दो- दो विकेट लिये। फाइनल में लखनऊ ने 49 रनों से जीत दर्ज कर की। लखनऊ के पारस साहू को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया।

पूर्व प्रतियोगिता में उन्नाव, रायबरेली और लखनऊ की टीमों ने प्रतिभाग किया। पहला मैच लखनऊ और उन्नाव के बीच खेला गया, जिसमें लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट पर 118 रन बनाए। लखनऊ की ओर से अनशेन्द्र 32, सूरज वर्मा ने 32 और मानवेंद्र 16 रन बनाये। उन्नाव के गुरबचन ने दो ओवर में 13 रन देकर 1 विकेट लिया। जवाब में उन्नाव की पूरी टीम 33 रनों पर ऑल आउट हो गई। लखनऊ की ओर से परास साहू ने 8 रन देकर 5 विकेट और मानवेंद्र ने 3 रन देकर 2 विकेट लिए।

# सेवन वंडर और चौक स्टेडियम ब्लू की जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ गोसाईंगंज स्थित रामबाग अमेठी में आयोजित हुई रैपिड कबड्डी लीग

**अमृत विचार :** गोसाईंगंज स्थित रामबाग अमेठी में रैपिड कबड्डी लीग आयोजित की गई। लीग का उद्घाटन एमएलसी राम चंद्र प्रधान ने किया। इस मौके पर अनिल, अनुज, बजरंग वर्मा, शराफत अली, पीसी यादव, आईएस सिद्दीकी मौजूद रहे। प्रतियोगिता में चौक स्टेडियम रेड, चौक स्टेडियम ब्लू, सेवन वंडर क्लब, सेवन वंडर क्लब, एसएस इंटरनेशनल क्लब, आरएस एकेडमी काकोरी, चिलोजी क्लब अमौसी, अटरिया क्लब, सीतापुर और बीकेटी क्लब की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

आज खेले गए मुकाबले में चिलोजी क्लब ने चौक स्टेडियम को रेड को 41-36 से हरा दिया। बीकेटी क्लब ने चौक स्टेडियम ब्लू को 38-23 से, सेवन वंडर ने चौक स्टेडियम रेड को 35-15 से, आरएस एकेडमी काकोरी ने एसएस इंटरनेशनल क्लब को 35-13 से, चिलोजी क्लब अमौसी ने अटरिया क्लब सीतापुर को 36-05 से और चौक स्टेडियम ब्लू ने एसएस इंअरनेशनल क्लब को 24-23 अंकों के अंतर से हराया।

# पीएमसी व एनएचबी सेमीफाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 23वां आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट



अमृत विचार : 23वां आदिकवि महर्षि वाल्मीकि टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में पीएमसी और एनएचबी ने जीत के साथ सेमीफाइनल में प्रवेश किया। चौक स्टेडियम पर तीसरे क्वार्टर फाइनल में पीएमसी ने मैन ऑफ द मैच राज के तूफानी शतक से एनसीसी को 109 रन से हराया। पीएमसी ने पहले बल्लेबाजी की और 12 ओवर में 7 विकेट पर 189 रन बनाए। राज ने 30 गेंदों पर 14 छक्के व दो चौके से 108 रनों की आतिशी पारी खेली। एनसीसी से तुषार को तीन व हिमांशु को दो विकेट की सफलता मिली। जवाब में एनसीसी नौ ओवर में 80 रन ही बना सका। तुषार ने सबसे ज्यादा 24 रन बनाए। पीएमसी से रोहित को 5 और राज को दो विकेट मिले। बेस्ट कैच का पुरस्कार पीएमसी के अन्नू को मिला।

चौथे क्वार्टर फाइनल में एनएचबी ने लवकुश नगर गौरी वारियर्स को 5 विकेट से हराया। लवकुश नगर गौरी वारियर्स ने 12 ओवर में नौ विकेट पर 126 रन बनाए। अविनाश ने 29 गेंदों पर 58 रन बनाये। एनएचबी से सचिन व यश को तीन-तीन एवं अमन को दो विकेट की सफलता मिली।

जवाब में एनएचबी ने 11.3 ओवर में 5 विकेट पर 129 रन बनाकर मैच जीत लिया। सुमित ने 41 रन व अमन ने 34 रन बनाकर जीत दिलाई। लवकुश नगर गौरी वारियर्स के आशीष को तीन विकेट की सफलता मिली। एनएचबी के रोहित को बेस्ट कैच का पुरस्कार वाल्मीकि विकास संस्थान के अध्यक्ष नरेश वाल्मीकि ने प्रदान किया। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले 13 अक्टूबर को केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर खेले जाएंगे।

# उबेद और कृष्णा को मिला पहला स्थान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



मंडल स्तरीय माध्यमिक विद्यालयीय जिमनास्टिक प्रतियोगिता में पदक के साथ विजयी खिलाड़ी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मंडल स्तरीय माध्यमिक विद्यालयीय जिमनास्टिक प्रतियोगिता गुरुवार का केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित की गई। प्रतियोगिता में 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के फ्लोर एक्सरसाइज पैरेललबर और बोल्टिं हॉर्स में राजकीय जुबली इंटर कॉलेज के छात्र कृष्णा चौधरी को प्रथम स्थान मिला।

इसी स्पर्धा में जुबली कॉलेज के आयुष तृतीय रहे। 17 वर्ष से कम आयु वर्ग में बाल विद्या मंदिर के छात्र उबेद प्रथम और त्रिलोकी सिंह इंटर कॉलेज के छात्र लव कुश द्वितीय रहे। बालिका वर्ग में 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के फ्लोर एक्सरसाइज में अनन्या ने प्रथम, जनता गर्ल्स इंटर कॉलेज की सुनैना ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

बालिका वर्ग की अंडर 17 वर्ग में फ्लोर तथा वोटिंग हॉर्स में आद्या सिंह ने प्रथम एवं जानवी गुप्ता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का समापन जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र बघेल, द्वितीय लखनऊ और अगांल और जिला विद्यालय निरीक्षक आंग्ल भारतीय भाषा लखनऊ मनीषा द्विवेदी मौजूद रहे। प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार और सह जिला विद्यालय निरीक्षक जय शंकर श्रीवास्तव भी इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।

# डांडिया की धुनों पर थिरकते रहे लोग



डांडिया नाइट में प्रस्तुति देते कलाकार। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोयल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स और एमआर जयपुरिया स्कूल की ओर से जीजे इवेंट्स और युवा उत्थान समिति ने फैजाबाद रोड स्थित गोयल परिसर में डांडिया नाइट का आयोजन किया। आयोजन में शामिल होने आये दर्शक देर रात तक डांडिया गीतों की धुनों पर थिरकते रहे। कार्यक्रम में मुम्बई से आईं पार्श्व गायिका गुल सक्सेना ने अपने गीतों से दर्शकों को बांधे रखा। गुल की धुनों को वॉयलेंट बैंड के कलाकारों ने और भी धमाकेदार बना दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में पंख ग्रुप के सदस्यों ने देवी स्तुति और गणेश वंदना पर नृत्य प्रस्तुति दी। इंडियन आइडल के कलाकार कुलदीप सिंह चौहान और दीपांशी यदुवंशी ने भी अपने गीतों से दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया।

रंग बिरंगे परिधानों में सजे विद्यार्थियों के साथ - साथ शिक्षकों ने भी इसका भरपूर आनंद लिया। उपस्थित जनसमूह में से मिस्टर व मिसेज डांडिया नाइट, डांसिंग दीवा, बेस्ट डांडिया जोड़ी और बेस्ट अटायर भी चुने गए। इस मौके पर निकाले गये लकी ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार के रूप में वाशिंग मशीन, द्वितीय पुरस्कार के रूप में एलईडी टीवी, तृतीय पुरस्कार के रूप में ऑयल हीटर के अलावा माइक्रोवेव, हेयर ड्रायर, स्टीम आयरन और ब्लू टूथ स्पीकर पुरस्कार के रूप में मिले। कार्यक्रम में समूह के चेयरमैन महेश गोयल, नीलम गोयल, मुरारी गोयल, समर्थ गोयल व प्रधानाचार्य रीना पाठक की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।



कैंटोनमेंट पूजा एंड सेवा समिति के पंडाल में शारदीय नवरात्र पर धुनुची नृत्य करतीं महिलाएं। अमृत विचार

## रामलीलाओं से राममय हुई राजधानी

### महानगर रामलीला में हुई सीता हरण का मंचन

**अमृत विचार, लखनऊ :** महानगर के रामलीला मैदान में मायावी मृग के पीछे गये राम जब मृग का वध करते हैं तो मरने से पहले वह राम की आवाज में हा...लक्ष्मण कहकर चिल्लाता है। इस आवाज को सुनकर परेशान सीता लक्ष्मण को राम की मदद के लिए भेजती हैं। उसी समय साधू वेश में पहुंचा रावण सीता का हरण कर लेता है। अपनी कुटिया में वापस लौटने पर राम सीता को न पाकर विलाप करते हैं। सीता को खोजने के लिए राम-लक्ष्मण सुग्रीव से मदद मांगने जाते हैं। यहीं पर हनुमान से मुलाकात होती है। रामलीला में शबरी प्रसंग, बाली सुग्रीव युद्ध, अशोक वाटिका प्रसंग और लंका दहन के प्रसंग दिखाए गए। रामलीला में पर्वतीय महापरिषद के मुख्य संयोजक टीएस मनराल, संयोजक के एन चंदोला, अध्यक्ष गणेश जोशी, महासचिव महेंद्र रावत संरक्षक एन के उपाध्याय वह डॉ. आरसी पन्त, रामलीला समिति के अध्यक्ष ललित मोहन जोशी, उपाध्यक्ष विनोद पन्त, महासचिव हेम पन्त, मुख्य संयोजक गिरीश जोशी, संयोजक दीपक पांडे दीनू, कोषाध्यक्ष नीरद लोहानी, अनिल जोशी, ताराचंद जोशी, संजय पांडे एवं आनंद सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### सीतापुर रोड की रामलीला में सीता हरण से भावुक हुए दर्शक

**अमृत विचार, लखनऊ :** सीतापुर रोड योजना के सेक्टर ए में चल रही रामलीला में सूर्पनखा नृत्य और अपनी भाव-भंगिमाओं के जरिये राम को आकर्षित करने की कोशिश करती है तो राम उससे लक्ष्मण के पास जाने को कहते हैं, वह लक्ष्मण के पास जाती है, लेकिन वह भी उसके जाल में नहीं फंसते। वह क्रोधित होकर अपना असली रूप धारण कर सीता की ओर झपटती हैं तो लक्ष्मण उसके नाक-कान काट लेते हैं। इस रामलीला में पंचवटी दृश्य, खरदूषण वध, सीताहरण, जटायु मरण, राम हनुमान भेंट, सुग्रीव मित्रता, बालि वध के दृश्यों का बखूबी मंचन किया गया।

### मौसमगंज : मेघनाथ की शक्ति से मूर्छित हुए लक्ष्मण

**अमृत विचार, लखनऊ :** डालीगंज स्थित मौसमगंज रामलीला में गुरुवार को लक्ष्मण शक्ति, कुंभकरण वध और मेघनाथ वध का मंचन किया गया। लंका के राजा रावण की ओर से सेनापति मेघनाथ और लक्ष्मण में घनघोर युद्ध हुआ। अंत में मायावी मेघनाथ के शक्ति बाण से लक्ष्मण मूर्छित हो गये। राम दल में हाहाकार मच गया। लीला के अगले दृश्य मे संजीवनी से लक्ष्मण ठीक हो गये। कुंभकरण मारा गया तो रावण व्यथित हो उठा। मौसमगंज रामलीला समिति के अध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल ने बताया कि दशहरा मेला कार्यक्रम 12 अक्टूबर को शाम 6 बजे मौसमगंज रामलीला मैदान में होगा। इस बार 30 फुट के रावण के पुतले का दहन होगा। इससे पूर्व बाराबंकी के आतिशबाज द्वारा आतिशबाजी का शानदार प्रदर्शन किया जाएगा। दशहरा मेला से पहले राम की शोभायात्रा धूमधाम से निकलेगी।

### आलमबाग : भाइयों के वध से व्यथित हो गया रावण

**अमृत विचार, लखनऊ :** आलमबाग के वेजीटेबुल ग्राउंड में चल रही रामलीला में मेघनाथ की शक्ति से लक्ष्मण मूर्छित हो गये तो हनुमान उनके लिए संजीवनी बूटी लेकर आये। पहाड़ लेकर आते हनुमान ने दर्शकों का दिल जीत लिया। गुरुवार को यहां कुंभकरण और मेघनाथ के वध के बाद सती सुलोचना प्रसंग भी देखने को मिला। रामलीला में राम (सत्यम यादव), लक्ष्मण (हर्षित सोनकर), हनुमान (मनोज श्रीवास्तव), अंगद (शिवम यादव), सुग्रीव (आनंद तिवारी ललई), रावण (जितेंद्र तिवारी), मेघनाथ (मानस पाठक), विभीषण (जगजीत सिंह जूली), कुंभकरण (संजय श्रीवास्तव चच्चू) और सुलोचना (अरविंद कुमार) ने सराहनीय भूमिकाएं अदा कीं।




पंतनगर की रामलीला की दीप जलाकर शुरुआत करते डॉ. दिनेश शर्मा व अन्य।

### पंतनगर रामलीला में हनुमान ने किया लंका दहन

**अमृत विचार, लखनऊ :** पंतनगर सांस्कृतिक समिति की ओर से आयोजित रामलीला महोत्सव के चौथे दिन की लीला की शुरुआत डॉ. दिनेश शर्मा ने दीप जलाकर की। इस अवसर पर गढ़वाली फिल्म असगार के निर्माता फिल्म की नायिका तथा पूरी टीम भी मौजूद रही। समिति के सांस्कृतिक मंत्री दीपक सनवाल ने बताया कि लीला मंचन में राम भरत का वन में मिलन, रामविलाप, हनुमान भेंट और सुग्रीव मैत्री के बाद हनुमान समुद्र पार कर लंका पहुंचते हैं और अशोक वाटिका में सीता व रावण के संवाद के बाद हनुमान राम की मुद्रिका सीता को सौंपते हैं। हनुमान अशोक वाटिका के फलों को खाकर अपनी भूख मिटाते हैं, फिर वाटिका को नष्ट कर देते हैं। मेघनाथ हनुमान को रावण के दरबार में ले जाते हैं जहां रावण के आदेश पर उनकी पूंछ में आग लगा दी जाती है, हनुमान संपूर्ण लंका को जला देते हैं। रामलीला में पूर्व पार्षद नरेंद्र सिंह देवड़ी, भोपाल सिंह बिष्ट, रमेश चंद्र जोशी, ललित सनवाल, कैलाश बिनवाल, पूरन सिंह नयाल, नवीन सिंह रावत, कृष्णा उप्रेती, कैलाश चंद्र जोशी और अन्नू कपकोटी की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

## विकासनगर में देवी जागरण आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** युवजन समाज कल्याण समिति के तत्वाधान में विकासनगर में शुक्रवार 11 अक्टूबर को देवी जागरण का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष रणविजय सिंह ने बताया कि विकासनगर स्थित लेखराज खजाना मार्केट के पास समिति 1990 से लगातार देवी जागरण करती आ रही है। इस दरबार में बड़ी संख्या में स्थानीय व क्षेत्रीय निवासियों के साथ साथ विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए आते हैं। समिति के संयोजक मोहन सिंह बिष्ट ने बताया कि इस वर्ष आयोजित होने वाले मां भगवती जागरण में राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम में मां की आराधना के साथ-साथ समाज के विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा।

# रामलीला में बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा मन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



सेंट जोसेफ स्कूल में श्रीराम, सीता और माता कौशल्या की भूमिका में बच्चे।

**अमृत विचार :** नन्हें-मुन्ने बच्चों को अपनी भारतीय संस्कृति, परम्पराओं और अपने त्यौहारों से परिचित कराने के लिए सेंट जोसेफ स्कूल में धूमधाम से दशहरा पर्व मनाया गया। सेंट जोसेफ समूह की राजाजीपुरम, सीतापुर रोड, रुचिखण्ड शाखाओं में नवरात्र व दशहरा पर्व बच्चों ने विविध कार्यक्रम किए। बड़ी संख्या में बच्चों ने प्रभु राम, माता जानकी, भ्राता लक्ष्मण, भरत और हनुमानजी के साथ महिषासुर मर्दिनी, नौ दुर्गा की वेश-भूषा को धारण किया।

इस अवसर पर नन्हे बच्चों ने लघु राम लीला का मंचन भी किया। जिसमें राम रावण युद्ध के पश्चात रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन के पूर्व विद्यालय के सीनियर छात्र-छात्राओं द्वारा महिषासुर मर्दिनी नृत्य नाटिका के माध्यम से महिषासुर का वध हुआ। प्रभु राम ने रावण वध से पूर्व शक्ति की उपासना की, तत्पश्चात रावण वध किया। श्रीअयोध्या धाम आने पर सेंट जोसेफ समूह के प्रबन्ध निदेशक अनिल अग्रवाल और निदेशक नम्रता अग्रवाल ने आरती उतार कर और पुष्प वर्षा के साथ प्रभु राम का राज्याभिषेक किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में बच्चे, अभिभावक व स्थानीय निवासी भी उपस्थित थे। विद्यालय समूह की संस्थापक अध्यक्ष पुष्पलता अग्रवाल ने कहा कि हमारे पर्व बच्चों को सदैव अच्छी शिक्षा देते है। प्रबन्ध निदेशक अनिल अग्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि राम के आदर्श आज भी प्रासंगिक होने के साथ अनुकरणीय है।

# महागौरी का हुआ भव्य श्रृंगार, मां ने धारण किये पीले रंग के वस्त्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शारदीय नवरात्र की अष्टमी को माता का महागौरी स्वरूप में श्रृंगार किया गया। माता ने पीले रानी रंग के वस्त्र धारण किये। मंदिर को लाल रंग में सफेद, पीले, नारंगी और गुलाबी फूलों व श्रृंगार के सामान से सजाया गया। सजावट अनूप सक्सेना और सुनील सिंह ने की।

श्रृंगार सामग्री माता को भेंट की गयी। उनके हाथों में सिन्दूर से भरा सिंधौरा रखा गया। महागौरी ने सुहागिनों को वर दिये। पं. रामगोपाल मिश्र, पं. गंगाधर पुनेठा व शिव प्रसाद शुक्ला ने दुर्गा सप्तशती का पाठ कराया, आरती की गई।

शाम के समय भजन मंडली के सदस्यों मंजु शुक्ला, रूचि तिवारी, सीमा चतुर्वेदी, वंदना टण्डन व अन्य महिला सदस्यों ने सहभागिता की। महिलाओं ने जय जय जय गिरिराज किशोरी और जय महेश सुख चन्द्र चकोरी का सुमधुर गायन किया. भोग के बाद प्रसाद में फल, मेवा, खोये के पेड़े, बिन्दियां, सिन्दूर के पैकेट, आलता, चूड़ियां, नेलपालिश व मेंहदी बांटी गयी।

### 51 शक्ति पीठ में महाअष्टमी पर हुआ हवन

**अमृत विचार, लखनऊ :** नंदना बक्शी का तालाब स्थित 51 शक्तिपीठ में नवरात्रि की अष्टमी में भक्तों ने महागौरी की आराधना की। मां का परम्परागत श्रृंगार किया गया। महाअष्टमी पर महागौरी के पिंडी पूजन का अवसर शक्तिपीठ की संस्थापक को मिला। बाद में यहां हवन किया गया। हवन के बाद पूर्णाहुति हुई।



ऐशबाग में आयोजित रामलीला का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

# राम-भरत मिलन ने किया भाव विह्वल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**मंचन**

**अमृत विचार :** राजधानी के विभिन्न स्थानों पर गुरुवार को भी रामलीलाओं की धूम रही। कहीं सीता हरण के बाद लोगों में मायूसी छा गई तो कहीं शक्ति से मूर्छित लक्ष्मण के लिए लोग चिंतित हो गये। विभिन्न रामलीलाओं में राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान और रावण के किरदार छाये रहे। सूर्पनखा का जिक्र भी हर रामलीला में मिला।

**ऐशबाग में शमशुर्ररहमान नवेद की गणेश वंदना से शुरू हुई रामलीला :** ऐशबाग रामलीला समिति के कलाकारों ने भास्कर बोस के निर्देशन में रामलीला कर माहौल को राममय कर दिया। रामलीला से पहले शमशुर्ररहमान नवेद ने गणेश वंदना से रामलीला की विधिवत शुरुआत की।

चित्रकूट में जब भरत राम से मिलते हैं तो यह दृश्य भाव विह्वल कर देता है। तमाम आयोध्यावासी, माताएं, मंत्रीगण राम से राजपाट ग्रहण करने का निवेदन करते हैं, जनक भी राम से अनुरोध करते हैं तो राम राजा बनना स्वीकार कर लेते हैं लेकिन पिता का वचन निभाने के लिए 14 वर्ष तक वनवास पूर्ण करने के बाद ही राजपाट स्वीकार करने की बात करते हैं।

भरत राम की चरण पादुका लेकर अयोध्या लौट जाते हैं और उसे सिंघासन पर रख कर कार्यभार संभालने का निर्णय करते हैं। आयोध्या वापस आकर भरत महल त्याग कर नंदीग्राम में आकर वनवासी वेशभूषा में नंदीग्राम से शासन चालने लगते हैं। कैकई भरत से अपने कृत्य की क्षमा मांगने आती है लेकिन भरत उन्हें यह कह कर विदा कर देते हैं कि क्षमा भैया राम से मंगियेगा। यह सुनकर कैकई महल में वापस आ कर विलाप करती हैं।

देवो रुष्टे गुरुस्त्राता गुरो रुष्टे न कश्चन:।
गुरुस्त्राता गुरुस्त्राता गुरुस्त्राता न संशय:॥

भाग्य रूठ जाए तो गुरु रक्षा करता है। गुरु रूठ जाए तो कोई नहीं होता। गुरु ही रक्षक है, गुरु ही शिक्षक है, इसमें कोई संदेह नहीं।

## संपादकीय

# शास्त्रीय भाषाओं का संवर्द्धन

सांस्कृतिक विविधता एवं समृद्धि की दृष्टि से भारत विश्व में अतुलनीय स्थान रखता है। 'कोस-कोस पर बदले पानी, चार कोस पर बानी' की विशिष्टता वाले हमारे देश में अनेक प्राचीन भाषाएं हैं, जो अभी भी प्रचलन में हैं। यह सच है कि कुछ भाषाएं अध्ययन एवं अनुसंधान समेत कुछ विशेष कार्यों के लिए प्रयुक्त होती हैं, पर वे विलुप्त नहीं हुई हैं। शास्त्रीय भाषाएं भारत की गहन और प्राचीन सांस्कृतिक विरासत की संरक्षक के रूप में काम करती हैं, जो प्रत्येक समुदाय के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मील के पत्थर का सार है। हाल ही में भारत सरकार ने पांच नई भाषाओं को 'शास्त्रीय' (क्लासिकल) भाषाओं की श्रेणी में शामिल किया है। ये भाषाएं मराठी, पाली, प्राकृत, असमी एवं बांग्ला हैं। संस्कृत, तमिल, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और उड़िया पहले से ही इस सूची में हैं। इस प्रकार अब देश में मान्यता प्राप्त शास्त्रीय भाषाओं की संख्या 11 हो गई है।

गौरतलब है कि 12 अक्टूबर 2004 को तमिल भाषा के साथ इस सूची का प्रारंभ किया गया था। उसी वर्ष नवंबर में संस्कृत और बाद के वर्षों में अन्य भाषाओं को शास्त्रीय दर्जा दिया गया। अब इन पांच भाषाओं को शामिल करने का निर्णय किया गया है। ये निर्णय विशेषज्ञ समिति एवं साहित्य अकादमी द्वारा तैयार मानदंडों के आधार पर लिए जाते हैं। हालांकि इस वर्ष सुझावों के आधार पर मानदंडों में कुछ संशोधन भी किए गए हैं। संविधान की आठवीं अनुसूची के अंतर्गत भारतीय भाषाओं को एक वर्गीकरण होता है। जनगणना के दौरान लोगों द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर भाषियों की गिनती की जाती है। केंद्र और राज्यों के स्तर पर विभिन्न भाषाओं को संरक्षित करने, उपलब्ध साहित्य का अनुवाद एवं प्रकाशन कराने तथा विकसित करने के कई कार्यक्रम चलते रहते हैं। पांडुलिपियों के संग्रहण और संरक्षण पर भी बहुत ध्यान दिया जाता है। ऐसे में शास्त्रीय भाषाओं की सूची का विस्तार एक उत्साहजनक व स्वागतयोग्य निर्णय है। इससे राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भाषाओं के सांस्कृतिक एवं अकादमिक महत्व को बढ़ाने में मदद मिलेगी। साल 2008 में शास्त्रीय तमिल के लिए एक केंद्रीय संस्थान की स्थापना की गई, जिसमें प्राचीन तमिल ग्रंथों के अनुवाद के साथ-साथ तमिल भाषा सिखाने के पाठ्यक्रम भी चलाए जाते हैं। कन्नड़, तेलुगू, मलयालम और उड़िया भाषाओं के लिए भी विशिष्ट केंद्र खोले गए हैं। वर्ष 2020 में संस्कृत के लिए तीन विश्वविद्यालयों की स्थापना की गई। विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में भारतीय भाषाओं के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए कार्यक्रम एवं पाठ्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उम्मीद की जा सकती है कि जिन भाषाओं को शास्त्रीय श्रेणी में शामिल किया गया है, उनके विकास के लिए भी अकादमिक प्रयास होंगे। साथ ही संस्थाओं और नागरिकों को भी इस दिशा में योगदान करना चाहिए।

# क्या ईश्वर के स्थान पर बैठ गया है इंसान



आर्य सागर खारी
नोएडा

प्रोटीन पर कार्य करने के लिए यह नोबेल पुरस्कार मिला है तो सबसे पहले प्रोटीन को हमें समझना होगा प्रोटीन क्या है? प्रोटीन मनुष्य सहित समस्त जीवधारियों व पेड़-पौधों के शरीरों का आधारभूत बिल्डिंग ब्लॉक है।

वर्ष 2024 का रसायन शास्त्र का नोबेल पुरस्कार किन वैज्ञानिकों को रसायन शास्त्र में किस काम के लिए मिला है, यह जानने समझने से पहले हमें यह जानना होगा कि 21 वीं सदी का रसायन शास्त्र बीकर, परखनली जैसे आधारभूत उपकरणों पर आश्रित न होकर कंप्यूटर प्रोग्रामिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे टूल पर निर्भर हो गया है। वर्ष 2024 का रसायन शास्त्र का नोबेल दो अमेरिकी व एक ब्रिटिश वैज्ञानिक को मिला है। अचरज की बात यह है कि इन तीन वैज्ञानिकों में कोई भी विशुद्ध तौर पर रसायन शास्त्री (केमिस्ट) नहीं है। पुरस्कार पाने वाले वैज्ञानिकों में दो कंप्यूटर वैज्ञानिक एआई विशेषज्ञ हैं तो तीसरे वैज्ञानिक कंप्यूटेशनल बायोलॉजिस्ट हैं। यह विज्ञान की आधुनिक शाखा है, जो कंप्यूटर साइंस, बायोलॉजी के मिश्रण से मिलकर बनी है।

प्रोटीन पर कार्य करने के लिए यह नोबेल पुरस्कार मिला है तो सबसे पहले प्रोटीन को हमें समझना होगा कि प्रोटीन क्या है? प्रोटीन मनुष्य सहित समस्त जीवधारियों व पेड़-पौधों के शरीरों का आधारभूत बिल्डिंग ब्लॉक है। हमारे बाल, नाखून, मसल्स जानवरों के सींग-पक्षियों के पंख हड्डियों को जोड़ने वाली कॉलेजन सभी प्रोटीन हैं। हमारे रक्त में पाए जाने वाला हीमोग्लोबिन शरीर में ग्लूकोज को नियंत्रित करने वाली इंसुलिन शरीर में पाए जाने वाले सभी हार्मोन यहां तक की एंजाइम सभी प्रोटीन हैं। प्रोटीन को यदि मानव शरीर से निकाल दे तो मानव शरीर पानी और हवा का एक बुलबुला मात्र रह जाएगा। शरीर की एक कोशिका दूसरी कोशिका से संपर्क जिन केमिकलों के माध्यम से करती है, वह केमिकल भी प्रोटीन है। शरीर संक्रमित होने पर अपनी रक्षा के लिए जिन एंटीबॉडी रसायनों का निर्माण करता है वह भी प्रोटीन ही है।

यह प्रोटीन प्रकृति में कुल 25 व हमारे शरीर में पाए जाने वाले 20 अमीनो एसिड से मिलकर बने होते हैं। आज दो करोड़ के लगभग प्रोटीन को आइडेंटिफाई किया जा चुका है। अमीनो एसिड क्या है? कार्बन आधारित जैविक अणु हैं, जो दहाई से लेकर हजारों की संख्या में जुड़कर एक खास सीक्वेंस में विभिन्न सरल से लेकर जटिल तीन आयामी प्रोटीन का निर्माण करते हैं। 1970 तक वैज्ञानिक एक्स-रे क्रिस्टलोग्राफी की सहायता से कुछ हजार प्रोटीनों की संरचना के विषय में जान पाए थे, जो समय साध्य प्रक्रिया थी। वैज्ञानिक यह तो जान गए थे कि किसी प्रोटीन विशेष में कुल कितने अमीन एसिड का प्रयोग हुआ है, लेकिन प्रोटीन की संरचना बेहद जटिल होती है। आप इसे ऐसे समझ सकते हैं, प्रोटीन एक ऐसी गाय-भैंस को बांधने वाली धातु की बेल है, जिसके प्रत्येक के कुंदे को तो आप जानते हैं। एक कुंदे से दूसरा कुंदा किस क्रम में जुड़ा हुआ है, आप बेल की संरचना को आसानी से समझ सकते हैं। सरल प्रोटीन के मामले में तो आप इस उदाहरण को लागू कर सकते हैं, लेकिन वही कुंदे मिलकर किसी जटिल बेल रूपी प्रोटीन संरचना का निर्माण करते हैं, जिसकी ओर छोर का हमें पता नहीं है। अब वह बेल मानो ऐसे उलझ गई है कि हम चाहकर भी उसे सुलझा नहीं सकते। जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी के कारण आतंकित होकर घरों में सिमटी हुई थी तब ऐसी जटिल प्रोटीन संरचना के विषय में वर्ष 2020 तक दुनिया को कुछ पता नहीं था कि कैसे मिनटों में उसकी संरचना ज्ञात करें।

प्रोटीन की संरचना को लेकर 50 वर्षों से अबूझ बनी हुई इस पहेली को सुलझाने में एंट्री होती है, जॉन जंपर व डेमिक हस्साबिक नामक दो कंप्यूटर वैज्ञानिकों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विशेषज्ञ की, जिनमें एक अमेरिकी तो दूसरे ब्रिटिश हैं। दोनों डीप एआई नामक कंपनी के संस्थापक हैं, जिसका अधिग्रहण अब गूगल ने कर लिया है। इन दोनों वैज्ञानिकों ने अल्फा फोल्ड टू नामक एआई टूल विकसित किया, जिसके माध्यम से चार चरणों में अमीनो एसिड के प्रथम सीक्वेंस का पता लगाकर फिर किसी भी प्रोटीन की संरचना का पूर्व अनुमान लगा सकते हैं। भले ही उस प्रोटीन की संरचना कितनी ही जटिल हो, पूर्व अनुमान एकदम सटीक निकलता है। इनके द्वारा विकसित इस टूल का 190 देशों के 20 लाख मॉलेक्युलर बायोलॉजिस्ट इस फील्ड से जुड़े हुए विशेषज्ञ प्रयोग कर रहे हैं।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इस दुनिया को बदलने वाला है। दशकों में नहीं सालों में यह सब कुछ बदलने की क्षमता रखता है। क्या जीवन के रहस्य को सुलझा लिया जाएगा? क्या जीवन दाता ईश्वर को एक तरफ उपेक्षित बैठा दिया जाएगा, क्योंकि कुछ लोग ऐसी रिसर्च के आधार पर ही यह तर्क गढ़ते हैं।

स्वीडिश नोबेल पुरस्कार कमेटी ने इन दोनों वैज्ञानिकों के काम की सहराना करते हुए नोबेल पुरस्कार की आधी राशि इन दोनों को देने की घोषणा की है। इन दोनों वैज्ञानिकों की खोज के आधार पर ऐसे एंजाइम जो प्रोटीन ही होते बनाए जा रहे हैं, जो पर्यावरण की शत्रु प्लास्टिक को अपघटित करेंगे। साथ ही एंटीबायोटिक दवाइयों से बैक्टीरिया में होने वाले रेजिस्टेंस की समस्या का समाधान भी इनकी खोज से संभव हो रहा है।

अब बात करते हैं तीसरे वैज्ञानिक डेविड बेकर की, जिन्हें पुरस्कार की आधी धनराशि मिली है। उन्होंने ऐसे प्रोटीन के निर्माण में महारत हासिल की, जो प्रकृति मानव शरीर या अन्य किसी जीव के शरीर में नहीं पाए जाते। इन्होंने रोसेटा नाम का कंप्यूटर प्रोग्राम खुद विकसित किया, जिसके माध्यम से 93 अमीनो एसिड को लेकर इन्होंने टॉप 7 नामक प्रोटीन बनाई जो नेचर में उपलब्ध नहीं है। इन्होंने अपनी बुद्धि को अनूठे तरीके से लगाया। इन्होंने अपने प्रोग्राम में प्रोटीन के घटक अमीनो एसिड के सीक्वेंस को न डालकर अपनी मनोवांछित प्रोटीन के डिजाइन को डाला, जिससे इन्हें अमीनो एसिड का सीक्वेंस मिल गया।

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इस दुनिया को बदलने वाला है। दशकों में नहीं सालों में यह सब कुछ बदलने की क्षमता रखता है। क्या जीवन के रहस्य को सुलझा लिया जाएगा? क्या जीवन दाता ईश्वर को एक तरफ उपेक्षित बैठा दिया जाएगा, क्योंकि कुछ लोग ऐसी रिसर्च के आधार पर ही यह तर्क गढ़ते हैं। यहां तक की जिनमें अधिकांश वैज्ञानिक नहीं होते वह कहते हैं जब वैज्ञानिक ऐसी प्रोटीन का निर्माण कर सकते हैं, जो ईश्वर की बनाई इस दुनिया में उपलब्ध नहीं हैं तो क्या यह संभव नहीं है? मनुष्य ईश्वर के स्थान पर आ गया है। इन सभी तर्कों का एक ही निराकरण है कि वैज्ञानिक जो भी कुछ करते हैं। भले ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी पॉवरफुल टूल उन्हें मिल गई है। वह सृष्टि रचना के नियमों का ही सहारा लेकर कुछ रचकर पाते हैं। वैज्ञानिकों के पास सृष्टि रचना सृष्टि में काम कर रहे विविध भौतिक रासायनिक जैविक नियमों से भिन्न कोई भी व्यवस्था नहीं है। अमीनो एसिड के बगैर कोई भी वैज्ञानिक कोई प्रोटीन नहीं बना सकता। अमीनो एसिड कार्बन नाइट्रोजन हाइड्रोजन जैसे तत्वों से मिलकर बने होते हैं। इन तत्वों के एक परमाणु को भी कोई वैज्ञानिक नहीं बना सकता।

यदि कोई प्रोटीन 100 अमीनो एसिड के सीक्वेंस से मिलकर बनी है तो उससे रैंडमली 10 की पावर 47 डिफरेंट संरचना बन सकती है। यह आंकड़ा इतना विशाल है कि आप इसकी गणना नहीं कर सकते अर्थात 10 के आगे 47 शून्य। अब इतनी विशाल संख्या में बनने वाली संरचनाओं की संभावना में से जो जीवन के लिए आवश्यक प्रोटीन हैं, वह यदि बने तो उसके लिए इतना समय चाहिए जितना समय सृष्टि की उत्पत्ति से लेकर आज पर्यंत हो चुका है अर्थात अरबों वर्ष। हमारे शरीर में तो हमारी कोशिकाएं अंग कुछ मिली सेकंड में ही हीमोग्लोबिन एल्बुमिन जैसी प्रोटीन बनाती हैं, जो रक्त का निर्माण करती है। वैज्ञानिकों ने अपनी गणनाओं से निष्कर्ष निकला कि यह पूर्व निर्धारित होता है। प्रत्येक अमीनो एसिड में यह जानकारी होती है, उन्हें किस उपयोगी प्रोटीन का निर्माण करना है, जिससे समय की बचत हो। अव्यवस्था का शरीर की कोशिका में कोई स्थान नहीं है। सब कुछ व्यवस्थित तरीके से होता है।

इस व्यवस्था की ही, जो व्यवस्थापक शक्ति है वही तो ईश्वर है। वेदों में जिसे प्रचेता अर्थात उत्कृष्ट ज्ञान देने वाला कहा गया है। आम आदमी जो शरीर की संरचना से अनभिज्ञ हैं। जीवन व्यवहार का उपयोगी ज्ञान ईश्वर उसको भी देता है और हमारे 2024 के रसायन शास्त्र के पुरस्कार विजेताओं को भी वही ज्ञान देता है। अंतर केवल इतना है कि आस्तिक व्यक्ति इसे शुद्ध अंतःकरण से स्वीकार करता है। इन वैज्ञानिकों ने अपने परिश्रम से एक सुखद रोगों से रहित दुनिया बनाने की दिशा में अपना सार्थक योगदान दिया है। मूल में ईश्वर के साथ-साथ हम इन वैज्ञानिकों के भी आभारी रहेंगे।

## प्रसंगवश

# क्या शोभा की वस्तु हैं गनर और पुलिस

यों तो पुलिस का नाम ही है आरक्षी और रक्षा करना उनका पावन कर्तव्य है। थानों में गीता के एक श्लोक की पहली पंक्ति दीवार पर मोटे अक्षरों में अंकित रहती है, "परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्:"। यानी वे सज्जनों की रक्षा और दुष्टों के विनाश के लिए हैं।

इसके अलावा तमाम विशिष्ट लोगों को शासन अलग से रक्षक प्रदान करता है, जो शैडो, गनर, पीएसओ आदि पद नामों से पुकारे जाते हैं। इतना होते हुए भी कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ती रहती हैं और ये 'रक्षक' 'तटस्थ' बने रहते हैं। बात करते हैं उत्तर प्रदेश के लखीमपुर की, जहां 'अर्बन कोऑपरेटिव बैंक' के प्रतिनिधियों के चुनाव के समय स्थानीय भाजपा विधायक योगेंद्र वर्मा की पिटाई हुई। यह तब हुआ जब वहां पुलिस और एसडीएम मौजूद थे। यही नहीं, उन्हें व्यक्तिगत रक्षक गनर भी मिला हुआ था। यह घटना कारित करने वाला कोई साधारण व्यक्ति न होकर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अवधेश सिंह व उनके समर्थक थे, जिनकी पत्नी पुष्पा सिंह इस चुनाव में प्रत्याशी थीं। वे अध्यक्षा रह भी चुकी हैं। यह उदाहरण उद्धृत करने योग्य इसलिए भी है कि इस कानून भंजक घटना के पात्रों में एक कानून बनाने वाला है तो दूसरा न्याय पीठों को सही निर्णय तक पहुंचने में कानून बताकर मदद करने वाला नामचीन आधिवक्ता है। चूंकि मजिस्ट्रेट, पुलिस और गनर मूक दर्शक बने रहे और अपराध कारित होता रहा, तो इतना तो स्पष्ट हो ही गया कि प्रदेश में पुलिस, गनर आदि शोभा की ही वस्तु हैं। दोनों पक्ष भारतीय जनता पार्टी के हैं। अतः कम ही उम्मीद है कि कोई मुकदमा दर्ज होकर कार्यवाही होगी।




रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

एक और उदाहरण याद आ रहा है। अमेरिका की एक यूनिवर्सिटी में सभी छात्र 'श्वेत' थे। संयोग से एक 'अश्वैत' ने भी एडमीशन ले लिया। उसे श्वेत सताने लगे। यूनिवर्सिटी जाना दूभर हो गया। शासन ने पुलिस लगाई। विद्यार्थियों की संख्या बहुत थी। अश्वेत की रक्षा बेहद कठिन थी। अंततः उस एक विद्यार्थी के नागरिक अधिकारों की रक्षार्थ कई हजार पुलिस लगाई गई और वह बच्चा सकुशल वहां पढ़ता रहा। यूपी के इस प्रकरण में यदि लीपापोती हुई, तो कानून व्यवस्था पर से लोगों का विश्वास बहुत शिथिल हो सकता है।

# बिच्छू का मंत्र न जाने, पर सांप के बिल में हाथ डाले

इन दिनों हिंदुओं को हिंसक बताने का चलन सा हो गया है। कहा जाता है कि हिंदू धर्म हिंसक है! इसकी पुष्टि में प्रायः एक उद्धरण प्रस्तुत कर दिया जाता है, "वैदिक हिंसा हिंसा न भवति।" एक मित्र के पटल पर इस आशय का विमर्श दिखा था। उसे देखकर मेरे मन में जो भाव उठे, वे निवेदित हैं। हमारी चिंतन प्रणाली इतने निचले दर्जे पर कभी न रही। कहने के लिए हम विज्ञान के प्रवर्तक हैं, किंतु वैज्ञानिक बुद्धि का हममें लेश भी नहीं। अधकचरे ज्ञान से हम लबालब हैं, पर इससे काम चलने वाला नहीं है। यह धोखा देगा।

सवाल है कि हिंदुओं को अपमानित करने के लिए अपनी समझ को धूल धूसरित करने से क्या फायदा? सोचे-समझे वगैर दिए गए उद्धरणों से ज्ञान के संस्कार आपके गिरेंगे। भावी पीढ़ियां और आपके प्रपौत्र आप पर हंसेंगे और तब कोई पुरुषोत्तम आप की रक्षा करने के लिए न होगा। पहले तो यह समझें कि 'वैदिक हिंसा हिंसा न भवति,' यह वेद और उपनिषद का वाक्य नहीं है। यह भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा रचित नाटक सत्य हरिश्चन्द्र का अंश है। उसका प्रसंग अलग और सीमित है। यह कोई विश्वजनीन सूक्ति नहीं है। ध्यान रहे किसी भी उक्ति की अर्थवत्ता प्रसंग पर निर्भर होती है। प्रसंग बदलते ही अर्थ बदल जाता है। कभी-कभी अर्थ का अनर्थ भी हो जाता है। सवाल है कि हम यह सब कब समझेंगे? कब समझेंगे कि नाटक दर्शन नहीं है। वह साहित्य का अंग है और एक कलात्मक विधा है। अन्य कलाओं की तरह इसका अलग महत्व है। रस एवं ग्राह्य मनः स्थिति उत्पन्न करना इसका साध्य है। भावोद्वेलन इसका जरिया है। अब रही बात जैन धर्म की! तो निःसंदेह जैन धर्म में जिस रूप में अहिंसा का प्रतिपादन है, वैसा अन्यत्र नहीं। वहां अहिंसा की पराकाष्ठा है, किंतु इसका यह अर्थ कदापि नहीं कि जैनियों के समाज में हिंसा के दृष्टांत नहीं मिलते। क्या जैन राजा युद्ध में हिंसा नहीं करते थे? क्या अपराधियों को दंड का प्रावधान जैन समाज में नहीं है? क्या हिंसा का दृष्टांत भर मिल जाने से हम जैन धर्म को हिंसक बता देंगे? इन सवालों पर विचार करना चाहिए।



रामचंद्र ओझा
रांची, झारखंड

पहले तो यह समझें कि 'वैदिक हिंसा हिंसा न भवति,' यह वेद और उपनिषद का वाक्य नहीं है। यह भारतेंदु हरिश्चंद्र द्वारा रचित नाटक सत्य हरिश्चन्द्र का अंश है।

बौद्धों ने रोहिंग्या में मुसलमानों के साथ जो किया, वह सभी जानते हैं, किंतु इस आधार पर बौद्ध धर्म को कोई हिंसक धर्म नहीं मानता। बौद्धों ने 'जय बुद्ध' का नारा लगा तलवार नहीं खींची थी। गौर करें तो हर समाज में हर चीजों के दृष्टांत मिलेंगे, किंतु धर्म के मूल्यांकन का आधार उसका दर्शन है। कुरान के अनुसार काफिरों को मार देने की बात कही गई है तो क्या मुसलमान सभी हिंदुओं की हत्या करते चलते हैं? प्रेम और दोस्ती का भी तो प्रमाण मिलता है। दृष्टांत से कसौटी नहीं बदलती। इसलिए टॉर्च लेकर दृष्टांत न खोजें। क्या हम समझते हैं जैन और बौद्ध धर्म आसमान से टपके हैं या भारतीय धार्मिकता के अंग रहे हैं? हमें जानना चाहिए कि जैन धर्म में बताया गया सत्य, अहिंसा और अपरिग्रह वस्तुतः उपनिषदों में भी है। एक नहीं कई उपनिषदों में ये प्रबलता से मौजूद हैं। छांदोग्य उपनिषद में सत्य, आर्जवम (ईमानदारी), दान, तप और अहिंसा, पांच आवश्यक गुण अपरिहार्य बताए गए हैं। शांडिल्य उपनिषद में दस संयमों की सूची दी गई है, जिसमें अहिंसा, सत्य, अस्तेय, ब्रह्मचर्य, दया, आर्जव, क्षमा, धृति, मिथ्याहार और शौच प्रमुख हैं।

सनातन, बौध और जैन में अंतर इन गुणों को लेकर नहीं है, बल्कि कुछ दार्शनिक बिंदुओं में भेद के कारण है। सत्य की अवधारणा और उस तक पहुंच के मार्ग को लेकर है। कुछ अंतर देश-काल के कारण है। किंतु अहिंसा भारतीय सभी धर्मों के मूल में है। परंतु वह अकारण नहीं है बल्कि उसकी एक दार्शनिक पृष्ठभूमि है। सवाल है कि इस अहिंसा का निहितार्थ क्या है। इसका अभिप्राय जानना जरूरी है।

इसका अभिप्राय केवल इतना है कि किसी की हत्या हमें इस कारण नहीं करनी चाहिए कि वह दूसरे धर्म और दूसरे देवता का उपासक है। मतभिन्नता के कारण किसी को शत्रु समझना वर्जित है। मत भिन्नता को उनका धर्म ग्रंथ शत्रु मानता हैं। इस पाग में मार्क्सवाद भी पगा हुआ है। अतः सांप के बिल में हाथ देने के पहले बिच्छू का मंत्र अवश्य जान लेना चाहिए और यह भी जान लेना चाहिए कि सनातन, जैन और बौद्ध अहिंसा का प्रतिपादन करते हैं, पर वहां भी आत्म रक्षा में हिंसा कहीं वर्जित नहीं है।

## सोशल फोरम

# प्रेम प्रकृति का वरदान

खान सर की जानकारी और उनके शिक्षण कौशल का मैं प्रशंसक हूं, लेकिन बच्चों को प्रेम करने से हड़काने का जो काम वे करते हैं, वह घातक है। लाखों विद्यार्थियों को प्रतियोगिता की आग में झोंककर भी वे सफलता तो उतने को ही दिला पाएंगे न जितनी सीटें हैं? कुछ सौ या हजार विद्यार्थी मन को मारकर अगर सफल भी होते हैं तो उन लाखों असफल के लिए वे क्या सोचते हैं, जो न इधर के रहे, उन उधर के रहे। जो प्रेम और नौकरी दोनों से हाथ धो बैठे उनके प्रति उनका कोई दायित्व नहीं?

प्रेम प्रकृति का महान वरदान है। वह सहज-सुलभ नैसर्गिक आनंद है। उसमें बाधा डालने से मनुष्य सुखी नहीं हो पाएगा। सुयोग्य शिक्षक तो वह है, जो उस प्रेम की रक्षा करते हुए अध्ययन के प्रति प्रेम पैदा कर सके। सही शिक्षक वह है, जो प्रेमकला सिखाए न कि प्रेम से डराए। प्रेम अमृत है, नौकरी तो जीविका का साधन मात्र है। प्रेमरहित जीवन नीरस है, चाहे व्यक्ति कितनी ही बड़ी नौकरी क्यों न हासिल कर ले। समाज में प्रेमकला सिखाने वालों का घोर अभाव है। इसकी वजह से बच्चों का जीवन यौवन ऊर्जा की अग्नि में झुलस रहा है। अगर बच्चों में प्रेम का भाव नहीं पैदा किया तो गुरु या शिक्षक होने का हक नहीं है। शिक्षक को सदैव प्रेम को सकारात्मक ऊर्जा के रूप में छात्रों के समक्ष रखना चाहिए।

प्रेम प्रकृति का महान वरदान है। वह सहज-सुलभ नैसर्गिक आनंद है। उसमें बाधा डालने से मनुष्य सुखी नहीं हो पाएगा। सुयोग्य शिक्षक तो वह है, जो उस प्रेम की रक्षा करते हुए अध्ययन के प्रति प्रेम पैदा कर सके। सही शिक्षक वह है, जो प्रेमकला सिखाए न कि प्रेम से डराए।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

खान सर भी रूढ़िवादियों की तरह प्रेम के प्रति दृष्टि रखेंगे तो वे जितना उपकार नहीं कर पाएंगे, उससे ज्यादा अपकार कर बैठेंगे। इसलिए आग्रह है कि वे अपनी प्रेम विरोधी दृष्टि पर पुनर्विचार करें।

-फेसबुक वॉल से

# समाज के लिए आघात हैं तलाक के बढ़ते मामले

मान्यता है कि वैवाहिक जोड़े ईश्वर स्वर्ग में बनाता है, लेकिन हमेशा इन जोड़ों की आपस में नहीं बनती और ये बीच सफर में ही अलग होने का फैसला कर लेते हैं। सात जन्म का यह रिश्ता सही तरीके से एक जन्म भी नहीं चल पाता है और बात तलाक या विवाह विच्छेद तक पहुंच जाती है। पहले भारत में तलाक के किस्से आम नहीं थे, क्योंकि हमारे यहां विवाह एक सामाजिक और धार्मिक संस्कार के रूप में माना जाता था, जिसमें दंपति तमाम वैवाहिक और पारिवारिक समस्याओं के बावजूद इसे जीवनपर्यंत निभाने की कोशिश करते थे। अनेक ऐसे परिवार हैं, जिनमें पति-पत्नी में कभी नहीं बन पाई, परंतु उन्होंने समाज और परिवार को ध्यान में रखकर अलग होने की बात कभी नहीं सोची, परंतु अब बदलते समय के साथ लोग इस दिशा में मुड़ने लगे हैं।

भारत में तलाक के मामले पिछले कुछ दशकों में बहुत तेजी से बढ़े हैं। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार 2019-21 में तलाक की दर 0.8 प्रतिशत से बढ़कर 1.2 प्रतिशत हो गई, जिसमें शहरी क्षेत्रों में सबसे अधिक वृद्धि हुई है। पिछले दो दशकों में तलाकों की संख्या दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है। आज दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे शहरों में तलाक की दर वैवाहिक जोड़ों में 30 प्रतिशत से भी ज्यादा है। दिल्ली, बेंगलुरु, मुंबई, कोलकाता और लखनऊ जैसे बड़े शहरों में तलाक के मामलों में तीन गुना वृद्धि हुई है। हालांकि पितृसत्तात्मक समाज प्रधानता वाले राज्य उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और राजस्थान आदि जैसे में तलाक और अलगाव की दर अपेक्षाकृत कम है। पूर्वोत्तर क्षेत्रों में तलाक की दर बहुत अधिक है। चिंताजनक बात यह है कि भारत में छोटे शहरों व गांवों में भी तलाक की दर में वृद्धि देखी जा रही है। दिल्ली में तलाक के प्रतिवर्ष लगभग 9 हजार मामले दर्ज किए जाते हैं, जो नब्बे के दशक में दर्ज होने वाले औसतन एक हजार मामलों से बहुत अधिक हैं। कोलकाता और चेन्नई में भी तलाक की दर में 200 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। केरल में तलाकों में 350 प्रतिशत की तो पंजाब और हरियाणा में तलाक के मामलों में 150 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। एक आंकड़े के अनुसार 2021 में देश भर की पारिवारिक न्यायालयों में विवाह विच्छेद के मामले करीब पांच लाख थे, वहीं वर्ष 2023 में बढ़कर आठ लाख से अधिक हो गए। महिलाओं की अपेक्षा तलाक की मांग करने वाले पुरुषों की संख्या बढ़ रही है। भारतीय समाज में विवाह भले ही एक सामाजिक और धार्मिक संस्कार माना जाता रहा हो, परंतु एक पक्ष हमेशा से इसे पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंग के रूप में देखता रहा है, जो पति द्वारा पत्नी के शोषण पर आधारित था। पाश्चात्य संस्कृति से उपजी सोच ने तलाक को स्त्री स्वतंत्रता से जोड़कर देखना शुरु कर दिया है, जिसने परंपरागत वैवाहिक मूल्यों को कमजोर कर दिया है। भारत में शादी दो लोगों के बीच नहीं, बल्कि दो परिवारों के बीच होती है। हमारे देश में प्यार, नफरत, विवाह और दूसरी शादी जैसी समस्या को सामाजिक स्तर पर सुलझा लिया जाता रहा है। सर्वप्रथम वर्ष 1955 में संसद में हिंदू कोड बिल पारित किया, जिसमें महिलाओं को संपत्ति का अधिकार दिया गया। बहु विवाह पर रोक लगाई और तलाक मांगने का अधिकार भी मिला। वर्ष 1976 में इस में संशोधन किया गया तथा इसमें पति-पत्नी के बीच सहमति से तलाक लेने की अनुमति दी गई। पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव में समय के साथ ही परंपरागत संयुक्त परिवार टूटने लगा और स्त्री घरेलू से कामकाजी होते हुए आर्थिक रूप से स्वतंत्र होने लगी। हालांकि पति भी अब पहले जैसे पुरुषवादी सोच के नहीं रहे हैं। तलाक के अधिकतर मामलों में यह मुख्य कारण उभर आता है कि दंपति द्वारा शादी के पहले के वादे पूरे न करना। इसके अतिरिक्त अपनी नौकरी की वजह से पत्नी को कम समय देना, नौकरी के कारण अलग-अलग शहरों में रहना। पत्नी की जिम्मेदारी न उठाना, विवाहेतर संबंध इत्यादि आम कारण रहा है। कई लोग घर वालों के दबाव में शादी कर लेते हैं, लेकिन बाद में यह रिश्ता कड़वाहट के साथ टूट जाता है। तलाक के निरंतर बढ़ते मामले एक बड़े सामाजिक बदलाव की ओर संकेत कर रहे हैं। हालांकि अभी भी भारत में तलाक की दर दुनियाभर में सबसे कम है, परंतु जिस तीव्र गति से इनमें वृद्धि हो रही है, उससे क्या यह आशंका नहीं कि भविष्य में हम पश्चिमी देशों के बराबर खड़े हो जाएंगे? यदि ऐसा हुआ तो इसका बुरा असर समाज के साथ-साथ देश पर भी पड़ेगा। सामान्यत संबंध विच्छेद की सबसे अधिक पीड़ा बच्चों के हिस्से में आती है। एकल परिवार में पले लड़कों में निष्क्रिय रहने की प्रवृत्ति होती है और लड़कियों में अवसाद एवं भटकाव की आशंका काफी अधिक बढ़ जाती है।



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

भारतीय समाज में विवाह भले ही एक सामाजिक और धार्मिक संस्कार माना जाता रहा हो, परंतु एक पक्ष हमेशा से इसे पितृसत्तात्मक व्यवस्था के अंग के रूप में देखता रहा है, जो पति द्वारा पत्नी के शोषण पर आधारित था।

लंदन की किंगस्टन यूनिवर्सिटी में हुए एक रिसर्च के अनुसार तलाक लेने के पांच साल बाद पुरुषों की तुलना में महिलाएं ज्यादा खुश रहती हैं, क्योंकि तलाक के बाद उन्हें खुलकर जीने का मौका मिला था। इसका सबसे बुरा असर यह पड़ रहा है कि जोड़े अब विवाह के बजाय लीव इन रिलेशनशिप में रहना ज्यादा पसंद करने लगे हैं, जिसमें कोई आपसी उत्तरदायित्व नहीं है और जब चाहें अलग हो जाएं, कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं और कोई पारिवारिक दायित्व नहीं। परंतु इससे विवाह नाम की संस्था की समाप्ति का डर है और परिवार का तो अंत ही हो जाएगा। यह भारतीय समाज के लिए बहुत बड़ा आघात होगा।

# शालीनता के प्रतीक रतन टाटा

हम सबके बीच रतन टाटा नहीं रहे। खबर सुनकर उनसे जुड़ी ढेर सारे किस्से कहानियां और घटनाएं, जहन में एक-एक कर उभरने लगी थी। इनमें कुछ घटनाएं ऐसी भी हैं, जिन्हें जानने-सुनने के बाद उनके गंभीर और शालीन व्यक्तित्व का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

वर्ष 2014 की बात है। देश में अभी सत्ता का परिवर्तन नहीं हुआ था। उन्हीं दिनों रतन टाटा ने एक इंटरव्यू के दौरान अपने साथ घटित, एक ऐसे वाकये का जिक्र किया था, जिसे सुनकर सारा देश चौंक गया। चौंकना स्वाभाविक भी था, यदि प्रधानमंत्री के कार्यालय में कोई अधिकारी स्वयं रतन टाटा से किसी काम के एवज में पैसे की डिमांड करता है। देश के गिने-चुने शीर्ष उद्योगपतियों में से एक, रतन टाटा एक दिन स्वयं प्रधानमंत्री से मिलने उनके कार्यालय गए हुए थे। उन्हें 2जी स्पेक्ट्रम के संदर्भ में बातें करनी थीं। प्रधानमंत्री की अनुपस्थिति के चलते उनकी मुलाकात प्रधानमंत्री से नहीं हो पाती। लौटने से पूर्व, कुछ सोचकर वो वहां के एक अधिकारी के पास अपनी समस्या के निदान हेतु पहुंच गए। रतन टाटा आवाक रह गए, जब उस अधिकारी ने काम के एवज में पैसे की डिमांड रख दी। वो अपने चेहरे पर निर्विकार भाव लिए, वगैर कुछ कहे, वहां से वापस लौट आए। अपने इंटरव्यू में इस पूरे वाकये पर उन्होंने एक लाइन की टिप्पणी की थी "जब एक अदना सा अधिकारी रतन टाटा से रिश्वत की मांग कर सकता है, फिर तो सहज ही देश की हालात और सर्वत्र व्याप्त भ्रष्टाचार की कल्पना की जा सकती है"। धीर गंभीर दिखने वाले रतन टाटा का व्यक्तित्व ही कुछ ऐसा था कि उनकी प्रेम कहानियों की कोई खास चर्चाएं कभी भी गासिप कालम तक नहीं पहुंची, जबकि उनकी अंतिम दोस्ती तो फिल्म इंडस्ट्रीज की बहुचर्चित अभिनेत्री सिम्मी गरेवाल के साथ भी चली थी, जो पूरे सात सालों तक मंजिल की तलाश में भटकती रही।



विजय सिंह
रुद्रपुर, उत्तराखंड

# बुक कैफे बनेगा, लाइट एंड साउंड शो भी होंगे

## बटलर पैलेस में रंगारंग कार्यक्रम भी किए जाएंगे आयोजित, बैठक में दिया गया प्रेजेन्टेशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजस्थानी शैली में निर्मित शहर का 'बटलर पैलेस' अब किताबों के शौकीनों की पहली पसंद बनेगा। परिसर में हेरिटेज लुक में बुक कैफे बनेगा, जहां फोटो गैलरी के साथ लाइट एंड साउंड शो आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा लॉन व ओपन थियेटर में आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी के साथ रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे।

गुरुवार को इस प्रोजेक्ट का लखनऊ विकास प्राधिकरण के पारिजात सभागार में मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब की अध्यक्षता में प्रेजेन्टेशन दिया गया। बैठक में भारत के शत्रु सम्पत्ति अभिरक्षक राहुल रमेश नांगरे व एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार समेत अन्य अधिकारी व अभियंता उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा लगभग 5 करोड़ रुपये की लागत से बटलर पैलेस के संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। जल्द वाह्य व आंतरिक क्षेत्र का कार्य पूरा हो जाएगा। परिसर में वीवीआईपी गेस्ट हाउस या फिर बुक कैफे बनाकर संचालन करने का प्रस्ताव दिया। बताया कि यहां से तीन से चार किमी के दायरे में 100 से अधिक स्कूल, कॉलेज व कोचिंग संस्थान हैं। ऐसे में बटलर पैलेस में बुक कैफे विकसित करने से स्टूडेंट्स व किताबों के शौकीनों को एक बेहतर स्थान मिलेगा और बड़ी संख्या में लोग इसका लाभ उठा सकेंगे। बुक कैफे के साथ-साथ बटलर पैलेस में फोटो गैलरी व द्वितीय तल पर ऑडियो-विजुअल शो का प्रावधान भी किया जाएगा। साथ ही रात के समय पैलेस की दीवार पर अवध की संस्कृति को दर्शाता हुआ लाइट एंड साउंड शो आयोजित किया जाएगा।


एलडीए सभागार में बैठक करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार

मंडलायुक्त ने बुक कैफे के प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए निर्देश दिए कि पैलेस के पास स्थित गार्डेन एरिया को भी सार्वजनिक उपयोग में लाया जाए। इसके लिए ओपन थियेटर व गार्डेन एरिया में आर्ट एंड क्राफ्ट प्रदर्शनी व रंगारंग कार्यक्रम आदि आयोजनों को भी प्रस्ताव में शामिल किया जाए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी भू-अध्याप्ति उमेश चंद्र उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (पूर्वी) अमित कुमार, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. शुभी सिंह, एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव, अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा व मुख्य अभियंता अवनीन्द्र कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### ग्रीन कॉरिडोर में आ रहीं बाधाएं दूर करने को कराएं सर्वे

मंडलायुक्त ने ग्रीन कॉरिडोर परियोजना की बैठक की। निर्देश दिए कि पक्का पुल से डालीगंज तक आरओबी/फ्लाईओवर निर्माण, निशातगंज से कुकरैल तक 4-लेन सड़क निर्माण व बंधा चौड़ीकरण के कार्यों में आ रहीं बाधाएं संबंधित अधिकारियों के साथ संयुक्त सर्वे करके दूर करें। इसमें पेड़ों की गिनती, एचटी लाइन, पाइप लाइन व सीवर लाइन आदि शिफ्ट करने के लिए नगर निगम, जल निगम, जलकल, सिंचाई विभाग, लेसा व वन विभाग के अधिकारियों को अलग से पत्र भेजा जाए।

# फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट के निर्माण कार्य में अनियमितता की लोकायुक्त जांच शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ लोक निर्माण विभाग ने जवाब के लिए मांगा समय



**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज में निर्माण कार्यों में कथित तौर पर हुई भारी अनियमितता के मामले की लोकायुक्त जांच शुरू हो गई है। लोक निर्माण विभाग के अफसर जांच के दायरे में हैं। लोकायुक्त संगठन की नोटिस पर विभाग के अफसरों ने जवाब देने के लिए 45 दिनों का समय मांगा है।

त्रिवेणीनगर निवासी संत प्रसाद शुक्ल की ओर से लोकायुक्त संगठन में की गई शिकायत में इस संस्था में निर्माण कार्य में भारी अनियमितता का आरोप लगाया गया है। कहा गया है कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने निर्माण के दौरान 10 करोड़ रुपये से ज्यादा का घोटाला किया। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता निर्माण खंड-एक अशोक कुमार ने हाल ही में लोकायुक्त संगठन के सचिव राजेश कुमार को पत्र भेजकर नोटिस पर जवाब देने के लिए समय बढ़ाने की मांग की है। अधिशासी अभियंता ने अपने पत्र में लोकायुक्त की ओर से भेजे गई नोटिस का उल्लेख किया है, जिसमें शिकायत पर तथ्यात्मक आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था।

## एक नजर

### धूमधाम से मनाया गया डांडिया महोत्सव

**अमृतविचार, निगोहां :** कस्बे में स्तिथ मॉडर्न पब्लिक स्कूल में डांडिया महोत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धज कर मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं जिससे दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। रंगारंग कार्यक्रम में मुख्य अतिथियों और अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक पृथ्वी राज, प्रधानाचार्या सीमा शर्मा सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।

### राजभवन में अष्टमी पर देवी महागौरी की आराधना

**अमृत विचार, लखनऊ :** शारदीय नवरात्र व गरबा महोत्सव के आठवें दिन गुरुवार को राजभवन में मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की आराधना व आरती संपन्न हुई। इस अवसर पर भक्ति और साधना के नृत्य गरबा व सनेडो पर छात्र-छात्राओं ने नृत्य किया।

### ट्रक में लोड सेलिब्रेशन चॉकलेट के 56 बॉक्स गायब, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ/सरोजनीनगर :** गोमती नगर के ओमेक्स रेजिडेंसी स्थित पीबीएम लॉजिस्टिक लिमिटेड के मैनेजर ने कंपनी के ट्रक चालक पर ट्रक में लोड चॉकलेट के 56 बॉक्स गायब करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मैनेजर शीशपाल ने बताया कि उसका डिपो कटी बगिया में स्थित है। 8 अक्टूबर की शाम डिपो से रिलायंस रिटेल लिमिटेड नटकुर प्रांगण के लिए ट्रक में सेलिब्रेशन चॉकलेट के 112 बॉक्स लोड हुए थे और अगले दिन सुबह 10 बजे ट्रक को खाली होना था। लेकिन ट्रक ड्राइवर रायबरेली निवासी अमन कुमार 9 अक्टूबर को तड़के करीब 2 बजे गाड़ी लेकर डिपो से निकल गया। उसने गाड़ी सरोजनीनगर स्थित रिंग रोड पर खड़ी कर दी। बाद में सुबह करीब 7 बजे उसने सूचना दी कि गाड़ी से 56 बॉक्स गायब हो गए हैं।

# पीजीआई इलाके में नकाब गिरोह का आतंक

संवाददाता, पीजीआई

▸▸ इंजीनियर समेत दो के मकान से नकदी व जेवरात किए पार

**अमृत विचार :** पीजीआइ इलाके में नकाब गिरोह के चोरों का आतंक है। इस गिरोह के निशाने पर वृंदावन कालोनी, एल्डिको और आसपास की पॉश कालोनियां है। लगातार हो रही चोरी की घटना से इलाकाई लोग परेशान हो गए है। बुधवार रात को इस गिरोह ने इंजीनियर समेत दो लोगों के घर से लाखों रुपये का सामान साफ कर दिया। सीसीटीवी कैमरे में गिरोह के सदस्य नकाब पहले हुए कैद हो गया है।

वृंदावन कालोनी के सेक्टर-11 ए निवासी साफ्टवेयर इंजीनियर अनुराग तिवारी नौकरी के चलते पुणे में रहते हैं। यहां ऊपर के हिस्से को किराए पर दे रखा है। बुधवार शाम को किराएदार गुड्डू यादव परिवार के साथ रायबरेली अपने गांव गए थे। गुरुवार सुबह पहुंचे तो ताला टूटा था। अलमारी का सामान भी बिखरा था। चोरों ने घर के अंदर से 25 हजार नकदी और चार लाख की जेवर साफ कर दिए थे। वही नीचे के हिस्से में बंद पड़े अनुराग के घर से चोरों ने अलमारी में रखे आठ लाख रुपये के जेवर, नकदी व अन्य सामान पार कर दिया। इस मामले में किराएदार गुड्डू ने पीजीआइ थाने में तहरीर दी है। इस मामले में इंस्पेक्टर पीजीआइ बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि पूरी रात चेकिंग अभियान भी चलाया जाता है। कोई भी संदिग्ध दिखता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

**जींस और नकाब पहनता है गिरोह :** गुड्डू ने घर में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया तो चोरी करने वाला गिरोह कैद हुआ है। इसमें सभी चोर जींस और नकाब पहनकर चोरी को अंजाम देते दिखे हैं। चेहरा ढका होने से पहचानने में पुलिस को दिक्कत होगी।

# ई-रिक्शा से महिला को लेकर पहुंचा था रामू

**अमृत विचार, लखनऊ:** मानकनगर के रेलवे के स्लीपर ग्राउंड में लापता 44 वर्षीय महिला की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में चार दिन बाद भी पुलिस व सर्विलांस की टीमें उसे पकड़ नहीं सकी हैं। पुलिस ने लखनऊ, रायबरेली, उन्नाव समेत 5 जिलों में उसकी तलाश में छापेमारी की लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस को सर्विलांस से अहम जानकारी हाथ लगी है।

# बारकोड से ट्रेस की जाएंगी एलडीए की फाइलें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ गोमती नगर के प्राधिकरण भवन में तीन करोड़ से बनेगा हाईटेक रिकार्ड रूम

▸▸ लगेंगे बारकोड, दोनों कार्यालयों की एक जगह रहेंगी फाइलें

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के रिकार्ड बारकोड से स्कैन करके ट्रेस किए जाएंगे। इसके लिए गोमती नगर स्थित प्राधिकरण भवन की पुरानी बिल्डिंग में तीन करोड़ रुपये से हाईटेक रिकार्ड रूम बनाया जाएगा और गोमती नगर के साथ लालबाग स्थित कार्यालय के सभी रिकार्ड सहेज कर रखे जाएंगे।

उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण में नजूल, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट, सीलिंग, अर्जन, मानचित्र व सम्पत्ति आदि की हजारों महत्वपूर्ण फाइलें हैं। इसमें नजूल व ट्रस्ट की कुछ फाइलें 18वीं सदी की हैं। वर्तमान में इन सभी फाइलों का रख-रखाव दो जगहों पर होता है। इसमें एक लालबाग स्थित एलडीए कार्यालय व दूसरा रिकार्ड गोमती नगर स्थित प्राधिकरण भवन की पुरानी बिल्डिंग के रिकार्ड रूम होता है। अलग-अलग स्थानों पर रिकॉर्ड रूम होने से पत्रावलियां सुरक्षित रखने, ढूंढने और लाने ले जाने में परेशानी होती है। फाइलों के गुम होने की शिकायतें आती रहती हैं।

### पुराने दस्तावेजों का होगा डिजिटाइजेशन

नजूल व इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट आदि के पुराने दस्तावेज संरक्षित करने के लिए उनका डिजिटाइजेशन कराया जाएगा। रिकॉर्ड रूम का संचालन संवेदनशील तरीके से हो, इसके लिए अनुभाग में तैनात कर्मचारियों को ही प्रवेश की अनुमति रहेगी। अनुभाग के कर्मचारियों को ही रिकॉर्ड रूम का एक्सेस कार्ड दिया जाएगा। निर्माण व अपग्रेडेशन कार्य के टेंडर जारी किया गया है।


रतन टाटा को श्रद्धांजलि देते उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के पदाधिकारी।

# व्यापारियों ने दी रतन टाटा को श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** उद्योगपति रतन टाटा के निधन राजधानी के व्यापारियों में शोक की लहर दौड़ गई। लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र ने कहा कि रतन टाटा एक दूरदर्शी राष्ट्रभक्त कारोबारी थे। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रांतीय कार्यालय पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सर्वहित व्यापार मंडल ने सर्वोदय नगर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार यादव ने कहा कि रतन टाटा ने अपनी बुद्धिमत्ता और कौशल से टाटा समूह को ऊंचाइयों पर पहुंचाया। उनके निधन से देश और उद्योग जगत को बड़ी क्षति हुई है।

# इलाज में लापरवाही, चिकित्सक दे 10 लाख हर्जाना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ राज्य उपभोक्ता आयोग ने सुनाया फैसला

▸▸ सरकारी डॉक्टर होने के बाद भी निजी प्रैक्टिस का भी आरोप

**अमृत विचार:** मधुमेह के मरीज की बिना किसी जांच के इलाज करने के बाद हालत बिगड़ गई। मरीज को एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल के चक्कर काटने पड़े। मरीज ने चिकित्सक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए राज्य उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया। आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्य ने चिकित्सक को 10 लाख रुपये हर्जाना देने के आदेश दिए।

सिविल लाइंस फतेहपुर निवासी फूल सिंह यादव को 27 जून 2010 की रात अचानक लघु शंका के समय तेज दर्द हुआ और लघु शंका नहीं हुई। फूल सिंह अपने एक साथी के साथ जिला चिकित्सालय पहुंचे। वहां इलाज के बाद उन्हें कोई लाभ नहीं हुआ और एक अन्य नर्सिंग होम में गए। नर्सिंग होम से प्राथमिक उपचार के बाद स्वरूप रानी हास्पिटल प्रयागराज में यूरो सर्जन डॉ. दिलीप चौरसिया को दिखाने की सलाह दी गई।

27 जून 2010 को करीब 3 बजे दिन में बालाजी नर्सिंग होम बालाजी इंस्टीट्यूट आफ रीनल डिसीज प्रयागराज पहुंचे और डॉ. दिलीप चौरसिया को दिखाया। डॉक्टर ने अल्ट्रासाउंड, एक्सरे कराने के लिए भेजा। डॉ. चौरसिया ने आपरेशन के लिए 16 हजार रुपये लिए और बिना मधुमेह की जांच कराए आपरेशन कर दिया। 29 जून 2010 को डॉ. चौरसिया ने फूल सिंह को डिस्चार्ज कर दिया। फूल सिंह की तबीयत में कोई सुधार नहीं हुआ और उनको अन्य चिकित्सकों के चक्कर काटने पड़े। उन्होंने डॉ. चौरसिया पर सरकार चिकित्सक होने के बावजूद निजी प्रैक्टिस करने का भी आरोप लगाया।

फूल सिंह ने राज्य उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया। राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष एवं न्यायाधीश अशोक कुमार और सदस्य विकास सक्सेना ने पूरे मामले की सुनवाई की। अधिवक्ताओं की दलील सुनने और पत्रावली का अवलोकन करने के बाद डॉ. दिलीप चौरसिया पर 10 लाख रुपये हर्जाना लगाया।

आदेश दिया कि वाद दाखिल होने की तिथि से 9 प्रतिशत साधारण वार्षिक ब्याज की दर से एक माह के भीतर दिया जाए। साथ ही डॉ. चौरसिया के अनुचित कृत्य के लिए उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई के लिए सीएमओ प्रयागराज को 60 दिनों के भीतर जांच कर रिपोर्ट प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा को देने के आदेश दिए।

## सार-संक्षेप


अलीगंज में शौचालय का उद्घाटन करते महापौर और विधायक। अमृत विचार

### 44 मानकों पर खरे 6 अत्याधुनिक शौचालयों की शुरुआत

**अमृत विचार, लखनऊ :** शहर में 6 अत्याधुनिक शौचालय बनाए गए हैं। कपूरथला चौराहा, संगम तिराहा, टेढ़ी पुलिया कुर्सी रोड, टंडन फौवारा चौक, विकल्प खंड चिनहट और नेबर्स हुड पार्क पर शुलभ इंटरनेशनल सोसाइटी ने शौचालयों का निर्माण कराया है। गुरुवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने विधायक डॉ नीरज बोरा के साथ कपूरथला से शौचालयों का उद्घाटन किया। महापौर ने बताया कि शौचालयों का निर्माण स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में वाटर प्लस व जीएफसी सेवन स्टार रेटिंग के लिए किया गया है। उन्होंने बताया कि वाटर प्लस प्रमाणपत्र ऐसे शौचालयों को मिलता है, जो बेस्ट टॉयलेट श्रेणी में आते हैं और 44 मानकों से परिपूर्ण होते हैं।


रामलीला के मंचन में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागी। अमृत विचार

### डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज में रामलीला का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. राजेन्द्र प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज लखनऊ के विवेकानंद सभागार में गुरुवार को रामलीला का आयोजन किया गया| रामलीला में राम के जन्मोत्सव, राम व सुग्रीव की मित्रता, बाली वध, माता सीता की खोज, रावण दरबार, सीता हरण, रावण-हनुमान संवाद व लंका दहन का मंचन किया गया। रामलीला में प्रियांशी वर्मा ने राम, पायल शुक्ला ने लक्ष्मण, तोशिका प्रधान ने सीता, नीरज ने हनुमान, रिमझिम मौर्या ने रावण, देवा ने मृग की भूमिका निभाई। महाविद्यालय के संस्थापक डॉक्टर डीसी श्रीवास्तव ने रामलीला में सुंदर और शानदार अभिनय करने वाले कलाकारों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वी के श्रीवास्तव, महाविद्यालय की प्रवक्ता शीला श्रीवास्तव, टी के चौधरी, पूनम श्रीवास्तव, विनीता श्रीवास्तव, आरती निगम, रूबी मिश्रा, साक्षी श्रीवास्तव, नवनीत सिंह, पंकज शुक्ला, इरम फातिमा, सना बानो सरिता राठौर आदि उपस्थित रहे।


अभियंताओं के साथ जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह। अमृत विचार

### अभियंताओं को मिली मनचाही तैनाती

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के परिकल्प भवन सभागार में गुरुवार को अवर अभियंताओं का पदस्थापन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभाग के 11 नव प्रोन्नत अधिशासी अभियंताओं ( यांत्रिक ) और 144 नवनियुक्त अवर अभियंताओं ( सिविल ) को उनके द्वारा मांगे गए विकल्प के अनुरूप पारदर्शी प्रक्रिया के तहत तैनाती दी गई। इस दौरान जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें और किसानों के हित में बहुमूल्य योगदान दें। प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जलसंसाधन अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष अखिलेश सचान, प्रमुख अभियंता परियोजना संदीप कुमार मौजूद रहे ।

# आंगनबाड़ी केंद्र में लिए खाद्य सामग्री के नमूने

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने गुरुवार को मलिहाबाद के आंगनबाड़ी केंद्र से चने की दाल, दलिया, रिफाइंड आयल का नमूना लिया। हुसैनाबाद इमामबाड़ा रोड स्थित दुकान में रंग डालकर बेची जा रही बूंदी नष्ट कराई। 15 खाद्य सामग्रियों की जांच की।

आंगनबाड़ी केंद्र मलिहाबाद में बच्चों को बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की ओर से उपलब्ध कराए जाने वाले खाद्य पदार्थ की गुणवत्ता की जांच के लिए चने की दाल, दलिया और रिफाइंड आयल का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा। मलिहाबाद के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षकों और छात्र-छात्राओं को जागरूक भी गया। सभी को फास्ट फूड, जंक फूड और नशीले पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी। टीम ने ठाकुरगंज खोया मंडी में फूड सेफ्टी आन व्हील के माध्यम कारोबारियों को मिलावट न करने के लिए सचेत किया। यहां पर दुकानों से हल्दी पाउडर, मिर्च पाउडर, मावा की मिठाई, दूध, बेसन की मिठाई, चाय की पत्ती, जूस की जांच की गई। मावा और दूध में मिलावट की जांच करने का तरीका भी बताया। टीम ने प्रतिष्ठानों पर जाकर कुट्टू आटा, मखाना, मावा, साबूदाना, दूध, धनिया पाउडर, पनीर के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे। सहायक खाद्य आयुक्त द्वितीय विजय प्रताप सिंह ने बताया कि 9 नमूने लिए गए।


सामग्री की जांच करती खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीम।

▸▸ दुकान में बिक रही रंग मिली बूंदी नष्ट कराई, नमूने भी भरे गए

# भैंस के विवाद में पड़ोसियों ने की दो बहनों की पिटाई

**अमृत विचार, माल:** थाना क्षेत्र के लोहजरा गांव में भैंस के विवाद में अकेले पाकर दो सगी बहनों ज्योति तथा अंजली पुत्री चन्द्र राम को पड़ोसी अजय उर्फ छोटेलाल, रोहित तथा सीमा ने लात घूसा तथा डंडे से पिटाई कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। अंजली का सिर फट गया। ज्योति की नाक से खून गिरने लगा। परिजन ने दोनों को अस्पताल ले जाकर इलाज कराया। मां चंदाना की तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। चंदाना का आरोप है कि बेटियां घर पर अकेली थीं। अकेले पाकर आरोपियों ने भैंस बांधने की जगह को लेकर विवाद करने के बाद हमला कर दिया।

# जमीन दिलाने का झांसा देकर हड़पे 16.25 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ पीड़ित ने सआदतगंज कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट

▸▸ पीड़ित ने रुपये वापस मांगे तो धमकाया

**अमृत विचार:** जमीन दिलाने का झांसा देकर जालसाज भाइयों ने एक व्यक्ति से 16.25 लाख रुपए ठग लिए। जमीन न मिलने पर पीड़ित ने रुपए वापस मांगे तो धमकाया गया। सआदतगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

चौक के अशरफाबाद इलाके में एसएम सुलेमान उर्फ बब्लू परिवार के साथ रहते हैं। वे एक जमीन खरीदना चाह रहे थे।

इस सिलसिले में उनकी मुलाकात सआदतगंज के रुस्तम नगर निवासी तलहा और हारून से हुई थी। आरोपी ने जमीन दिलाने का दावा करते हुए एसएम सुलेमान से 16.25 लाख रुपए लिए थे।

प्लॉट नहीं मिलने पर पीड़ित ने रुपए वापस मांगे तो टालमटोल करते रहे। दबाव बनाने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने सआदतगंज पुलिस से शिकायत की।

शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर बृजेश सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# ओएलएक्स पर एड पोस्ट कर गंवाए 1.29 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ओएलएक्स पर एड पोस्ट करना इंजीनियरिंग छात्रा समेत दो के लिए भारी पड़ गया। जालसाजों ने बैंककर्मी और फर्नीचर मालिक बनकर छात्रा समेत दो युवतियों के खातों से 1.29 लाख रुपए उड़ा लिए। पुलिस मामले दर्ज कर जांच कर रही है।

विवेक खंड -2 में इंजीनियरिंग छात्रा चारू पांडेय परिवार के साथ रहती हैं। उन्होंने बताया कि विकासनगर शेखूपुरा स्थित घर किराए पर देने के लिए ओएलएक्स पर विज्ञापन अपलोड किया था। 8 अक्टूबर को भाई के पास एक कॉल आई। जालसाज ने अपने को बैंककर्मी बताया। चार माह का एडवांस देने के लिए क्यूआर कोड भेजा। कोड स्कैन करते ही चारू के खाते से 72 हजार रुपए निकल गए।

अमीनाबाद निवासी मानसी अग्रवाल ने ओएलएक्स पर पोर्टेबल एसी का विज्ञापन डाला था। फोन पर एसी खरीदने की बात की। फिर पेटीएम के माध्यम से खाते से 57 हजार रुपए पार कर दिए। ठगी का एहसास होने पर मानसी ने अमीनाबाद कोतवाली में आईटी एक्ट की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना | 1250 लाभार्थियों का हुआ था चयन, 1013 के आवेदन लंबित

# ट्रांजिट बीमा में फंसा गाय खरीद का अनुदान, बाध्यता खत्म

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पशुपालन के साथ दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए 2023 में मंडलीय जिलों में शुरू हुई नंद बाबा मिशन के तहत मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना साकार नहीं हो पाई है।

बाहरी राज्य से गाय खरीदने पर वहीं से ट्रांजिट बीमा कराने की बाध्यता और अन्य कठिन कागजी प्रक्रिया के कारण योजना में चयनित कुल 1250 लाभार्थियों में 1013 को अनुदान नहीं मिला है और आवेदन लंबित हैं। जबकि योजना के ज्यादातर लाभार्थी हरियाणा, राजस्थान समेत अन्य राज्यों से साहीवाल, गिर, थारपाकर व गंगातीरी दुधारू गाय खरीदकर इकाई संचालित कर रहे हैं। ट्रांजिट बीमा यानी बाहरी राज्य से गाय लाने पर जोखिम को देखते हुए कुछ दिन के लिए कराया जाता है।

इसमें आ रही समस्या के कारण सरकार ने बीमा की बाध्यता हटा दी है। साथ ही अब लाभार्थियों को चयन प्रमाण पत्र मिलते ही जल्द गाय खरीदनी होगी और अनुदान जल्द मिलेगा। इससे पहले गाय खरीदने के लिए दो माह का समय निर्धारित था। दुग्धशाला अधिकारी संजय सिन्हा ने बताया कि बीमा स्वैच्छिक हो गया है। साथ ही सभी जिलों में योजना संचालित की जाएगी।

### इतने आवेदन लंबित

लखनऊ 72, बरेली व सहारनपुर 61-61, मुरादाबाद 60, आगरा 43 आवेदन, अलीगढ़ 45, मिर्जापुर, बांदा व झांसी 59-59, कानपुर नगर 67, आजमगढ़ 37, गोरखपुर 33, गोंडा 45, बस्ती 52, अयोध्या व वाराणसी 70-70, प्रयागराज 56, मेरठ 64

### दो गाय पर 80 हजार रुपये अनुदान

यह दो गाय की दो लाख रुपये से इकाई लगाने की दुग्ध विकास विभाग की योजना है। इसका नोडल पशुपालन विभाग है। चयनित लाभार्थी को बाहरी राज्यों से साहीवाल, गिर, थारपाकर व गंगातीरी में कोई दो गाय खरीदने के साथ उनका तीन साल का बीमा, टीनशेड, चारा मशीन समेत अन्य संसाधन खुद से पहले करने हैं। इसके बाद कुल 80 हजार रुपये अनुदान मिलता है। वहीं, मिशन निदेशक राकेश कुमार मिश्र ने समीक्षा में खराब प्रगति मिलने पर दो माह के अंदर गाय खरीदकर 100 फीसद अनुदान भुगतान करने के निर्देश दिए हैं।

## चौथा आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

**नानपारा, बहराइच, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र के ताजपुर टेडिया गांव में पांच किलो गेहूं चोरी के आरोप में बाल मुड़वाने और कालिख पोतकर गांव में टहलाने का मामला तूल पकड़ रहा है। हिंदू संगठनों ने सख्त कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में चौथा आरोपी अभी तक नामजद पूर्व प्रधान को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पुलिस ने मामले में चुप्पी साध रखी है।

बता दें कि गेहूं चोरी का आरोप लगाते हुए मुर्गी फार्म संचालक ने अपने साथियों के साथ मिलकर तीन किशोरों के सिर मुंडवाये। इसके बाद सिर पर पेंट से चोर लिखकर उन्हें पूरे गांव में घुमाया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ तो पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया। तीन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# दुर्गा पूजा देखने गए लोगों पर पथराव

## गोंडा का मामला : मची भगदड़, डीएम-एसपी ने संभाला मोर्चा, एक हिरासत में

**संवाददाता, मसकनवा, गोंडा**

**अमृत विचार :** छपिया थाना क्षेत्र की मसकनवा बाजार में बुधवार की देर रात दुर्गा पूजन महोत्सव के दौरान पूजा के बाद पंडाल के बाहर आतिशबाजी कर रहे कुछ बच्चों पर विशेष समुदाय के कुछ युवकों ने हमला बोल दिया। उन्हें लाठी डंडा लेकर मारने की नीयत से दौड़ा लिया। इस अप्रत्याशित हमले से श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई। इस दौरान विशेष समुदाय के लोगों ने ईंट पत्थर भी चलाए, जिससे छोटे बच्चों समेत कई लोग चोटिल हो गए। इसके बाद बहुसंख्यक समुदाय के लोग आक्रोशित हो उठे।

हालांकि पुलिस ने सूझबूझ का परिचय देते हुए लोगों को कार्रवाई का भरोसा दिलाकर उन्हें शांत कराया। सूचना मिलने पर डीएम एसपी भी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। मामले में पूजा समिति के एक सदस्य की तरफ से 12 नामजद समेत कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिस एक आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मसकनवा बाजार में बुधवार की रात दुर्गा पूजा पंडाल में माता की आंख की पट्टी खोले जाने के बाद पंडाल से चंद कदम की दूरी पर बच्चे आतिशबाजी कर रहे थे। इसी दौरान बगल में रहने वाले असलम पुत्र लल्लन, सुल्तान पुत्र अजात, मुन्ना पुत्र इदरीश अपने परिवार समेत बच्चों को दौड़ा लिया और ईंट पत्थर चलाने लगे।


आक्रोशित लोगों को समझातीं डीएम नेहा शर्मा व एसपी विनीत जायसवाल।

> पूजा समिति के सदस्य की तरफ से दी गयी तहरीर पर 12 लोगों के खिलाफ नामजद व कई अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर एक नामजद आरोपी को हिरासत में लिया गया है। एहतियातन मौके पर पुलिस व पीएसी तैनात कर दी गयी है।
>
> –विनीत जायसवाल, एसपी

## ट्रक की टक्कर से पिता की मौत, पुत्र व बहन गंभीर

**सीतापुर, अमृत विचार :** शहरी क्षेत्र के निकट हाईवे पर एक ट्रक ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई, जबकि उसकी बहन व पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर भेजा गया है।

हरगांव थानाक्षेत्र का पंडितपुरवा शेखपुर गांववासी 55 वर्षीय ताज मोहम्मद अपने 20 वर्षीय पुत्र शादाब व बहन मोजिमा (32) को लेकर बाइक से रामकोट के लक्ष्मणपुर गांव जा रहा था। तभी शाहजहांपुर की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। बाइक सवार ताज मोहम्मद की मौके पर ही मौत हो गई। भीड़ बढ़ने पर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

# अवैध पटाखा फैक्ट्री पकड़ी गई, 5 गिरफ्तार

- 16 क्विंटल पटाखा व 8.70 क्विंटल बारूद व अन्य सामग्री बरामद

**संवाददाता, गोंडा**

**अमृत विचार:** कौड़िया थाने की पुलिस ने अवैध पटाखा कारोबारियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में संचालित अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस टीम की इस कार्रवाई में पांच कारोबारी पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। मौके से 16 क्विंटल पटाखा व 8.70 क्विंटल बारूद व अन्य सामग्री बरामद की गयी है।

बेलसरडीहा गांव में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट के बाद अवैध पटाखा कारोबारियों के खिलाफ पुलिस की निगाह टेढ़ी हो गयी है। एसपी की नाराजगी के बाद जिले भर में इस अवैध कारोबार के खिलाफ चलाया गया अभियान रंग ला रहा है। बुधवार की रात कौड़िया पुलिस ने क्षेत्र के ग्राम मौहरिया मौजा रामापुर व लैबुड़वा में दबिश देकर अवैध पटाखा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। बिना लाइसेंस के संचालित हो रही इस फैक्ट्री में बड़े पैमाने पर पटाखा बनाने का कारोबार चल रहा था। छापेमारी में पुलिस ने 16 क्विंटल पटाखा व 8.70 क्विंटल बारूद व पटाखा बनाने की अन्य सामग्री बरामद किया है जिसमें 2 क्विंटल बुरादा, एक क्विंटल लाल रेत, एक क्विंटल पेपर, 50 किलो सुतली, 1.5 क्विंटल सन, 2.5 क्विंटल बारूद व 20 किलो पीला पाउडर मिला है।

# सपा-भाजपा कार्यकर्ताओं में भिड़ंत

**अयोध्या कार्यालय**

- गन्ना समिति चुनाव में निदेशक पद के पर्चे के लिए बवाल
- सदर और मसौधा समिति पर हुई मारपीट

**अमृत विचार :** जिला गन्ना समिति के पदों पर कब्जेदारी को लेकर गुरुवार को भाजपा और सपा कार्यकर्ता आमने-सामने हो गए। डायरेक्टर पद के चुनाव के लिए फ़ैजाबाद और मसौधा गन्ना समिति पर मारपीट और बवाल हुआ। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी गई है। नामांकन के लिए पर्चा न खरीद पाने वालों की श्रेणी में विपक्षी दल सपा के साथ किसान यूनियन और सत्ताधारी दल भाजपा सरकार में शामिल रालोद भी रहा।

डेलीगेट पदों का चुनाव संपन्न होने के बाद दूसरे चरण में गुरुवार को डायरेक्टर पद पर चुनाव के लिए गन्ना समितियों पर नामांकन पत्र की बिक्री होनी थी। समितियों पर कोई नामाकंन पत्र न खरीदने पाए इसको लेकर लोगों को पहले ही मुस्तैद कर दिया गया था। आरोप है कि लोग नामांकन पत्र खरीदने पहुंचे तो पहले से मुस्तैद लोगों ने चुनाव कार्यालय में घुसने से रोक दिया। दोनों पक्षों में विवाद हुआ। पुलिस की मौजूदगी में हंगामा चला। भगदड़ के हालात बन गए और कई के मोबाइल तोड़ दिए गए। सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह का कहना है कि नियावां स्थित समिति पर मोबाइल से वीडियो रिकार्डिंग को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग-अलग करवा दिया। शिकायतों की जांच कराई जा रही है।

**सपा का आरोप, पर्चा खरीदने से रोका, किया प्राणघातक हमला:** सपा की ओर से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दी गई शिकायत में महाराजगंज थाना क्षेत्र के तारगौहान गांव निवासी रविंद्र पाल उर्फ छोटू का कहना है कि उनके चचेरे भाई राजकुमार सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड अयोध्या के प्रबंध कमेटी का सदस्य (डायरेक्टर) पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं, जिसको लेकर वह गुरुवार दोपहर पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय व अन्य के साथ नामांकन पत्र खरीदवाने जा रहा था।

दोपहर बाद 12.30 बजे नियावां स्थित फ़ैजाबाद गन्ना समिति के गेट पर पहुंचते ही पहले से ही अवैध असलहों से लैस महाराजगंज थाना क्षेत्र के शिवेंद्र सिंह, दीपेंद्र सिंह व उनके अन्य सहयोगियों ने हमला बोल दिया। संदीप यादव सनी, शुभम वर्मा, विजय बहादुर वर्मा तथा उसे लात-घूंसों व डंडा-रॉड आदि से मारा पीटा। उस पर तथा सनी यादव पर प्राण घातक हमला किया गया।

# भदरसा मामले में दोनों आरोपियों पर आरोप तय

**अयोध्या कार्यालय**

- मामले में गवाही के लिए पीड़िता और उसकी मां को अगली पेशी पर किया तलब

**अमृत विचार:** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के चर्चित सामूहिक दुष्कर्म मामले में कोर्ट ने आरोपी मोईद खान और राजू खान पर किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म करने समेत अन्य धाराओं में आरोप तय कर दिए हैं। मामले में गवाही के लिए अब पीड़िता और उसकी मां को अगली पेशी पर तलब किया गया है। यह कार्यवाही विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट निरुपमा विक्रम की अदालत से हुई है।

विशेष लोक अभियोजक विनोद कुमार उपाध्याय अभिषेक रघुवंशी ने बताया कि पूराकलंदर थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 12 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ था। इसकी रिपोर्ट पीड़िता की मां ने 29 जुलाई 2024 को मोईद खान और राजू खान के खिलाफ घटना के ढाई माह बाद लिखाई थी। गुरुवार को दोनों आरोपियों को मंडल कारागार से लाकर अदालत के समक्ष पेश किया गया। राजू खान की ओर से नियुक्त अधिवक्ता अवधेश यादव ने अपना वकालतनामा दाखिल किया। मोईद खान के अधिवक्ता सईद खान की मौजूदगी में दोनों पक्षों की बहस सुनकर आरोप बनाए गए। अदालत ने वादिनी की नाबालिग पुत्री के साथ विभिन्न समय पर भदरसा कस्बा में सामूहिक बलात्कार करने, बलात्कार के बाद जान से मार डालने की धमकी देने और पाक्सो एक्ट के तहत आरोप तय कर दिया। कोर्ट में विधि विज्ञान प्रयोगशाला की रिपोर्ट दाखिल की गई, जिसे पत्रावली में सम्मिलित किया गया है।

# नेताजी की याद में छलके आंसू

**संवाददाता, सैफई (इटावा)**

- मुलायम सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर सैफई में समाधि स्थल पर अखिलेश ने दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि यूपी के विधानसभा उपचुनाव में सपा-कांग्रेस गठबंधन से ही मजबूती चुनाव लड़ेंगे और जीत दर्ज कराएंगे। वह गुरुवार को सपा संस्थापक एवं अपने पिता स्व. मुलायम सिंह यादव की द्वितीय पुण्यतिथि पर सैफई में श्रद्धांजलि देने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे।

सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव का 10 अक्टूबर 2022 को निधन हुआ था। गुरुवार को सैफई में उनके समाधि स्थल पर उनकी द्वितीय पुण्यतिथि मनाई गई। यहां सपा प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने पिता स्व.मुलायम सिंह यादव को नम आंखों से श्रद्धांजलि दी और उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित करने के दौरान काफी देर तक अखिलेश यादव सिर झुकाये बैठे रहे। उनकी आंखों में आंसू छलक रहे थे। मौजूद लोगों ने उनको ढांढस बंधाया।


मुलायम सिंह यादव को नमन करते पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश

श्रद्धांजलि देने के बाद अखिलेश यादव ने कहा कि जहां हम लोग आज नेताजी को याद कर रहे हैं, वहीं दूसरी दुखद खबर भी मिली है कि रतन टाटा हमारे बीच नहीं रहे। उनकी सोच यही रही कि कारोबार करते समय उसूलों के साथ कोई समझौता नहीं होना चाहिये। यहां सपा के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो.रामगोपाल यादव, राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव, सांसद धर्मेंद्र यादव, सांसद अक्षय यादव, सांसद आदित्य यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अभिषेक यादव समेत परिवार के सभी लोगों ने नम आंखों से मुलायम सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए।



सदस्यता अभियान कैंप में मौजूद भाजपा के पदाधिकारी। अमृत विचार

## पश्चिम मंडल-1 में भाजपा ने चलाया सदस्यता अभियान

**लखनऊ, अमृत विचार :** भाजपा के विशेष सदस्यता अभियान के अंतर्गत गुरुवार को पश्चिम मंडल-1 में सदस्यता अभियान कैंप का आयोजन टिकैतराय एलडीए कॉलोनी मां मनपूर्णा मंदिर पार्क के निकट कोठारी बंधु चौराहा पर किया गया। इस अवसर पर 8800002024 पर मिस्ड कॉल एवं नमो ऐप के माध्यम से 100 लोगों को भाजपा की प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर पश्चिम मंडल-1 के अध्यक्ष राजेश मिश्रा (राजन), पश्चिम मंडल-3 के अध्यक्ष अरविंद मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष नोटेश किशोर दीक्षित, मंडल मंत्री रमेश कन्नौजिया, कोषाध्यक्ष नागेंद्र अवस्थी, वार्ड अध्यक्ष सूर्यभान सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक अनूप प्रजापति, नीलमणि द्विवेदी, विभोर जैन, मनोज तिवारी, केशव बहादुर सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# देवा मेला की तैयारी का लिया जायजा

## डीएम-एसपी ने किया स्थलीय निरीक्षण, दिए जरूरी निर्देश

**संवाददाता, देवा, बाराबंकी**

**अमृत विचार:** देवा मेला को लेकर जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने मेला परिक्षेत्र का निरीक्षण किया और ऑडिटोरियम में अधिकारियों से मेले की तैयारी से संबंधित क्रमवार जानकारी ली। जिलाधिकारी ने मेले के मार्गों की मरम्मत, पानी व्यवस्था, शौचालय, बिजली और स्वच्छता पर ध्यान देने के साथ साथ स्वास्थ्य सेवाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमंत्रण पत्र वितरण में कोई लापरवाही न होने पाए इसका ध्यान रखा जाए।


मेला क्षेत्र का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक। अमृत विचार

जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि मेला परिसर में फिक्स डस्टबिन लगाए जाएं। जिनका मेला के बाद भी उपयोग किया जा सके। डीएम ने मेला परिसर के टूटे खड़ंजों की शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश बीडीओ को दिये। उन्होंने कहा कि इस बार पशु चिकित्सालय मामापुर में पशुओं के लिए आइसोलेशन वार्ड बनाया जाए। मेला परिसर में बिजली सप्लाई के लिए दो उपकेंद्र से कनेक्शन रखा जाएगा।

## वर्ग पहेली-218

**बाएं से दाएं**

1.1. किसी का विनाश करने वाली, विनाशिनी 2. मार डालने वाली, नष्ट करने वाली।
5. अंगारों पर दग्ध किया हुआ, भूना हुआ, जलाया हुआ।
7. हठधर्मी, दुराग्रही, अड़ियल।
8.1. धांधली करने वाला, घोटालेबाज़ 2. भ्रष्टाचारी, बेईमान 3. धूर्त।

**ऊपर से नीचे**

2. तीन रंगों वाला।
3.1. (संगीत) एक रागिनी जिसे प्रात:काल गाते हैं 2. (संगीत) चार मात्राओं का एक ताल।
4. भौतिकवादी, पदार्थवादी।
6.1. धोखा देने वाला, जालसाज़ी या कपटपूर्ण व्यवहार करने वाला, ठग, विश्वासघाती 2. छली, कपटी, बेईमान, दगाबाज़, धूर्त, कुटिल।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | ■ | ■ | 3 |
| ■ | | ■ | 4 | ■ | |
| 5 | | | | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ■ | | ■ | 6 |
| 7 | | | | ■ | |
| ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | 8 | | | | |

### वर्ग पहेली-217 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ज | ■ | 2 के | ■ | 3 सिं | ■ |
| तु | ■ | जु | ■ | गा | ■ |
| क | ■ | अ | ■ | रि | ■ |
| ■ | 4 ढो | ल | 5 कि | या | ■ |
| 6 पू | ■ | ■ | लो | ■ | 7 झाँ |
| ज | ■ | 8 पी | ल | पाँ | व |
| न | ■ | ■ | ■ | ■ | ली |

## ट्रेनों को दिया जाएगा ठहराव

**नई दिल्ली, अमृत विचार।** उत्तर रेलवे ट्रेन संख्या 12615/12616 चेन्नई एग्मोर-नई दिल्ली का ठहराव चेन्नई एग्मोर और 18237/18238 कोरबा-अमृतसर-कोरबा ट्रेन नं. 12615/12616 चेन्नई एग्मोर-नई दिल्ली-चेन्नई एग्मोर को नरखेर में ठहराव दिया जाएगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने दी।

## साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी की शुरुआत

**संवाददाता, नई दिल्ली**

**अमृत विचार।** गुरुवार को गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे की उपस्थिति में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से साहिबगंज-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर इस रेल सेवा की शुरुआत की गई। इसके साथ ही साहिबगंज स्टेशन पर आनंद विहार-अगरतला राजधानी एक्सप्रेस के ठहराव को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।


हरी झंडी दिखाते रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव।

## नहर में मिला लापता व्यापारी का शव

**मसौली, बाराबंकी, अमृत विचार:** तीन दिन पहले संदिग्ध हालात में गायब हुए कस्बा त्रिलोकपुर के इलेक्ट्रानिक व्यापारी का शव नहर में उतराता मिला। पहले गायब होने फिर शव मिलने से रहस्य और गहरा गया है। परिजनों में कोहराम है तो मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव नदी से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना मसौली थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर चौकी क्षेत्र के शारदा सहायक डबल नहर की है। यहां पर गुरुवार सुबह कुछ ग्रामीण नहर की तरफ गए तो नहर में एक व्यक्ति की लाश उतराती हुई देखी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सुडोकू-131

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | 9 | | | | 4 | |
| | 7 | | | 1 | 6 | | | |
| | | | | | | 5 | 3 | |
| 6 | | 4 | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 8 | | 7 | | | 9 |
| | | | | 5 | | 2 | | |
| | | 5 | | | | | | 8 |
| | | | 3 | 2 | | | | |
| | 9 | | | | 1 | 7 | | |

### सुडोकू - 130 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 7 | 2 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 7 | 5 | 8 | 4 |
| 8 | 4 | 7 | 5 | 2 | 6 | 3 | 9 | 1 |
| 9 | 7 | 8 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 5 |
| 3 | 5 | 4 | 9 | 7 | 1 | 2 | 6 | 8 |
| 1 | 6 | 2 | 4 | 5 | 8 | 7 | 3 | 9 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 9 | 8 | 2 | 7 |
| 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | 8 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 1 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 अक्टूबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-अष्टमी 12.06 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-शरद। चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुंभ, मीन। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 12 अक्टूबर 05.25 तक तत्पश्चात श्रवण।

**मेष:** आज परिजनों की इच्छाओं को पूरा करने के लिए प्रयासरत रहेंगे। व्यापार में आय बढ़ने से आप विस्तार का विचार कर सकते हैं। पारिवारिक जीवन बेहद खुशहाल रहेगा। अजनबी लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें।

**वृष:** आज परोपकार के कार्यों में आप धन खर्च करेंगे। नौकरीपेशा लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है। जीवनसाथी को आभूषण उपहार में दे सकते हैं। अधीनस्थ सहकर्मियों से तालमेल में कमी देखने को मिलेगी। मित्रों से मिलने के लिए जा सकते हैं।

**मिथुन:** आज विद्यार्थी नए कोर्स में प्रवेश ले सकते हैं। लोग आपकी बातों का गलत मतलब निकालेंगे। अत: सोच-समझकर ही आप अपनी प्रतिक्रिया दें। युवा प्रेम विवाह के लिए परिजनों से चर्चा कर सकते हैं। धर्म-ग्रंथों के अध्ययन के प्रति आकर्षित होंगे।

**कर्क:** आज मन में निराशाजनक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। गले में दर्द और बुखार की समस्या हो सकती है। आप कुछ चिंतित रहेंगे। व्यापार में नया प्रयोग न करें। विरोधियों के सामने आप कमजोर दिखाई देंगे।

**सिंह:** आज व्यवसाय में बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। चारों ओर का वातावरण बहुत शुभ रहेगा। घर में अतिथियों का आगमन होने की संभावना बन रही है। आपकी रचनात्मक क्षमताओं का विकास होगा।

**कन्या:** आज दोपहर के बाद धन को लेकर कुछ समस्या हो सकती है। परिवार के साथ धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ हो सकता है।

**तुला:** आज पुराना कर्जा उतार सकते हैं। जीवनसाथी आपको कुछ उपहार दे सकता है। मित्र आपको उत्तम सलाह देंगे, जिसका आपको भी लाभ मिलेगा। करियर में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। सुबह-सुबह आपको शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**वृश्चिक:** आज अपने लक्ष्य को लेकर लापरवाह न रहें। संतान को लेकर थोड़ी चिंता हो सकती है। आपके स्वभाव की लोग आलोचना कर सकते हैं। इसीलिए व्यवहार में संतुलन बनाए रखें। महिलाओं को कुछ स्वास्थ्य समस्या हो सकती है।

**धनु:** आज उधार दिया हुआ धन आपको वापस प्राप्त होगा। घर में अतिथियों का आगमन होगा। नए संपर्क से आपको धन लाभ हो सकता है। आपके व्यवहार में ताजगी बनी रहेगी। युवाओं को अच्छी नौकरी के प्रस्ताव मिल सकते हैं।

**मकर:** आज मेडिकल छात्रों को कुछ नया सीखने को मिलेगा। काम की अधिकता की वजह से ओवरटाइम करना पड़ सकता है। विदेश में नौकरी ढूंढ रहे लोगों के लिए दिन शुभ है। प्रशासन से जुड़े लोगों को प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा।

**कुंभ:** आज उच्च अधिकारी आपके काम में बाधा डाल सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनावश्यक यात्रा करनी पड़ सकती है। कार्य की अधिकता के कारण परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। अपने साथियों से प्रतिस्पर्धात्मक व्यवहार न करें।

**मीन:** आज लोग आपके विचारों का विरोध कर सकते हैं। नई तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। परिजनों के व्यवहार से थोड़े क्षुब्ध होंगे। अपने आसपास के लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। अपने काम करने के तरीके में बदलाव कर सकते हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
- सत्ते पे सत्ता — सुबह : 11.04
- फूल और कांटे — शाम : 04.05

**&pictures**
- होगी प्यार की जीत — सुबह : 11.02
- दबंग — रात : 07.30

**Sony Pix**
- होटल ट्रांसिल्वेनिया 2 — सुबह : 11.27
- जॉन विक — रात : 09.00

**Zee Cinema**
- शूरवीर — सुबह : 11.22
- भीमा — रात : 08.00

**Zee Action**
- जिगर — सुबह : 10.46
- सूर्या 3 — रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

मुन्ना- मम्मी मैं कल से स्कूल नहीं जाऊंगा।
मम्मी- क्यों बेटा, क्या बात हो गई?
मुन्ना- मम्मी आज स्कूल में हम सभी बच्चों का वजन किया गया था।
मम्मी- तो क्या हुआ?
मुन्ना- मुझे डर है कि अगर रेट अच्छा मिल गया तो ये स्कूल वाले हमें बेच ही न दें।

पति (किताब पढ़ते हुए) – एक लेखक ने लिखा है कि पतियों को भी बोलने की आजादी होनी चाहिए।
पत्नी (हंसते हुए)–देखो वो भी बेचारा लिख ही पाया, बोल नहीं पाया।

## एक नजर

### एसटीएफ ने दबोचा एक लाख का इनामी बदमाश

अमृत विचार, लखनऊ : एसटीएफ ने गुरुवार को एक लाख रुपये के इनामी बदमाश को ग्वालियर के रामपुर खदान से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी घूमंतु जनजाति गिरोह का सक्रिय सदस्य है। उसके खिलाफ कन्नौज के कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज है। एएसपी दिनेश कुमार सिंह के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी नासिर खान मध्य प्रदेश के शिवपुरी स्थित सेवड़ा का रहने वाला है। नासिर की एक साल से तलाश चल रही थी। नासिर ने कन्नौज के बड़े व्यापारी के घर घूमंतु गिरोह के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था।

### बैडमिंटन चैंपियनशिप पर हिंदू कॉलेज का कब्जा

मुरादाबाद : महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित अंतर महाविद्यालय बैडमिंटन टूर्नामेंट (पुरुष) के फाइनल में हिंदू कॉलेज ने बाजी मारी है। हिंदू कॉलेज ने फाइनल में शाहजहांपुर के एसएस कॉलेज को पराजित कर चैंपियनशिप जीत ली। हिंदू कालेज के क्रीड़ा सचिव डॉ. पंकज सिंह ने बताया कि टीम ने शाहजहांपुर के एसएस कॉलेज की टीम को 2-0 से हराया।

### बड़ी बहन की राह पर चलकर अस्मिता ने पाया स्वर्ण

बरेली : रुहेलखंड विश्वविद्यालय कैंपस के एमएससी प्लांट साइंस में अस्मिता गंगवार ने टॉप किया है। उन्होंने 87.8 प्रतिशत अंक पाकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। अस्मिता की बड़ी बहन शुभा गंगवार ने वर्ष 2021 में एनिमल साइंस में टॉप किया था। 22 वें दीक्षांत समारोह में उन्हें सम्मानित किया जाएगा। उनके पिता भूपेंद्र सिंह बिजनेस और मां सवित्री देवी गृहणी हैं। अस्मिता ने बताया कि बहन शुभा हमेशा उनके लिए प्रेरणा का स्रोत रही हैं। अस्मिता का सपना पीएचडी करने का है।

# मेले में झूले की रॉड टूटने से 4 बच्चों समेत 7 घायल

## बिना अनुमति चल रहा था झूला, दरोगा की तरफ से रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, गजरौला (पीलीभीत)

अमृत विचार : कस्बा गजरौला में आयोजित दुर्गा पूजा एवं रामलीला मेले में बुधवार की रात बड़े झूले की रॉड टूट गई। जिसके बाद झूला झूल रहे चार बच्चों समेत सात लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर डीएम-एसपी समेत तमाम अफसर रात में ही अस्पताल पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना। मेले में झूले की अनुमति न होने के बाद सख्ती अपनाते हुए एफआईआर दर्ज की गई है।

बता दें कि कस्बा गजरौला में नवरात्र के मौके पर दुर्गा पूजा एवं रामलीला मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बच्चों के लिए झूले भी लगाए गए हैं। जिसमें रोज की तमाम लोग मेले का आनंद ले रहे थे। मेले में कस्बा निवासी आबिद और ग्राम मानपुर हटुआ के इमरान ने झूला लगाया था। इसमें बच्चे -बड़े सभी झूला झूल रहे थे। तभई अचानक झूलने की रॉड टूट गई। हादसे में झूला झूल रहे कस्बा गजरौला निवासी आयुष शर्मा (10), सौरभ सागर (15), आयशा शर्मा (11),



कस्बा गजरौला में लगा क्षतिग्रस्त झूला। अमृत विचार

▶▶ डीएम-एसपी समेत कई अफसर पहुंचे मेडिकल कॉलेज जाना घायलों का हाल

त्रिवेश कुमार शर्मा (26), ग्राम पचपेड़ा निवासी अमन वर्मा (14), ग्राम सुंदरपुर निवासी अवधेश कुमार (30), बरेली जनपद के थाना इज्जत नगर क्षेत्र के ग्राम कर्मपुर चौधरी के दीपक कुमार (30) घायल हो गए। हादसे के बाद मेले में भगदड़ मच गई। पुलिस ने आनन-फानन घायलों को मेडिकल कॉलेज भिजवाया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद आयशा की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टर ने बरेली रेफर कर दिया।

मेले में झूला टूटने से हुए हादसे की जानकारी मिलते ही पुलिस प्रशासनिक अमले में हड़कंप मच गया। कुछ ही देर में डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय, सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंच गए। अफसरों ने हादसे की जानकारी की। जिसके बाद सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने मौका मुआयना कर दरोगा की तरफ से मेला अध्यक्ष एवं झूला मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

### दहेज की मांग पूरी न करने पर बच्चों समेत महिला को घर से निकाला

गुन्नौर : दहेज की मांग को लेकर पति ने हैवानियत की सारी हदें पार कर दीं। पत्नी से अप्राकृतिक संबंध बनाए और विरोध करने पर दो बच्चों के साथ घर से निकाल दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की शादी 2018 को बदायूं जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के गांव वरीपुरा निवासी दुर्वेश के साथ हुई थी। पति दुर्वेश और सास मिथलेश आदि उसे मायके से दहेज में दो लाख और बुलेट मोटरसाइकिल लाने की मांग करते हुए तरह तरह से प्रताड़ित करने लगे। 5 सितंबर को दुर्वेश दूसरी महिला को अपने घर ले आया। पीड़िता ने विरोध किया तो मारपीट कर बच्चों समेत घर से निकाल दिया।

## एसएसबी सतर्कता दल ने फर्जी जवान को पकड़ा

लखीमपुर खीरी : शहर की गढ़ी रोड स्थित उप महानिरीक्षक क्षेत्रीय मुख्यालय में चल रही भर्ती में सेंध लगाने पहुंचे सूरजपाल नाम के एक फर्जी एसएसबी जवान को सतर्कता दल ने पकड़ लिया। वह गेट संख्या-3 पर मेडिकल पास कराने के लिए एक अभ्यर्थी से 1.20 लाख रुपये की बात कर रहा था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उप-महानिरीक्षक क्षेत्रक मुख्यालय, लखीमपुर की तृतीय वाहिनी में एसएससी (जीडी), पीएसटी, टीपीटी, डीएमई और आरएमई की भर्ती प्रक्रिया 23 सितंबर से चल रही है। बुधवार को एसएसबी तृतीय वाहनी के सतर्कता दल ने गेट संख्या-3 के समीप एक संदिग्ध युवक को देखा। जिससे पूछताछ में यह बात सामने आई।

# ट्रकों में टक्कर, लगी आग, चालक की मौत

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : जोया क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाइवे पर संभल चौराहा स्थित ओवरब्रिज पर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से दूसरा ट्रक टकरा गया। इससे दोनों ट्रकों में आग लग गई। हादसे में राजस्थान के जयपुर में रहने वाले चालक मुकेश कुमार (40) की जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं दूसरे ट्रक में सवार चालक और उसके सहायक ने कूदकर जान बचाई। हादसा गुरुवार तड़के 3 बजे हुआ।

नेशनल हाईवे पर बुधवार रात 3 बजे दो ट्रक मुरादाबाद की ओर से दिल्ली की तरफ जा रहे थे। आगे जा रहे ट्रक को गाजियाबाद जिले में मंसूरी थाना क्षेत्र के गांव ढबारसी निवासी आसिफ चला रहा था। इस ट्रक में बजरी लदी हुई थी। जबकि, पीछे आ रहे ट्रक में लकड़ी का बुरादा भरा हुआ



दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर टक्कर के बाद जलता ट्रक। अमृत विचार

▶▶ जोया में संभल चौराहा स्थित ओवरब्रिज पर हुआ हादसा जयपुर का रहने वाला था मृतक

था। इस ट्रक को राजस्थान में जयपुर जिले के गांव शाहपुरा निवासी मुकेश कुमार चला रहा था। जैसे ही दोनों ट्रक जोया क्षेत्र में संभल चौराहा स्थित ओवरब्रिज पर पहुंचे, तभी बुरादा से भरा ट्रक आगे चल रहे बजरी के लदे ट्रक में टकरा गया। टक्कर लगते ही दोनों ट्रकों में आग लग गई। इस बीच चालक मुकेश कुमार ट्रक के केबिन में फंसा रह गया। जिससे उसकी जलकर मौत हो गई। जबकि, दूसरे ट्रक के चालक व सहायक ने कूदकर अपनी जान बचाई। कई घंटे बाद दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग बुझाने के बाद चालक के शव को केबिल से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया।

# रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर से पेपर सॉल्व कराने वाला गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: एसटीएफ की मेरठ टीम ने ऑन लाइन भर्ती परीक्षाओं में रिमोट एक्सेस सॉफ्टवेयर के माध्यम से पेपर सॉल्व कराने वाले गिरोह के सदस्य को बागपत के बड़ौत से गिरफ्तार किया है। इस गिरोह के सरगना रचित चौधरी समेत 12 सदस्य पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं।

एसटीएफ के एएसपी बृजेश कुमार सिंह के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी राम चौहान उर्फ राम अवतार अवतार भिड़ूकी, हसनपुर, पलवल हरियाणा का रहने वाला है। वह यूपी पुलिस में कंप्यूटर ऑपरेटर की ऑनलाइन भर्ती परीक्षा का पेपर सॉल्व कराने वाले गिरोह में शामिल था। 2015-16 में उसने पलवल से हैकिंग का छह महीने का कोर्स किया था। वर्ष 2021 में राम चौहान ने सीटीईटी परीक्षा में हैकिंग की थी। इस मामले में वह नोएडा में पकड़ा गया था। वर्ष 2024 में इसकी मुलाकात नितिन निवासी गढी रामकोर शामली से हुई थी।

नितिन ने उसकी मुलाकात दुहाई गाजियाबाद में कम्प्यूटर लैब चलाने वाले रचित चौधरी से कराई। मास्टर माइंड रचित चौधरी ने बिजेंद्र फौजी निवासी शामली की विधान पब्लिक स्कूल दुहाई गाजियाबाद में स्थित लैब को फर्जी तरीके से अपने नाम से अप्लाई कर 29 जनवरी 2024 से 08 फरवरी 2024 तक सम्पन्न हुई यूपी पुलिस में कम्प्यूटर ऑपरेटर की ऑनलाइन भर्ती हेतु केन्द्र आवंटित की ऑनलाइन भर्ती हेतु केन्द्र आवंटित कराया था।

▶▶ लैब में सॉफ्टवेयर इंस्टॉल कर बनाया मास्टर सिस्टम

एएसपी बृजेश कुमार सिंह के मुताबिक गिरफ्तार राम चौहान कंप्यूटर हैकिंग एक्सपर्ट है। इसने विधान पब्लिक स्कूल में एक कम्प्यूटर लैब में आकर 28 जनवरी 2024 को एक सिस्टम पर कुछ साफ्टवेयर इंस्टॉल कर इस सिस्टम को मास्टर सिस्टम बनाया। ताकि जब जरूरत हो तो लैब में मौजूद अन्य जब जरूरत हो तो लैब में मौजूद अन्य सिस्टम को इस मास्टर सिस्टम के माध्यम से कनेक्ट कर उनका रिमोट एक्सेस ले सके।



पकड़ा गया सॉल्वर

▶▶ चार से पांच लाख में तय किया था सौदा

परीक्षा प्रारम्भ होने से पहले ही लैब में मौजूद सहयोगियों के माध्यम से गैंग का सदस्य रवि लैब में मौजूद मास्टर सिस्टम का रिमोट एक्सेस एनीडेस्क साफ्टवेयर के माध्यम से अपने सिस्टम पर ले लेता था। वहीं से अभ्यर्थियों के पेपर हल कराता था। अभ्यर्थी केवल बैठकर माउस हिलाते रहते थे। प्रत्येक अभ्यर्थी से 4 से 5 लाख रुपये लिया जाता था। राम चौहान को एक अभ्यर्थी की स्क्रीन शेयर करने की एवज में 50 हजार रुपये दिए जाते थे।

# संदिग्ध पाउडर मामले में मास्टरमाइंड गिरफ्तार

संवाददाता, पलिया कलां

अमृत विचार : संदिग्ध पाउडर मामले में पलिया पुलिस ने दिल्ली में छापा मारकर सुनील कुमार को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि गिरफ्तार आरोपी मास्टरमाइंड है और वह आयकर व चार्टर्ड अकाउंटेंट संबंधी कार्य भी देखता था। पुलिस ने उसके कब्जे से कई कागजात बरामद किए हैं।

पुलिस अब तक इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है, लेकिन संदिग्ध पाउडर पर पड़ा पर्दा आज तक पुलिस नहीं उठा सकी है।

▶▶ पलिया पुलिस ने दिल्ली में छापा मारकर पकड़ा, अब तक सात आरोपी भेजे जा चुके जेल

2 सितंबर को नेपाल सीमा पर स्थित बंसीनगर पुलिस चौकी पर एक डीसीएम पकड़ी गई थी, जिसमें 363 बोरी संदिग्ध पाउडर बरामद हुआ था। बोरियों पर कास्टिक सोडा का रेपर लगा था। पुलिस की जांच में बिल आदि फर्जी पाए गए। पुलिस ने चालक सहित चार लोगों को गिरफ्तार कर चालान भेजा था। इसके बाद दो अन्य आरोपी गिरफ्तार किए गए।

# बिजली विभाग के एक्सईएन एसडीओ और जेई निलंबित

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

अमृत विचार : अचलगंज थाना क्षेत्र के कुशलपुर निवासी युवक के बिजली का बिल अधिक आने से दुखी होकर आत्महत्या किए जाने पर ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने मामले में दोषी अधिशासी अभियंता (एक्सईएन), एसडीओ व जेई को निलंबित करने के साथ एसडीओ और जेई पर रिपोर्ट दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। उन्होंने इसकी जानकारी एक्स पर दी।

अचलगंज थाना क्षेत्र के गांव वैसाना के मजरा कुशलपुर निवासी शुभम (30) पुत्र महादेव बुधवार सुबह घर से बिना बताए कहीं चला गया था। देर तक न लौटने पर परिजन उसे तलाश करने निकले तो उसका शव घर के बगल में मवेशियों के लिए भूसा भरने वाली कोठरी में दुपट्टे से लटका मिला था। पुलिस जब घर पहुंची तो पता चला कि उसके घर का बिजली बिल बीते माह एक लाख नौ हजार 21 रुपये आया था। इस बिल को ठीक कराने के लिए उसे रिश्वत तक देनी पड़ी। रिश्वत देने के बाद ही बिल संशोधित हुआ और उसने 16 हजार रुपये जमा किए। लेकिन इस माह फिर विभाग ने 8000 का बिल भेज दिया। एसओ राजेश्वर त्रिपाठी को शुभम के पिता महादेव ने बताया कि शुभम मजदूरी कर परिवार पालता था। घर में दो बल्ब, एक पंखा, एक एलईडी टीवी है। इसके बावजूद इतना बिल आना समझ से परे है। इस बात से शुभम परेशान था। दुखी होकर उसने आत्महत्या कर ली।

▶▶ ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने दिए जेई एसडीओ पर एफआईआर दर्ज कराने के आदेश

एसओ ने बताया कि यह आरोप महादेव ने मौखिक लगाए कुछ लिखकर नहीं दिया। गुरुवार को ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने मामले का संज्ञान लिया और एक्स अकाउंट पर इस घटना पर दुख जताया और लिखा कि पीड़ित परिवार के प्रति उनकी संवेदना है। इस घटना से वह स्तब्ध हैं और कार्रवाई की जानकारी दी। ऊर्जा मंत्री ने जिलाधिकारी गौरांग राठी व विद्युत विभाग के अधिकारियों से भी बात की। इसके बाद अधिशासी अभियंता-2 गोकुल बाबा सूर्योदय कुमार वर्मा, बंथरा के एसडीओ रवि यादव व अचलगंज उपकेंद्र के जेई आशीष सिंह को निलंबित कर दिया। उन्होंने एसडीओ व जेई पर रिपोर्ट दर्ज कराने के भी आदेश दिए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा है कि मामले की जांच की जा रही है। यदि किसी और कर्मचारी की इसमें संलिप्तता मिली तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी।

एसओ राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि उन्हें अभी विभाग या परिजन से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलती है तो जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

# राज्य के तीन सरकारी अस्पताल देश में अव्वल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए मामले में बाराबंकी जिला अस्पताल, सीतापुर में जिला महिला अस्पताल और हरदोई के सब हेल्थ सेंटर ने पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह जानकारी नेशनल हेल्थ सिस्टम रिर्सोस सेंटर, भारत सरकार ने मिशन निदेशक उप्र. पिंकी जोवल को पत्र के जरिए दी है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से जारी पत्र के अनुसार नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) सर्टिफिकेट में बाराबंकी में जिला अस्पताल (पुरुष) को 97.19 प्रतिशत अंको के साथ मानक पूर्ण माना गया है। गर्भवती महिलाएं, नवजात शिशु और सामान्य चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने में जिला महिला अस्पताल सीतापुर ने 90.56 प्रतिशत अंक और हरदोई के सब हेल्थ सेंटर सोम ने 82.22 प्रतिशत अंक अर्जित किए हैं। मालूम हो कि बेहतर व्यवस्थाओं के लिए मानकों की जांच कर सरकार द्वारा एनक्यूएएस अवार्ड दिया जाता है।

▶▶ एनक्वास जांच में बाराबंकी व सीतापुर के जिला अस्पताल और हरदोई का स्वास्थ्य उपकेंद्र निर्धारित मानक पर खरे उतरे

# शिक्षा मंत्री ने पहले दे दी रामनवमी की छुट्टी, फिर किया सुधार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

अमृत विचार: बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह की सोशल मीडिया पर एक पोस्ट को लेकर रामनवमी और महानवमी पर चर्चा छिड़ गई। मंत्री ने गुरुवार को एक्स पर पोस्ट कर रामनवमी का सभी परिषदीय स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया। बाद में गलती का एहसास हुआ तो पोस्ट सही की गई।

उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि रामनवमी के पावन अवसर पर उप्र. में बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में अवकाश रखा गया है। मंत्री ने इसे दोपहर 3:20 मिनट पर यह पोस्ट किया और थोड़ी ही देर बाद शिक्षकों के वाट्सएप ग्रुपों पर चर्चा होने लगी कि रामनवमी तो चैत्र नवरात्र की नवमी को पड़ती है जो कि सात अप्रैल वर्ष 2025 को पड़ेगी।

फिर मंत्री के इंटरनेट मीडिया को संभालने वाली टीम ने इसे डिलीट कर एक्स पर दोपहर 3:46 मिनट पर नया पोस्ट कर उस पर महानवमी के अवकाश की सूचना और बधाई दी।

### सरकारी कर्मचारियों को मिली तीन दिन की छुट्टी

अमृत विचार : सरकारी कर्मचारियों को नवरात्र और दशहरे के मौके पर राज्य सरकार की घोषणा से काफी राहत मिल गई है। महानवमी की छुट्टी शनिवार की जगह शुक्रवार 11 अक्टूबर घोषित हो जाने से सरकारी कर्मचारियों को लगातार तीन दिन की छुट्टी मिल गई है। लाखों कर्मचारियों की मांग गुरुवार को पूरी हो गई। राज्य सरकार ने गुरुवार की शाम शनिवार की जगह शुक्रवार को ही महानवमी के अवकाश की घोषणा कर दी।

### बैंक भी आज बंद रहेंगे

लखनऊ। शुक्रवार को सभी पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर बैंक बंद रहेंगे। 11 अक्टूबर को महानवमी का त्योहार मनाया जाएगा। इस अवसर पर उप्र. समेत ज्यादातर राज्यों में शुक्रवार को बैंक बंद रहेंगे। हालांकि, ग्राहकों को बैंकिंग सर्विस में कोई परेशानी न हो, इसके लिए ऑनलाइन बैंकिंग सर्विस मिलती रहेगी।

## ट्रेनों के पेंट्रीकार में परखी खाने की गुणवत्ता

लखनऊ : स्वच्छ रेल-स्वच्छ भारत मिशन के तहत गुरुवार को डीआरएम आदित्य कुमार के निर्देशन में पुष्पक एक्सप्रेस सहित दो दर्जन ट्रेनों की पेंट्रीकार में खाने की गुणवत्ता परखी गई। ऐशबाग एवं गोरखपुर पर स्थित कोचिंग डिपो, स्टेशनों पर स्थित बेस किचन में खाने की जांच की गई। 12533 पुष्पक एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 22537/22538 कुशीनगर एक्सप्रेस, 15017/15018 गोरखपुर-एलटीटी एक्सप्रेस, 12511/12512 राप्तीसागर एक्सप्रेस, 15045/15046 गोरखपुर-ओखा एक्सप्रेस, 12589/12590 गोरखपुर-सिकन्दराबाद एक्सप्रेस आदि ट्रेनों में भी गुणवत्ता परखी गई।

# प्राथमिक सदस्यता अभियान में यूपी भाजपा अव्वल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री व राष्ट्रीय सक्रिय सदस्यता अभियान के प्रमुख दुष्यंत गौतम ने कहा कि देश भर में चलाए जा रहे प्राथमिक सदस्यता अभियान में उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर है। उप्र अपने लक्ष्य को न सिर्फ पूरा करेगा बल्कि उससे कहीं आगे बढ़ने की ओर अग्रसर है। अब सक्रिय सदस्यता अभियान में 16 से 31 अक्टूबर तक कार्यकर्ताओं दम दिखाना होगा।

वे गुरुवार को सक्रिय सदस्यता अभियान की योजना को लेकर वर्चुअल माध्यम से प्रदेश स्तरीय कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्राथमिक सदस्यता के अभियान में जिस तरह से पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने अपने भूमिका का निर्वहन किया, उसी तरह सक्रिय सदस्यता के अभियान में भी सक्रिय भागीदारी निभानी होगी।

▶▶ प्रदेश अध्यक्ष और संगठन महामंत्री ने सक्रिय सदस्य बनाने के दिए टिप्स

प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि समाज के हर जाति वर्ग व क्षेत्र के लोग पार्टी के सक्रिय सदस्य बनें इसके लिए योजनानुसार 15 अक्टूबर तक अधिक से अधिक लोगों को पार्टी का सदस्य बनाने का कार्य करना होगा। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बताया कि 16 अक्टूबर से शुरू हो रहे सक्रिय सदस्यता अभियान में वही प्राथमिक सदस्य जिसने अपने विधानसभा अथवा बूथ में अनिवार्य रूप से 50 प्राथमिक सदस्य बनायें हों, उनका विवरण पार्टी द्वारा निधारित प्रारूप पर उपलब्ध कराने पर ही सक्रिय सदस्य बन सकेगा। साथ ही सक्रिय सदस्यता के लिए नमों एप के माध्यम से 100 रूपये का शुल्क जमा करना होगा।


### आज से जिला स्तर पर कार्यशालाएं

कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला, राम प्रताप सिंह, अनूप गुप्ता और अमर पाल मौर्या को उत्तर प्रदेश में सक्रिय सदस्यता अभियान की टोली का सदस्य बनाया गया। सक्रिय सदस्यता अभियान को लेकर 11 से 15 अक्टूबर के मध्य जिला स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित की जाएगीं।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों से खाली कराए 8 करोड़ कीमत के आवास

मुरादाबाद : नगर निगम की टीम ने गुरुवार को बंगला गांव व हेलेट रोड पर बने नगर निगम के आवास में कब्जा कर रह रहे निगम के सेवानिवृत्त कर्मचारी व अन्य को बेदखल किया। टीम की कार्रवाई के दौरान नोकझोंक भी हुई। लेकिन, टीम ने कब्जा हटवाकर आवासों को अपने नियंत्रण में लेकर ताला लगाया। इसकी बाजार में अनुमानित कीमत 8 करोड़ रुपये बताई जा रही है। नोडल अधिकारी अजीत कुमार के नेतृत्व में टीम ने बंगला गांव व हेलेट रोड पर बने आवासों पर कब्जे को हटवाने के लिए प्रवर्तन दल के साथ पहुंची। नोटिस के बाद भी कब्जा न हटाने पर कार्रवाई की गई।

## उत्तराखंड



देहरादून में दुर्गा पूजा उत्सव पंडाल में पूजा-अर्चना करते लोग। ● एजेंसी

# सहस्त्रधारा से शुरू होगी हवाई सेवा : धामी

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को सहस्त्रधारा हेलीपोर्ट पर बने 'पैसेंजर्स टर्मिनल भवन' का लोकार्पण व 'देहरादून-अल्मोड़ा हेलीकॉप्टर सेवा' की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश में तीन नए स्थानों यमुनोत्री, गौचर एवं जोशियाड़ा के लिए सहस्त्रधारा हेलीपोर्ट से हवाई सेवा शुरू करने की घोषणा भी की। इनका संचालन उत्तराखंड एयर कनेक्टिविटी के अन्तर्गत मुख्यमंत्री उड़न खटोला योजना के तहत किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस हवाई सेवा के लिए राज्य सरकार बहुत दिनों से प्रयासरत थी और आज देहरादून में सहस्त्रधारा हेलीपैड का भी विस्तार हो गया है। उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा-देहरादून की सेवा शुरू होने से पहले ही राज्य में चिन्यालीसौड़, गौचर, मुनस्यारी, श्रीनगर, हल्द्वानी, पिथौरागढ़ की सेवाएं चल रही हैं। इन सेवाओं से निश्चित रूप से सभी को लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उड़ान योजना के अंतर्गत देहरादून से अल्मोड़ा के बीच हेली सेवा से पर्यटन, आर्थिकी, रोजगार स्वरोजगार को बढ़ावा मिलेगा।




देहरादून में हवाई सेवा का टिकट जारी करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, साथ में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, गणेश जोशी व केंद्रीय राज्यमंत्री अजय टम्टा।

# बद्रीनाथ धाम में बारिश हेमकुंड साहिब में बर्फबारी

ब्यूरो, देहरादून

अमृत विचार : उत्तराखंड के पर्वतीय इलाकों में मौसम बदल गया है, कड़ाके की ठंड शुरू हो गई है। बद्रीनाथ धाम में गुरुवार को बारिश और हेमकुंड साहिब में बर्फबारी हुई। बर्फबारी के बीच ही हेमकुंड साहिब व लक्ष्मण मंदिर के कपाट शीतकाल के लिए बंद हो गए।

बारिश होने से बद्रीनाथ धाम में कड़ाके की ठंड हो रही है। वहीं हेमकुंड साहिब में बर्फबारी शुरू हो गई है। वहां, अब तक करीब दो इंच तक बर्फ जम चुकी है। बर्फबारी के बीच हेमकुंड साहिब स्थित गुरुद्वारे में गुरुवार को वर्ष की अंतिम अरदास पढ़ी गई। इसके बाद दरबार साहिब से पंच प्यारों की अगुवाई में गुरुग्रंथ साहिब को सचखंड में सोवित किया गया। दोपहर 1 बजे हेमकुंड साहिब के कपाट शीतकाल के लिए बंद हो गए। पास ही स्थित लक्ष्मण मंदिर के कपाट भी शीतकाल के लिए बंद हो गए।



▶▶ बर्फबारी के बीच हेमकुंड साहिब के कपाट शीतकाल तक के लिए हुए बंद





# स्टाफ को संयुक्त सचिव के निर्देश लेने से रोका

नई दिल्ली, एजेंसी



● उषा ने अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को अवैध घोषित किया चौबे को लगाई लताड़

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने गुरुवार को आईओए स्टाफ को संयुक्त सचिव कल्याण चौबे और कार्यकारी परिषद के बाकी सदस्यों से कोई भी निर्देश लेने से रोक दिया। उन्होंने इसके साथ ही 25 अक्टूबर को होने वाली विशेष आमसभा (एसजीएम) के लिए चौबे द्वारा घोषित किए गए एजेंडा को अवैध और अनधिकृत करार दिया।

चौबे ने बुधवार को आईओए के आधिकारिक लेटरहेड पर एक सर्कुलर जारी किया जिसमें 25 अक्टूबर को होने वाली आमसभा की बैठक के लिए 26 एजेंडा शामिल किए गए थे। इनमें कथित संवैधानिक उल्लंघनों से जुड़े मामलों के लिए उषा के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का विषय भी शामिल है। चौबे ने आईओए के संयुक्त सचिव और कार्यवाहक सीईओ के रूप में इस पर हस्ताक्षर किए थे। उषा ने घोषणा की कि चौबे कार्यवाहक सीईओ के पद पर नहीं हैं। जनवरी में रघुराम अय्यर के पद संभालने से पहले चौबे ने आईओए के कार्यवाहक सीईओ के रूप में कार्य किया था। उषा ने चौबे की कार्रवाई को अवैध और आईओए संविधान का उल्लंघन बताया। मैंने आईओए के संयुक्त सचिव को बैठक बुलाने या 25 को होने वाली एसजीएम का एजेंडा घोषित करने के लिए अधिकृत नहीं किया है। आईओए के एकमात्र सीईओ रघुराम अय्यर हैं।

### बैठक को लेकर जारी नोटिस अवैध और अनाधिकृत

उषा ने कहा उस बैठक को लेकर जारी किया गया कोई भी अन्य एजेंडा या नोटिस अवैध और अनाधिकृत है। इसमें कल्याण चौबे द्वारा जारी किया गया नोटिस भी शामिल है। इसे दुर्भावनापूर्ण इरादे से जारी किया गया माना जाना चाहिए और इसकी उपेक्षा की जानी चाहिए। उषा ने कहा था कि अय्यर की नियुक्ति को कार्यकारी परिषद ने पांच जनवरी को एक बैठक में मंजूरी दे दी थी। केवल उनका वेतन ही एकमात्र ऐसा मुद्दा था जिस पर चर्चा होनी बाकी थी। चौबे सहित आईओए कार्यकारी परिषद के 12 सदस्यों (15 में से) ने सीईओ के रूप में अय्यर की नियुक्ति की पुष्टि करने से इनकार कर दिया था। उषा ने कहा मेरे संज्ञान में लाया गया है कि कल्याण चौबे ने आईओए के कार्यवाहक सीईओ के रूप में एसजीएम के लिए आधिकारिक आईओए स्टेशनरी का उपयोग करते हुए एजेंडा जारी किया है।

# नीतिश ने हरफनमौला प्रदर्शन का श्रेय गौतम गंभीर को दिया

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टी20 में भारत की 86 रन से जीत में बल्ले और गेंद से योगदान देने वाले हरफनमौला नीतिश कुमार रेड्डी ने इसका श्रेय मुख्य कोच गौतम गंभीर को देते हुए कहा कि उनका लक्ष्य बांग्लादेशी स्पिनरों को निशाना बनाना था।

पिछली बार जब दोनों टीमों का मुकाबला यहां हुआ था तब भारत को बांग्लादेश ने हराया था। दूसरे टी-20 में भी पावरप्ले में भारत के शीर्षक्रम के बल्लेबाज आउट हो गए थे लेकिन रेड्डी और रिंकू सिंह ने टीम को जीत तक पहुंचाया। दोनों ने चौथे विकेट के लिये 49 गेंद में 108 रन की साझेदारी की । रेड्डी ने 74 रन बनाए। रेड्डी ने वीडियो में कहा हम आपस में यही बात कर रहे थे कि कोई दबाव नहीं लेना है । हमने स्पिनरों को निशाना बनाने का लक्ष्य रखा था। ईमानदार से कहूं तो इसका श्रेय गौतम सर को जाता है। उन्होंने काफी आत्मविश्वास दिया। उन्होंने मुझे कहा कि अपनी गेंदबाजी पर भरोसा रखो। गेंदबाजी करते समय गेंदबाज की तरह सोचो, ऐसे बल्लेबाज की तरह नहीं जो गेंदबाजी कर सकता है।

# भारत दौरे पर अपने तरीके से टीम को तैयार करेंगे लाथम

वेलिंगटन, एजेंसी

● 16 से भारत में शुरू हो रही तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में कप्तान होंगे टॉम

न्यूजीलैंड के नए टेस्ट कप्तान टॉम लाथम ने कहा कि वह कार्यवाहक से पूर्णकालिक कप्तान बनने को लेकर उत्साहित हैं क्योंकि इससे भारत दौरे के लिये अपने तरीके से टीम तैयार कर सकेंगे। पिछले नौ मैचों में न्यूजीलैंड के कप्तान रहे लाथम को पिछले सप्ताह टिम साउदी के कप्तानी छोड़ने के बाद पूर्णकालिक कप्तान बनाया गया है।

वह 16 अक्टूबर से भारत में शुरू हो रही तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला में टीम के कप्तान होंगे। 32 वर्ष के लाथम ने कहा पूर्ण कालिक कप्तान बनना खास अहसास है। वह बहुत सम्मान की बात है। मैं पहले कार्यवाहक कप्तान रह चुका हूं लेकिन अब हालात अलग है। अब मैं अपने तरीके से कुछ चीजें कर सकता हूं। एक टेस्ट टीम के तौर पर हमने अतीत में अच्छा प्रदर्शन किया है। हम कीवी मार्का क्रिकेट खेलने में कामयाब रहे हैं। यह शानदार टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी दोनों हैं। आने वाला समय रोमांचक और चुनौतीपूर्ण होगा।

भारत के खिलाफ श्रृंखला के मैच बेंगलुरू, पुणे और मुंबई में खेले जाएंगे। गैरी स्टीड न्यूजीलैंड टीम के मुख्य कोच होंगे जबकि ल्यूक रोंची बल्लेबाजी और जैकब ओरम गेंदबाजी कोच होंगे। श्रीलंका के रंगाना हेराथ स्पिन कोच होंगे।

## खेल डायरी

### पीकेएल : जयपुर पिंक पैंथर के कप्तान नियुक्त देशवाल

**जयपुर।** जयपुर पिंक पैंथर ने स्टार रैडर अर्जुन देशवाल को प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 11वें सीजन के लिए कप्तान बनाने की घोषणा की है। देशवाल ने आठवें सीजन में पिंक पैंथर में शामिल हुए थे। अर्जुन जल्द ही प्रशंसकों के बीच लोकप्रिय हो गए। उन्होंने अपने प्रदर्शन ने टीम को सीजन नौ में ट्रॉफी जीतने और सीजन दस में सेमीफाइनलिस्ट बनने में मदद की। अर्जुन ने कप्तान ने टीम का कप्तान बनाये जाने पर कहा मैं पीकेएल में एक और सीजन का इंतजार कर रहा हूं, टीम कड़ी मेहनत कर रही है और मैं इस टीम को आगे ले जाने के लिए उत्सुक हूं और उम्मीद है कि इस बार मैं जयपुर पिंक पैंथर्स को उनके तीसरे सिल्वरवेयर तक ले जाने में मदद कर सकूंगा। पिंक पैंथर का इस सीजन में पहला मुकाबला 20 को होगा।

### ग्रीस फुटबॉलर बाल्डॉक स्विमिंग पूल में मृत मिले

**ग्लाइफाडा (ग्रीस)।** इंग्लैंड में जन्मे ग्रीस के अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी जॉर्ज बाल्डॉक दक्षिणी एथेंस के ग्लिफाडा में अपने घर के स्विमिंग पूल में मृत पाए गए है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार पुलिस ने बुधवार को घटनास्थल पर 31 वर्षीय बाल्डॉक को होश में लाने का प्रयास किया लेकिन उसे होश में नहीं लाया जा सका और चिकित्सा आपातकालीन इकाइयों ने खिलाड़ी की मौत की पुष्टि की। पुलिस ने कहा कि मौत का कारण अज्ञात है। बाल्डॉक सात साल तक ब्लेड्स में रहने के बाद गर्मियों में ग्रीस के पैनाथिनाइकोस क्लब में शामिल हुए थे।

### विस्ट्रॉन लेडीज ओपन में दीक्षा की निराशाजनक शुरुआत

**ताओयुआन (चीनी ताइपे)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने ताइवान एलपीजीए टूर पर विस्ट्रॉन लेडीज ओपन टूर्नामेंट के पहले दौर में छह ओवर 78 का कार्ड खेलकर निराशाजनक प्रदर्शन किया जिससे वह संयुक्त 97वें स्थान पर बनी हुई हैं। वहीं स्विट्जरलैंड की खिलाड़ी चियारा टम्बुरलिनी और चोनलाडा चायनुन ने छह अंडर पार से संयुक्त पहले स्थान पर बनी हुई हैं। दीक्षा ने दसवें होल पर शुरुआत बोगी से की और फिर 18वें होल पर डबल बोगी कर गई। उन्होंने तीसरे होल पर दिन की एकमात्र बर्डी लगाने के बाद चौथे होल पर ट्रिपल बोगी और आठवें होल पर बोगी कर दी। इस तरह उनका कुल स्कोर छह ओवर रहा। दीक्षा अब कट में जगह बनाने से चूक सकती हैं।

### हीरो महिला इंडिया ओपन में दीक्षा करेंगी अगुवाई

**नई दिल्ली।** अनुभवी दीक्षा डागर इस महीने होने वाले हीरो महिला इंडिया ओपन 2024 में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी जबकि लेडीज यूरोपीय टूर आर्डर आफ मेरिट में शीर्ष पर काबिज स्विटरजलैंड की चियारा ताम्बुरलिनी खिताब के प्रबल दावेदारों में होंगी। यह टूर्नामेंट 24 से 27 अक्टूबर तक गुरूग्राम के डीएलएफ गोल्फ एंड कंट्री क्लब पर खेला जाएगा। इसमें कुल ईनामी राशि चार लाख डॉलर होगी। पिछले साल तीसरे स्थान पर रही दीक्षा के अलावा आठवें स्थान पर रही गौरिका बिश्नोई प्रमुख भारतीय खिलाड़ियों में हैं। आयोजकों द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार तीन पूर्व चैंपियन क्रिस्टीन वोल्फ (2019), कामिले चेवालियर (2017) और कैरोलिन हेडवाल भी इसमें भाग लेंगी।

### भारतीय पुरुष टीम ने एशियाई टेबल टेनिस में कांस्य जीता

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष टीम गुरुवार को कजाकिस्तान के अस्ताना में चल रही एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में चीनी ताइपे से 0-3 से हार गई जिससे उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारतीय महिला टीम ने बुधवार को इसी प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था जो 1972 से शुरू हुई इस चैम्पियनशिप के इस वर्ग में देश का पहला पदक है। विश्व रैंकिंग में 42वें नंबर पर काबिज दिग्गज अचंता शरत कमल को दुनिया के सातवें नंबर के प्रतिद्वंद्वी लिन युन जू से कड़ी चुनौती मिली और वह 11-7, 12-10, 11-9 से पराजित हो गए। इसके बाद मानव ठक्कर को दुनिया के 22वें नंबर के खिलाड़ी काओ चेंग-जुई से शिकस्त झेलनी पड़ी। चीनी ताइपे के इस खिलाड़ी ने ठक्कर को 11-9, 8-11, 11-3, 13-11 से हरा दिया। भारतीय टीम 0-2 से पिछड़ रही थी। तीसरे मैच में हरमीत देसाई को भी निराशा का सामना करना पड़ा जो हुआंग यान-चेंग से 6-11, 9-11, 7-11 से हार गए। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) ने कहा हार के बावजूद भारतीय पुरुष टीम गर्व महसूस कर सकती है क्योंकि इस प्रतिष्ठित एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतना कोई छोटी उपलब्धि नहीं है।

# नडाल के साथ विदा होगा एक युग

## अगले महीने डेविस कप फाइनल्स के बाद टेनिस से संन्यास लेंगे राफेल नडाल

मैड्रिड, एजेंसी

22 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने गुरुवार को घोषणा की कि वह अगले महीने होने वाले डेविस कप फाइनल्स के बाद टेनिस को अलविदा कह देंगे। 38 वर्ष के नडाल से अधिक ग्रैंडस्लैम पुरूष वर्ग में नोवाक जोकोविच (24) ने जीते हैं जबकि रोजर फेडरर 20 बार विजेता रहे हैं। तीनों टेनिस के बिग थ्री कहे जाते रहे हैं।

स्पेन के नडाल ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की। उन्होंने संकेत दिया कि उन्होंने यह फैसला लगातार चोटों के कारण लिया है। नडाल ने कहा मैने जो कुछ भी अनुभव किया है, वह सपना सच होने जैसा है। मैं इस इत्मीनान के साथ जाऊंगा कि मैने अपनी ओर से पूरा प्रयास किया और सर्वश्रेष्ठ दिया। हकीकत यह है कि पिछले कुछ साल काफी कठिन रहे, खासकर पिछले दो साल। यह कठिन फैसला था जिसे लेने में मुझे कुछ समय लगा, लेकिन जीवन में हर चीज की एक शुरूआत और एक अंत होता है। लाल बजरी के बादशाह कहे जाने वाले नडाल ने लाल कोर्ट पर रिकॉर्ड 14 फ्रेंच ओपन खिताब जीते। रोलां गैरो कोर्ट के प्रवेश द्वार पर नडाल की प्रतिमा इसकी गवाह है कि उन्होंने इस पर अपने प्रदर्शन की छाप किस कदर छोड़ी है।



नडाल ने चार बार अमेरिकी ओपन और दो-दो बार विंबलडन और ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता है। उन्होंने आखिरी ग्रैंडस्लैम 2022 ऑस्ट्रेलियाई ओपन जनवरी में और जून में फ्रेंच ओपन जीता था। फेडरर ने 2022 सत्र के आखिर में 41 वर्ष की उम्र में संन्यास का ऐलान किया था। नडाल ने फेडरर और जोकोविच के खिलाफ खेलते हुए तस्वीरों के बीच कहा मैं समूचे टेनिस जगत और खेल से जुड़े हर व्यक्ति खासकर अपने पुराने प्रतिद्वंद्वियों को धन्यवाद देना चाहता हूं। डेविस कप के जरिये विदा लेने को लेकर वह काफी रोमांचित है। डेविस कप फाइनल्स स्पेन के मालागा में 19 नवंबर से खेला जाएगा। नडाल ने पेरिस ओलंपिक के बाद से नहीं खेला है जिसमें वह एकल वर्ग में जोकोविच से हार गए थे। मुझे लगता है कि यह उस कैरियर पर विराम लगाने का सही समय है जो इतना लंबा रहा और मैने जितना सोचा था, उससे ज्यादा सफल भी।

### फ्रेंच ओपन के बाद टेनिस को अलविदा कह देंगे रिचर्ड गास्केट

**पेरिस।** फ्रांस के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रिचर्ड गास्केट ने गुरुवार को कहा कि वह अगले साल होने वाले फ्रेंच ओपन के बाद संन्यास ले लेंगे। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी को अपने एक हाथ से लगाए गए बैकहैंड के लिए जाना जाता है लेकिन वह अभी तक अपने करियर में कोई ग्रैंड स्लैम खिताब नहीं जीत पाए हैं। गास्केट ने कहा मैं अगले साल फ्रेंच ओपन के बाद खेलना बंद कर दूंगा। मेरा मानना है कि यह मेरे लिए टेनिस से संन्यास लेने का सबसे उपयुक्त समय होगा। संन्यास लेने के लिए यह सर्वश्रेष्ठ टूर्नामेंट है। फ्रांस का खिलाड़ी होने के कारण हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें इस अविश्वसनीय टूर्नामेंट में संन्यास लेने का मौका मिलता है। खेल को अलविदा कहना आसान नहीं होता है जैसा कि सभी पूर्व खिलाड़ी कहा करते थे। आप नहीं जानते कि आपके करियर का कब और कहां अंत होगा।

# सिनर शंघाई मास्टर्स के सेमीफाइनल में, गॉफ वुहान ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**शंघाई।** इटली के शीर्ष रैंकिंग पर काबिज यानिक सिनर ने गुरुवार को यहां शंघाई मास्टर्स में पांचवीं रैंकिंग के दानिल मेदवेदेव को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



सिनर का यह सत्र का पांचवां एटीपी मास्टर्स सेमीफाइनल है। सिनर ने सिर्फ एक ब्रेक प्वाइंट का सामना किया और रूसी खिलाड़ी को 6-1, 6-4 से शिकस्त दी। अब उनका सामना दूसरे रैंकिंग के खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और टॉमस मचाक के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। वहीं वुहान ओपन में कोको गॉफ ने एक घंटे से ज्यादा चले मुकाबले में 17वीं रैंकिंग की मार्टा कास्तयुक को 6-4, 6-1 से शिकस्त देकर क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। गॉफ का सामना 45वीं रैंकिंग की माग्डा लिनेटे से होगा जिन्होंने आठवीं वरीयता प्राप्त दारिया कसातकिना को 6-2, 6-3 से हराया। तीसरी रैंकिंग जेसिका पेगुला को 51वीं रैंकिंग की वांग जिन्यु से 3-6, 5-7 से हार का सामना करना पड़ा। हेली बापटिस्टे को इकेटरीना एलेक्सांद्रोवा ने 6-1, 6-1 से पराजित किया। पेरिस ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता झेंग किनवेन ने लेला फर्नांडिज को 5-7, 6-3, 6-0 से और छठी रैंकिंग की जैस्मिन पाओलिनी ने एरिका आंद्रीवा को 6-3, 6-2 से शिकस्त दी।

# स्मृति और मैं पूर्व निर्धारित योजना के साथ नहीं उतरते : शेफाली वर्मा

**दुबई।** भारतीय बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने कहा कि वह और उनकी सलामी जोड़ीदार स्मृति मंधाना किसी विशेष प्रकार की गेंदबाजी के लिए मैदान पर पूर्व निर्धारित योजना के साथ मैच में नहीं उतरतीं जिससे उन्हें सफलता हासिल करने में मदद मिली है।

इन दोनों ने बुधवार को श्रीलंका पर भारत की 82 रन की शानदार जीत के दौरान 98 रन की साझेदारी की। मंधाना ने 50 रन की अपनी पारी के दौरान स्पिनरों को निशाना बनाया क्योंकि पहले वह आमतौर पर स्पिनरों को खेलने के लिए शेफाली पर निर्भर रहती थी। शेफाली ने मैच के बाद कहा जैसा कि आपने कहा कि हमारा संयोजन बहुत अच्छा है। अब हम पहले से तय नहीं रहते। जो भी उस दिन गेंद से बल्ला अच्छी तरह कनेक्ट कर रहा होता है तो हम उसे ज्यादा गेंद खेलने देते हैं। अभी वह स्पिनरों को बहुत अच्छी तरह से हिट कर रही है।

### पिता के निधन के कारण पाकिस्तान लौटेगी की फातिमा

**दुबई।** पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले महिला टी-20 विश्व कप के महत्वपूर्ण मैच में नहीं खेल पाएगी क्योंकि वह अपने पिता के निधन के कारण स्वदेश लौट रही हैं। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि वह फातिमा की जल्द से जल्द स्वदेश लौटने की व्यवस्था कर रहा है। उनके पिता का गुरुवार की सुबह निधन हो गया था। पीसीबी के एक अधिकारी ने कहा वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार को होने वाले मैच में नहीं खेल पाएगी। उनकी अनुपस्थिति में उप कप्तान मुनीबा अली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम की अगुवाई करेगी। 22 वर्षीय फातिमा ने टूर्नामेंट में अभी तक बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में अच्छा प्रदर्शन किया है।

# इंग्लैंड के 823 रन, बुक का तिहरा शतक

मुल्तान, एजेंसी

● टेस्ट क्रिकेट का 2553वां मैच रिकॉर्ड बुक में हुआ दर्ज
● 1997 में भारत के खिलाफ श्रीलंका ने बनाए थे 952 रन



‹‹ पाकिस्तान के खिलाफ विकेट लेने क बाद जश्न मनातीं इंग्लैंड की टीम। ● एजेंसी

टेस्ट क्रिकेट का 2553वां मैच रिकॉर्ड बुक में हमेशा अपना विशेष स्थान बनाए रखेगा क्योंकि इंग्लैंड ने पाकिस्तान के खिलाफ यहां खेले जा रहे मैच में अपनी पहली पारी सात विकेट पर 823 रन बनाकर समाप्त घोषित करके कुछ नए रिकॉर्ड बनाए।

यह टेस्ट क्रिकेट में केवल चौथा अवसर है जबकि किसी टीम में 800 से अधिक रन बनाए। यह टेस्ट क्रिकेट में चौथा बड़ा स्कोर भी है। रिकार्ड श्रीलंका के नाम पर है जिसने 1997 में भारत के खिलाफ छह विकेट पर 952 रन बना कर अपनी पारी समाप्त घोषित की थी। श्रीलंका ने तब टेस्ट क्रिकेट में सर्वोच्च स्कोर के इंग्लैंड के रिकॉर्ड को तोड़ा था जिसने 1938 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी पारी सात विकेट पर 903 रन बनाकर समाप्त घोषित की थी। इंग्लैंड ने इससे पहले 1930 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 849 रन बनाए थे। जो रूट ने 262 रन बनाकर अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। इस दौरान वह इंग्लैंड की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने एलिस्टेयर कुक को पीछे छोड़ा। वह टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग, जाक कैलिस और राहुल द्रविड़ के बाद पांचवें स्थान पर पहुंच गए हैं। हैरी ब्रूक ने 317 रन की बड़ी पारी खेली जो टेस्ट क्रिकेट में किसी एक पारी में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर की सूची में संयुक्त रूप से 20वें नंबर पर है। वह टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक बनाने वाले इंग्लैंड के छठे बल्लेबाज बन हैं। यह 1990 में ग्राहम गूच के भारत के खिलाफ लगाए गए तिहरे शतक के बाद पहला अवसर है जबकि इंग्लैंड के किसी बल्लेबाज ने यह उपलब्धि हासिल की।

## बॉलीवुड हलचल

# भूल भुलैया 3 के ट्रेलर ने बनाया रिकॉर्ड, 24 घंटे में 155 मिलियन व्यूज




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन की आने वाली फ़िल्म भूल भुलैया 3 के ट्रेलर ने रिकॉर्ड बना दिया है और 24 घंटे में 155 मिलियन से ज्यादा व्यूज हासिल कर लिए हैं। भूल भुलैया 3 का ट्रेलर अब रिलीज हो गया है और यह हर जगह पसंद किया जा रहा है। फिल्म की टीम ने राज मंदिर सिनेमा जयपुर में ट्रेलर के साथ प्रमोशनल कैंपेन की शुरुआत की, जिसके चलते फिल्म को लेकर चर्चा जोरों पर है। ट्रेलर ने सिर्फ 24 घंटे में 155 मिलियन व्यूज हासिल कर लिए हैं, जो इसे सबसे ज्यादा देखा जाने वाला ट्रेलर बनाता है। इसे हर तरफ से काफी तारीफ मिल रही है और यह अब तक का सबसे ज्यादा देखा गया ट्रेलर बन गया है, जिसने सिर्फ 24 घंटे में 155 मिलियन से ज्यादा व्यूज हासिल किए है। कार्तिक आर्यन के साथ तृप्ति डिमरी, विद्या बालन और माधुरी दीक्षित भी नज़र आएंगी। इसे अनीस बज्मी ने निर्देशित किया है और भूषण कुमार ने इसे प्रोड्यूस किया है। 1 नवंबर को ग्रैंड रिलीज में लिए तैयार है।

# 70 बरस की हुई अभिनेत्री रेखा, 1966 में आई थी पहली फिल्म



**मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री रेखा आज 70 वर्ष की हो गई। 10 अक्टूबर 1954 को मद्रास में जन्मीं रेखा (मूल नाम भानुरेखा गणेशन) को अभिनय की कला विरासत में मिली रेखा के पिता जैमिनी गणेशन अभिनेता और मां पुष्पावली जानी-मानी फिल्म अभिनेत्री थीं। घर में फिल्मी माहौल से रेखा का रूझान फिल्मों की ओर हो गया और वह भी अभिनेत्री बनने के ख्वाब देखने लगीं। रेखा ने अपने करियर की शुरूआत बाल कलाकार के रुप में वर्ष 1966 में प्रदर्शित तेलुगु फिल्म रंगुला रतनम से की। रेखा ने अभिनेत्री के रूप में अपने करियर की शुरूआत कन्नड़ फिल्म गोदाली सी .आई .डी 999 से की। फिल्म में उनके नायक की भूमिका सुपरस्टार डा .राजकुमार ने निभाई थी। हिंदी फिल्मों में रेखा ने अनजाना फिल्म से अपने अभिनय की शुरूआत की। अरसे बाद यह फिल्म दो शिकारी के नाम से प्रदर्शित हुई। फिल्म टिकट खिड़की पर असफल साबित हुई। बतौर अभिनेत्री के रुप में उनके सिने करियर की शुरूआत 1970 में प्रदर्शित फिल्म सावन भादो से हुई। फिल्म में उनके नायक की भूमिका नवीन निश्चल ने निभाई। वर्ष 1976 में प्रदर्शित फिल्म दो अनजाने उनके करियर की महत्वपूर्ण फिल्म साबित हुयी। सही मायनों में अभिनेत्री के रूप में उनकी यह पहली फिल्म थी। इस फिल्म में पहली बार उन्हें अमिताभ बच्चन के साथ काम करने का मौका मिला। वर्ष 1978 में प्रदर्शित फिल्म घर रेखा के सिने करियर के लिये अहम फिल्म साबित हुयी। इस फिल्म में दमदार अभिनय के लिये वह पहली बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित की गईं।

# रतन टाटा ने अमिताभ को लेकर बनाई थी ऐतबार



मुंबई। प्रसिद्ध उद्योगपति एवं टाटा संस के मानद अध्यक्ष पद्म विभूषण रतन एन टाटा ने महानायक अमिताभ बच्चन को लेकर फिल्म ऐतबार बनाई थी। भारत मे दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का बुधवार की रात निधन हो गया। वैसे तो उन्हें उद्योगपति के तौर पर जाना जाता है लेकिन रतन टाटा ने एक बॉलीवुड फिल्म को भी प्रोड्यूस किया था। रतन टाटा ने वर्ष 2004 में फिल्म प्रोडक्शन में कदम रखा। उन्होंने टाटा इन्फोमीडिया के बैनर तले साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म ऐतबार बनाई थी। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, जॉन अब्राहम, बिपाशा बासु और सुप्रिया पिलगांवकर की अहम भूमिका निभाई थी। फिल्म का निर्देशन विक्रम भट्ट ने किया था। फिल्म ऐतबार वर्ष 1996 में प्रदर्शित अमेरिकन फिल्म फियर से प्रेरित थी। फिल्म ऐतबार में अमिताभ ने एक ऐसे प्रोटेक्टिव पिता का किरदार निभाया था, जो बेटी को उसके सनकी और खतरनाक बॉयफ्रेंड से बचाने के लिए किसी भी हद तक चला जाता है। यह फिल्म अपनी लागत भी वसूल नहीं कर पाई। रतन टाटा को काफी कसान हुआ था। इस फिल्म के बाद रतन टाटा ने अपनी जिंदगी में कभी कोई फिल्म नहीं बनाई। इस तरह ऐतबार रतन टाटा की बनाई गई पहली और आखिरी फिल्म साबित हुई।

# रणजी में यूपी आज बंगाल के खिलाफ शुरू करेगा अभियान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● राजधानी में 18 साल के बाद दोनों टीमें होगी आमने-सामने

**अमृत विचार :** रणजी के रण में यूपी टीम शुक्रवार से अभियान की शुरुआत इकाना स्टेडियम में करेगी। इस बार पहले मुकाबले में उसके सामने पश्चिम बंगाल की टीम होगी। लखनऊ में 18 साल बाद यह दोनों टीमें एक-दूसरे के आमने-सामने होगी।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में 18 वर्ष पूर्व इस टीम को फाइनल में हरा कर यूपी टीम चैंपियन बनी थी। इस मुकाबले के लिए यूपी टीम ने पिछले दस दिनों से इकाना स्टेडियम में अभ्यास कर रही थी। उधर, पश्चिम बंगाल टीम भी इस सत्र में जीत से आगाज करना चाहेगा। पिछले सत्र में उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। मुकाबले से एक दिन पूर्व भी दोनों टीमों ने आज इकाना स्टेडियम में जमकर अभ्यास किया। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने इस बार यूपी टीम की कमान विकेटकीपर बल्लेबाज आर्यन जुयाल को सौंपी हैं। आर्यन ने पिछले रणजी सत्र में सबसे अधिक रन बनाये थे।


### टीमें इस प्रकार हैं

**उत्तर प्रदेश :** आर्यन जुयाल (कप्तान), आदित्य शर्मा, आकिब खान, स्वास्तिक चिकारा, प्रियम गर्ग, माधव कौशिक, कृतज्ञ सिंह, अक्षदीप नाथ, विप्रज निगम, अंकित राजपूत, नीतिश राना, सौरभ कुमार, शिवम शर्मा, सिद्धार्थ यादव, विजय कुमार, यश दयाल।

**पश्चिम बंगाल :** ए. मजूमदार (कप्तान), अभिषेक पोरेल, आकाश दीप, सुदीप चटर्जी, डब्ल्यू. चटर्जी, अभिमन्यु ईश्वरन, आमिर गनी, सुदीप कुमार घरामी, एवलिन घोष, सूरज सिंधु जायसवाल, मोहम्मद कैफ, मुकेश कुमार, प्रदीपता प्रमनिक, रिषव विवेक, रोहित कुमार, रिद्धिमान साहा, शाहबाज अहमद, शुवम डे, युद्धजीत।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- अनिल त्रिगुणायत* 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# मोदी ने रामायण का लाओ संस्करण देखा, बौद्ध भिक्षुओं से लिया आशीर्वाद



लाओस में बौद्ध भिक्षुओं को नमन करते प्रधानमंत्री मोदी।

## आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए लाओस पहुंचे प्रधानमंत्री, आध्यात्मिक गुरुओं से मिले

विएंतियान, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को रामायण के लाओ संस्करण की प्रस्तुति देखी, जो भारत और लाओस के बीच साझा विरासत एवं सदियों पुराने सभ्यतागत संबंधों को दर्शाता है। मोदी आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए लाओस की राजधानी में हैं।

विएंतियान पहुंचने के बाद उन्होंने लाओ रामायण फलक फालम की एक कड़ी का मंचन देखा। फ्रलकफ्रराम डॉट कॉम के मुताबिक लाओ रामायण मूल भारतीय संस्करण से अलग है। बौद्ध समूहों के माध्यम से यह 16वीं शताब्दी के आसपास लाओस पहुंचा था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि साझा विरासत और परंपरा दोनों देशों को करीब ला रही है। यह प्रस्तुति भारत-लाओस के समृद्ध और साझा जुड़ाव का एक उत्कृष्ट प्रदर्शन थी। लाओस में सदियों से भारतीय संस्कृति और परंपरा के विभिन्न पहलुओं का पालन एवं संरक्षण किया जा रहा है। इससे पहले, मोदी ने लाओ पीडीआर के केंद्रीय बौद्ध फेलोशिप संगठन के वरिष्ठ बौद्ध भिक्षुओं के आशीर्वाद समारोह में हिस्सा लिया।

### जापान, न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री से भी मिले

**लाओस।** प्रधानमंत्री मोदी ने अपने जापानी समकक्ष शिगेरू इशिबा के साथ बैठक की, जिसमें उन्होंने बुनियादी ढांचे, संपर्क और रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने विएंतियान में आसियान-भारत शिखर सम्मेलन से इतर न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से भी मुलाकात की।



रामायण फलक फालम की एक कड़ी का मंचन देखते प्रधानमंत्री।

### चीन ने क्षेत्रीय मामलों में हस्तक्षेप के लिए बाहरी ताकतों को दोषी ठहराया

**लाओस।** दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के नेताओं ने विवादित दक्षिण चीन सागर में झड़पों के बाद चीन पर अंतर्राष्ट्रीय कानून का सम्मान करने के लिए दबाव दिया लेकिन चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग ने क्षेत्रीय मामलों में हस्तक्षेप करने के लिए बाहरी ताकतों को दोषी ठहराया। ली के साथ दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के 10 सदस्यीय संघ (आसियान) की बैठक हाल में चीन और आसियान सदस्यों फिलीपीन और वियतनाम के बीच हिंसक झड़पों के बाद हुई।

---

## एक नजर

### पूर्व सांसद मोहिबुर रहमान न्यायिक हिरासत में

**ढाका।** बांग्लादेश के पूर्व सांसद मोहिबुर रहमान माणिक को अगले सोमवार को उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई होने तक गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गई है। ढाका ट्रिब्यून के अनुसार, माणिक को सुनामगंज के न्यायिक मजिस्ट्रेट मोहम्मद आलमगीर की अदालत में पेश किया गया जहां उन्हें सुनामगंज जिला जेल में स्थानांतरित करने का आदेश दिया गया। पूर्व सांसद को मंगलवार रात ढाका के बशुंधरा आवासीय क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया था।।

### ट्रम्प ने फॉक्स न्यूज के प्रस्ताव को किया खारिज

**वाशिंगटन।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अक्टूबर के अंत में राष्ट्रपति पद के लिए बहस की मेजबानी करने के फॉक्स न्यूज के प्रस्ताव को खारिज किया और दावा किया कि तत्कालीन डेमोक्रेटिक उम्मीदवार जो बाइडन और वर्तमान डेमोक्रेटिक उम्मीदवार उम्मीदवार कमला हैरिस के खिलाफ पिछली दो जीत के बाद बहस करने के लिए कुछ भी नहीं बचा है। ट्रम्प ने बुधवार को ट्रुथ सोशल के माध्यम से कहा, मैंने पिछली दो बहसें जीतीं... प्रक्रिया में बहुत देर हो चुकी है, मतदान पहले ही शुरू हो चुका है और यह दोबारा नहीं होगा।

### सीमा अवरुद्ध करने पर द. कोरिया ने की निंदा की

**सोल।** दक्षिण कोरियाई एकीकरण मंत्रालय ने उत्तर कोरिया की ओर से सीमावर्ती राज्य के साथ सभी सड़क और रेल संपर्क काटने के निर्णय की गुरुवार को कड़ी निंदा की। दक्षिण कोरिया ने इसे एकीकरण विरोधी कृत्य बताया है। योनहाप समाचार एजेंसी ने मंत्रालय के हवाले से कहा हम उत्तर कोरिया के इस कदम की कड़ी निंदा करते हैं, क्योंकि यह एकीकरण विरोधी और राष्ट्र विरोधी कृत्य है, जो उत्तर कोरिया में हमारे लोगों और निवासियों की एकीकरण की आकांक्षा को नकारता है।

### संरा के कई अधिकारी बांग्लादेश का करेंगे दौरा

**ढाका।** बांग्लादेश में संयुक्त राष्ट्र के उच्च अधिकारियों की यात्रा जल्द होने वाली है, जिसमें मानवाधिकार उच्चायुक्त वॉल्कर टर्क भी शामिल हैं। यह यात्रा बांग्लादेश में मानवाधिकार की स्थिति पर चर्चा करने और सुधार करने के लिए महत्वपूर्ण होगी। 'ढाका ट्रिब्यून' ने बांग्लादेश और अमेरिका के अधिकारियों के हवाले से बताया कि उन्होंने अपनी यात्रा के दो मुख्य कारण बताए।

### समर्थन जुटाने ब्रिटेन व नाटो नेताओं से मिल रहे जेलेंस्की

**लंदन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस के खिलाफ युद्ध के लिए अपनी शांति योजना पर ब्रिटेन और नाटो के नेताओं के साथ बातचीत के लिए गुरुवार को लंदन पहुंचे। जेलेंस्की ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीअर स्टॉर्मर और नाटो महासचिव मार्क रूते से मुलाकात करेंगे। उसके बाद वह राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों से मिलने के लिए पेरिस की यात्रा करेंगे। जेलेंस्की ने कहा कि वह योजना पर चर्चा के लिए इस सप्ताह जर्मनी और इटली के नेताओं से भी मुलाकात करेंगे।

---

# स्कूल पर हमला, 28 की मौत

## जान गंवाने वालों में महिलाएं और बच्चे, इजराइल ने कहा- आतंकवाद का केंद्र था स्कूल

काहिरा, एजेंसी



स्कूल की ध्वस्त हुई बिल्डिंग से बाहर भागते बच्चे व अन्य लोग।

मध्य गाजा पट्टी में विस्थापित व्यक्तियों को आश्रय देने वाले एक स्कूल पर गुरुवार अपराह्न इजराइली हवाई हमले में कम से कम 28 फिलिस्तीनी मारे गये और 54 अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी (पीआरसीएस) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि उसकी टीमों ने दीर अल-बलाह शहर में पीआरसीएस मुख्यालय के पास स्थित राफिदा स्कूल को इजराइली सेना द्वारा निशाना बनाये जाने के बाद हताहतों की मदद की।

चिकित्सा कर्मियों ने बताया कि एम्बुलेंस कर्मियों और नागरिक सुरक्षा तंत्र ने बच्चों और महिलाओं सहित कई लोगों के शव बरामद किये, जिनमें से कुछ के शरीर के टुकड़े-टुकड़े हो गये थे। इस बीच, इजराइली सेना ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उसने दीर अल-बलाह में राफिदा स्कूल के परिसर में एक कमांड और नियंत्रण केंद्र के अंदर आतंकवादियों को निशाना बनाकर सटीक हमला किया। सेना ने बताया कि इस केंद्र का इस्तेमाल इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) के सैनिकों और इजरायल के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए किया गया था। उसने हमास पर नागरिक आबादी के भीतर से काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के जोखिम को कम करने के लिए कई कदम उठाये गये, जिसमें गोला-बारूद का सटीक उपयोग, हवाई निगरानी और अतिरिक्त खुफिया जानकारी (हमले से पहले) शामिल हैं। गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा गुरुवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, हमास के हमले के जवाब में गाजा में चल रहे इजराइली सैन्य अभियानों में 42,065 लोगों की मौत हुई है और 97,886 अन्य घायल हुए हैं।

### इजराइल पर 360 गोले दागे

**यरूशलम।** आईडीएफ ने कहा कि लेबनानी शिया आंदोलन हिजबुल्लाह ने इजराइल की ओर 360 गोले दागे, जिनमें से लगभग 220 इजराइली क्षेत्र में पहुंचे। 9 अक्टूबर 23:00 बजे तक, हिजबुल्ला आतंकवादी संगठन ने लेबनान से इजराइली क्षेत्र की ओर 360 गोले दागे गए।

### मध्य बेरूत में इजराइली हमलों में 11 की मौत, 48 अन्य घायल

**दीर अल-बलाह।** मध्य बेरूत के दो अलग-अलग इलाकों में गुरुवार शाम इजराइल के हवाई हमलों में 11 लोगों की मौत हो गई और 48 अन्य घायल हुए हैं। पहला हमला रास अल-नबा इलाके में हुआ। ऐसा प्रतीत होता है कि यह विस्फोट आठ मंजिला इमारत के निचले हिस्से में हुआ। वहीं, दूसरा हमला बुर्ज अबी हैदर क्षेत्र में हुआ, जहां एक पूरी इमारत ढह गई और आग की लपटों में घिर गई। इजराइल की सेना ने इस संबंध में फिलहाल कोई बयान जारी नहीं किया है।

### लेबनान के असैन्य सुरक्षा केंद्र पर पांच स्वास्थ्यकर्मियों की मौत

**बेरूत।** दक्षिणी लेबनान के दरदघया शहर में बुधवार को एक लेबनानी असैन्य सुरक्षा केंद्र पर इजराइली हवाई हमले में वहां कार्यरत पांच स्वास्थ्यकर्मी मारे गए। नागरिक सुरक्षा प्रवक्ता एली खैरल्ला ने यह जानकारी दी। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी एक बयान में इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि इजराइल ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों, मानदंडों और मानवीय समझौतों की अवहेलना करते हुए बुधवार की रात फिर से बचाव दल और एम्बुलेंस कर्मचारियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है।

---

## लौकिक नैतिकताओं से प्रभावित हुए बिना कानूनी निर्णय लें न्यायाधीश

**नई दिल्ली।** प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि न्यायाधीशों से संवैधानिक और कानूनी प्रश्नों पर निर्णय करते समय लौकिक नैतिकता से अप्रभावित होकर कार्य करने की अपेक्षा की जाती है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने भूटान में जिग्मे सिंग्ये वांगचुक व्याख्यान श्रृंखला के तहत भूटान डिस्टिंग्विश्ड स्पीकर्स फोरम को संबोधित किया। प्रधान न्यायाधीश ने न्यायपालिका की विश्वसनीयता और अदालतों में संस्थागत विश्वास के विषय पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि न्यायालयों में संस्थागत विश्वास और उनकी विश्वसनीयता ही एक समृद्ध संवैधानिक व्यवस्था का आधार है और न्यायालय सीधे तौर पर लोगों के ट्रस्टी के रूप में संसाधनों को अपने पास नहीं रखते हैं। न्यायिक शाखा की विश्वसनीयता के लिए जनता का भरोसा बहुत जरूरी है, जो अन्यथा अपने कामकाज में जनता की राय से अलग रहती है - जैसा कि होना भी चाहिए। भारतीय उच्चतम न्यायालय को इस बात पर गर्व है कि वह जनता की अदालत है।




---

# अमेरिका से लेकर ब्रिटेन तक टाटा को श्रद्धांजलि

* लंदन में इंडिया आल पार्टी पार्लियामेंटरी ग्रुप ने किया याद

लंदन, एजेंसी



ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने जानेमाने उद्योगपति रतन टाटा के 86 वर्ष की आयु में निधन की मुंबई से सूचना आने पर उनकी स्मृति में कुछ पल का मौन रखा। बुधवार को लंदन में संसद भवन के पास भारतीय उच्चायोग और इंडिया आल पार्टी पार्लियामेंटरी ग्रुप (एपीपीजी) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित पूर्व-निर्धारित दिवाली कार्यक्रम के दौरान, दोरईस्वामी ने टाटा समूह के अध्यक्ष को भारत-ब्रिटेन साझेदारी का महान समर्थक बताते हुए श्रद्धांजलि दी।

सांसदों, उद्यमियों और समुदाय के नेताओं की एक सभा को संबोधित करते हुए दोराईस्वामी ने कहा मैं बहुत दुख के साथ भारत के जानेमाने उद्योगपतियों में से एक रतन टाटा के निधन की खबर साझा कर रहा हूं। उनके लिए मुंबई/भारत और लंदन/ब्रिटेन दोनों ही घर थे।

उन्होंने भारत-ब्रिटेन साझेदारी की भावना को हर चीज में समाहित किया - एयर इंडिया से लेकर, जगुआर लैंड रोवर (जेएलआर) से ताज होटल से लेकर टाटा स्टील तक वास्तव में हर चीज में, जिसमें ब्रिटेन में एक बैटरी कारखाने में निवेश का उनका निर्णय भी शामिल है।

### गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई बोले- प्रेरणादायक था दृष्टिकोण

**वाशिंगटन।** गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, रतन टाटा के साथ गूगल में मेरी आखिरी मुलाकात में हमने वेमो की प्रगति के बारे में बात की और उनका दृष्टिकोण प्रेरणादायक था। वह एक असाधारण व्यवसाय और परोपकारी विरासत छोड़ गए हैं। उन्होंने भारत में आधुनिक व्यावसायिक नेतृत्व को मार्गदर्शन प्रदान करने और विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमेरिका-भारत व्यापार परिषद के अध्यक्ष अतुल केशप ने कहा कि पद्म विभूषण से सम्मानित रतन टाटा भारत के अद्वितीय और महान पुत्र, कुलीनता और उदारता के प्रतीक थे।

---

## ताइवान ने चीन की धमकियों के बीच मनाया राष्ट्रीय दिवस

**ताइपे।** ताइवान ने चीन से मिलने वाली धमकियों के बीच गुरुवार को अपना राष्ट्रीय दिवस मनाया। चीन स्वशासित द्वीपीय गणराज्य को अपना क्षेत्र बताकर उस पर दावा करता रहा है। यह उत्सव चीन गणराज्य की स्थापना का प्रतीक है, जिसने 1911 में छिंग राजवंश को उखाड़ फेंका था। 1949 में गृह युद्ध के बाद माओत्से तुंग के कम्युनिस्टों ने मुख्य भूमि पर कब्जा जमा लिया था। 1980 और 1990 के दशक में पूर्ण लोकतंत्र को अपनाने तक ताइवान में मार्शल लॉ लागू था, लेकिन वहां चीन से लाया गया मूल संविधान और चीनी गणराज्य का ध्वज भी कायम था। राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी के आठ साल के शासन को जारी रखते हुए मई में पदभार संभाला। यह पार्टी ताइवान को चीन का हिस्सा मानने से इनकार करती है।

## बांग्लादेश में कड़ी सुरक्षा के बीच दुर्गा पूजा उत्सव शुरू



ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में मंदिरों और मंडपों में कड़ी सुरक्षा के बीच दुर्गा पूजा उत्सव बुधवार को शुरू हुआ। अंतरिम सरकार ने गुरुवार को सप्तमी के अवसर पर आधिकारिक अवकाश की घोषणा की। बांग्लादेश में पांच दिवसीय दुर्गा पूजा उत्सव का समापन रविवार को देवी दुर्गा की मूर्तियों के विसर्जन के साथ होगा। अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद यूनुस के रविवार को प्रमुख शक्ति पीठों में से एक ढाकेश्वरी मंदिर का दौरा करने की उम्मीद है। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद नेता काजोल देबनाथ ने कहा हम आज दूसरे दिन (सप्तमी) दुर्गा पूजा उत्सव मना रहे हैं।

## मुइज्जू ने आर्थिक सहायता के लिए भारत का जताया आभार

**माले।** मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत की आर्थिक सहायता एवं लगातार समर्थन के लिए गुरुवार को आभार जताया। पत्नी साजिदा मोहम्मद के साथ भारत की पांच दिन की राजकीय यात्रा समाप्त कर वापस लौटे राष्ट्रपति ने मालदीव को, विशेष तौर पर मुश्किल समय में, आर्थिक सहायता देने और लगातार समर्थन करने के लिए भारत के प्रति आभार जताया।

पदभार ग्रहण करने के बाद मुइज्जू की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के निमंत्रण पर यह पहली भारत यात्रा थी। यात्रा के दौरान, मुइज्जू ने राष्ट्रपति मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत सरकार के कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठकें कीं।

## मानवाधिकार परिषद के लिए 18 नए सदस्य देश चयनित

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 47 सदस्यीय मानवाधिकार परिषद के लिए 2025-2027 के कार्यकाल के लिए 18 नए सदस्य देशों का चुनाव किया है। संयुक्त राष्ट्र ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि 18 देशों में बेनिन, बोलीविया, कोलंबिया, साइप्रस, चेकिया, कांगो, इथियोपिया, गाम्बिया, आइसलैंड, केन्या, मार्शल द्वीप, मैक्सिको, उत्तरी मैसेडोनिया, कतर, कोरिया गणराज्य, स्पेन, स्विट्जरलैंड और थाईलैंड शामिल हैं, जिन्हें मतदान द्वारा चुना गया है। इन सभी देशों को एक जनवरी, 2025 से तीन वर्षों के कार्यकाल के लिए चयनित किया गया है और उन सदस्य देशों का स्थान लेंगे जिनका कार्यकाल 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त होने वाला है। सभी निवर्तमान सदस्य देश अर्जेंटीना, बेनिन, कैमरून, इरीट्रिया, फिनलैंड, गाम्बिया, होंडुरास, भारत, कजाकिस्तान, लिथुआनिया, लक्जमबर्ग, मलेशिया, मोंटेनेग्रो, पैराग्वे, कतर, सोमालिया, संयुक्त अरब अमीरात और अमेरिका तत्काल पुनः निर्वाचन के लिए पात्र हैं, उन देशों को छोड़कर जिन्होंने लगातार दो कार्यकाल पूरे किए है।

### संरा ने टॉम फ्लेचर को नया मानवीय प्रमुख नियुक्त किया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने पूर्व ब्रिटिश राजनयिक टॉम फ्लेचर को विश्व निकाय का नया मानवीय प्रमुख नियुक्त किया। वर्तमान में ऑक्सफोर्ड के हर्टफोर्ड कॉलेज के प्रिंसिपल और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के कॉन्फ्रेंस ऑफ कॉलेजेज के उपाध्यक्ष फ्लेचर अपने ब्रिटिश साथी मार्टिन ग्रिफिथ्स का स्थान लेंगे।

## फ्लोरिडा में तूफान ने मचाई तबाही, पांच लोगों की मौत

**टैम्पा (अमेरिका)।** तूफान मिल्टन अमेरिका के फ्लोरिडा में तबाही मचाने और तेज हवाओं एवं बारिश के साथ क्षेत्र के शहरों को तबाह करने के बाद, गुरुवार को अटलांटिक महासागर में प्रवेश कर गया। तूफान के कारण कम से कम पांच लोगों की मौत हुई है। तूफान (हरीकेन) मिल्टन बुधवार रात टैम्पा से लगभग 112 किलोमीटर दक्षिण स्थित सिएस्टा तट पर श्रेणी-तीन के तूफान के रूप में टकराया था। तूफान के कारण फ्लोरिडा में 34 लाख से अधिक घरों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। हालांकि, तूफान के कारण बहुत नुकसान हुआ है लेकिन गवर्नर रॉन डेसेंटिस ने कहा कि यह सबसे बुरी स्थिति नहीं है। टैम्पा में जिस प्रलयकारी तूफान की आशंका थी, वैसा देखने को नहीं मिला।

---

## मरियम ने भारत से जलवायु कूटनीति का किया आह्वान

* दोनों देशों में प्रदूषण के कारण होने वाले स्मॉग के प्रभाव से निपटने की बात कही

लाहौर, एजेंसी

पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने दोनों देशों में प्रदूषण के कारण होने वाले स्मॉग के प्रभाव को कम करने के लिए भारत के साथ जलवायु कूटनीति का आह्वान किया है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत और भारत के पंजाब राज्य के साथ-साथ उत्तर-पश्चिम भारत के कई अन्य इलाकों में लोगों को हर साल अक्टूबर से फरवरी के महीनों के दौरान भारी वायु प्रदूषण का सामना करना पड़ता है।

लाहौर और नयी दिल्ली नियमित रूप से इस मौसम में दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में शामिल होते हैं, जब किसान सर्दियों की फसल की तैयारी से पहले पराली जलाते हैं। मरियम ने बुधवार को जलवायु परिवर्तन 'लीडरशिप इंटर्नशिप' कार्यक्रम में कहा, भारत और पाकिस्तान दोनों को पंजाब को स्मॉग से निपटने के लिए संयुक्त प्रयास करने चाहिए।

### धुएं और कोहरे के संयोजन को कहते हैं स्मॉग

धुएं और कोहरे के संयोजन को स्मॉग उपनाम से जाना जाता है। यह एक विशिष्ट घटना है जो तब होती है जब कुछ प्रदूषणकारी सूक्ष्म कण ठंडी, नम हवा के साथ मिल जाते हैं और जमीन के करीब रह जाते हैं, जिससे दृश्यता कम हो जाती है और स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं पैदा होती हैं।

## चीन में 30 करोड़ बुजुर्ग राष्ट्रपति बोले- देखभाल को प्राथमिकता दें

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने गुरुवार को अपनी पार्टी को देश में बुजुर्गों की तेजी से बढ़ती आबादी पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया। चीन में बुजुर्गों की संख्या 30 करोड़ हो गई है, जिससे विवाह और जन्मदर में गिरावट के कारण जनसांख्यिकीय संकट बढ़ गया है। चीन की 60 वर्ष और उससे अधिक उम्र की आबादी 2023 के अंत तक 30 करोड़ हो गई। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, अनुमान है कि यह 2035 तक 40 करोड़ से अधिक हो जाएगी और 2050 तक इसके 50 करोड़ पर पहुंच जाने की संभावना है। चीन में शुक्रवार को वरिष्ठ नागरिक दिवस मनाया जाता है। शी ने बुजुर्ग लोगों को शुभकामनाएं देते हुए बुजुर्गों से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देने का आग्रह किया।


---

खगोल विज्ञान | चट्टानी एक्सोप्लैनेट वातावरण का पता लगाने की विधि खोजी

# पृथ्वी जैसे जीवनयोग्य ग्रहों का पता लगाना होगा आसान

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने चट्टानी एक्सोप्लैनेट वातावरण का पता लगाने का एक नया तरीका खोज निकाला है। नई तकनीक से पृथ्वी जैसे जीवनयोग्य ग्रहों का पता लगाना आसान हो जाएगा। शिकागो विश्वविद्यालय के पीएचडी छात्र किआओ ज़ू के नेतृत्व में नई विधि खोजी गई है। ज्ञात हो अब तक खोजे गए एक्सोप्लैनेट की कुल संख्या 5288 है।



इस तरह से पता लगेगा किसी भी ग्रह के वातावरण के बारे में।

उनमें से कई चट्टानी, पृथ्वी जैसे एक्सोप्लैनेट हैं लेकिन उनमें से किसी में भी वायुमंडल नहीं है। साथ ही अनेक गैसीय हैं। चट्टानी ग्रहों के वातावरण का पता लगाना बड़ा चुनौतीपूर्ण कार्य है । मगर शोधकर्ताओं की टीम का मानना है कि अब उन्हें नई सरल तकनीक मिल गई हैं। इसमें ग्रह के पीछे से गुजरने से ठीक पहले किसी तारे और एक्सोप्लैनेट के संयुक्त तापमान को मापा जा सकता श है। इस विधि से ग्रह के तापमान व वातावरण का आसानी से पता लगाया जा सकता है। नई तकनीक से सुदूर तारों के आसपास अन्य ग्रहों को खोजने से ब्रह्मांड में जीवन की संभावना के बारे में और अधिक समझने में मदद मिल सकती है। जिससे जीवनयोग्य ग्रह की जानकारी संभव हो सकेगी। आधुनिक खगोल विज्ञान में किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश सर्वाधिक रोमांचक चुनौती है। नई तकनीक की पुष्टि के लिए वैज्ञानिकों ने 41 प्रकाश वर्ष दूर जी जे 1132 बी नामक ग्रह का अध्ययन किया। अध्ययन के बाद निष्कर्ष निकाला कि इस ग्रह ओर वायुमंडल नहीं है। ग्रह के तापमान की गणना के बाद नई तकनीक की पुष्टि हो सकी।

### अधूरी है जीवन की तलाश

किसी दूसरे ग्रह पर जीवन की तलाश का सपना अभी तक साकार नही हो सका है। कई दशकों से खगोल वैज्ञानिक जीवन योग्य ग्रह की तलाश में जुटे हैं। कई ग्रहों पर सूक्ष्म जीवन की पुष्टि हुई है, लेकिन मानव जैसे बुद्धिमान जीवन की तलाश नही हो सकी है। वैज्ञानिकों को पूर्ण विश्वास है कि इतने विशाल में हम अकेले नही हो सकते।